सुप्रभात
रांची, गुरुवार
04.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, दसवी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 260 12

कांग्रेस छोड़ बॉक्सर विजेंद्र सिंह भाजपा में शामिल




## वायनाड में नामांकन कर भाजपा और आरएसएस पर भड़के राहुल

# संविधान व लोकतांत्रिक ढांचे को किया जा रहा नष्ट

**ये चुनाव लोकतंत्र की लड़ाई**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को ह्यनष्ट करने की कोशिश का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और एआइसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है।



### लोकतंत्र व संविधान को बचाना होगा

राहुल गांधी ने कहा, एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं। वहीं दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

**भारत मां की आवाज दबने नहीं दूंगा :** बाद में सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट में गांधी ने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र को नफरत, भ्रष्टाचार और अन्याय की उन ताकतों से बचाने की लड़ाई है जो भारत माता की आवाज को दबाना चाहते हैं। मैं, इंडिया' के प्रत्येक सदस्य के साथ, यह लड़ाई जीतने तक चैन से नहीं बैठूंगा। हम अपने राज्यों के संघ को मजबूत करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक प्रत्येक नागरिक को एक साथ लायेंगे।

### वायनाड के लोगों का आभारी हूं

राहुल गांधी ने कहा, मैं वायनाड के लोगों के अटूट समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार यहां आया तो वायनाड के लोगों से प्रभावित हआ क्योंकि उन्होंने अपनी राजनीतिक संबद्धताओं, समुदाय में मतभेदों आदि के बावजूद उन्हें भरपूर प्यार दिया। यहां के लोगों को अपनी बहन प्रियंका की तरह अपने परिवार के सदस्यों के रूप में मानते हैं, न कि एक मतदाता के रूप में। वह वायनाड के लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## इंडी के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर : भाजपा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि 'इंडी अलायंस' के आधे नेता तो भ्रष्टाचार और अन्य मामलों में जेल में हैं और आधे बेल' (जमानत) पर हैं। ऐसे में वे लोग किस मुंह से देश और संविधान बचाने की बात कर सकते हैं। श्री नड्डा झालावाड़ में भाजपा की चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इनको (इंडी गठबंधन) देश से कोई लेना देना नहीं है। ये परिवार बचाने में लगे हैं। अपनी पार्टियां बचाने में लगे हैं। सभी भ्रष्टाचारी एकजुट हो गये हैं। इसके विपरीत, भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने का काम कर रही है। श्री नड्डा ने कहा, आप बताइये राहुल गांधी जमानत पर हैं या नहीं? सोनिया गांधी जमानत पर हैं या नहीं? पी चिदंबरम जमानत पर हैं या नहीं? संजय सिंह जमानत पर हैं या नहीं?... सब जमानत पर हैं कि नहीं? आप बताइये अरविंद केजरीवाल जेल में हैं कि नहीं? आप बताइए कविता जेल में है या नहीं? मनीष सिसोदिया जेल में है कि नहीं है? सत्येंद्र जैन जेल में हैं कि नहीं हैं? ये इंडी एलायंस के नेता आधे जेल में हैं और आधे जमानत पर हैं।

### तीनों लोकों में घोटाला ही घोटाला: नड्डा



कांग्रेस पर कोयला घोटाले सहित कई घोटालों में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए श्री नड्डा ने कहा, गगन नहीं छोड़ा, पाताल नहीं छोड़ा, जल नहीं छोड़ा, तीनों लोकों में घोटाला ही घोटाला। उन्होंने विपक्षी गठबंधन से जुड़े अखिलेश यादव, लालू यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी एवं अरविंद केजरीवाल सहित अनेक नेताओं पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आज-कल इंडी अलायंस' बहुत चल रहा है। यह इंडी अलायंस' क्या है? यह दो ही चीजों का अलायंस (गठबंधन) है... एक तो भ्रष्टाचार बचाओ गठबंधन और दूसरा उन परिवारों की पार्टियां हैं। अध्यक्ष भी परिवार का, संसदीय बोर्ड भी परिवार का, महासचिव भी परिवार का और उसमें मंत्री भी परिवार का...। ऐसी परिवारवादी पार्टियां अपनी पार्टी को बचाने में लगी हैं, जिसके आधे जेल में हैं और आधे जमानत पर हैं।

**न्यूज डायरी**

### केजरीवाल की अर्जी फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की अर्जी वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल केजरीवाल ने शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई अपनी गिरफ्तारी को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बुधवार को दोनों पक्षों की ओर से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने यह फैसला दिया। ईडी ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का विरोध किया।

### आम्रपाली के डिस्पैच ऑफिसर गिरफ्तार

**रांची।** सीबीआइ ने आम्रपाली कोल परियोजना के डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआइ की एसीबी रांची टीम ने यह कार्रवाई की। उन्होंने कोयला डिस्पैच के नाम पर कोयला कारोबारी से घूस की मांगी थी। एजेंसी की एसीबी ब्रांच को शिकायत मिली थी। उन्हें घूस की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

### गिरिडीह में एक वाहन से 29 लाख जब्त

**गिरिडीह।** लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए निमियाघाट पुलिस ने इसरी बाजार स्थित अरगाघाट के पास वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। नोडल मजिस्ट्रेट सह डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना ने बुधवार को बताया कि विभिन्न वाहनों को चेक करने दौरान लगभग 29 लाख रुपये जब्त किये।

### भाजपा नेता सुशील मोदी छह माह से कैंसर से पीड़ित

**नयी दिल्ल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित हैं। एम्स में उनका उपचार चल रहा है। पिछले छह महीने से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे श्री सुशील ने सोशल मीडिया एक्स पर स्वयं यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा अब वह लोगों को अपनी बीमारी के बारे में बताने का सही समय समझते हैं।

### ज्योति हत्याकांड का मुख्य शूटर धराया

**जमशेदपुर।** सोनारी आस्था हाई टेक निवासी ज्योति अग्रवाल हत्याकांड के मुख्य शूटर विशाल को पुलिस ने चाईबासा से गिरफ्तार कर लिया है। वह बुधवार को सरेंडर करने की तैयारी कर रहा था। उसकी निशानदेही पर हत्या में पिस्तौल भी बरामद किया है। पुलिस ने विशाल के साथ उसके एक साथी को भी हिरासत में लिया है। विशाल बागुनहातु का रहने वाला है। पूछताछ में विशाल ने स्वीकार किया कि ज्योति की हत्या में वह शामिल था।

## सीसीएलकर्मी की पुत्री और पुत्र समेत हत्या

**तीनों शव बरामद, रस्सी से बंधा तालाब में फेंका मिला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला पुलिस ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम में बुधवार की देर शाम एक सीसीएल कर्मी एवं उसके दो बच्चों का शव एक तलाब से बरामद किया। अपराधियों ने पिता, पुत्र और पुत्री की बेरहमी से हत्या कर तीनों शव एक रस्सी में बांध कर तालाब में फेंक दिया था। मोटरसाइकिल भी तालाब में फेंका गया है। इधर इस घटना से इलाके में सनसनी मच गयी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार सीसीएल कर्मी विनोद उरांव (30)अपने पुत्र अंकित उरांव (12) एवं पुत्री प्रिया कुमारी (7) वर्ष को ले कर रविवार को वाइक से मैक्लुस्कीगंज स्तिथ डॉन बोस्को स्कूल में दाखिला दिलाने निकले थे। तब से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। बालूमाथ थाना के ग्राम आरा निवासी विनोद उरांव से दो दिनों तक परिजनों का कोई बातचीत नही हुई, तब जाकर परिजनों ने बुधवार को अपने घर के आसपास इलाके में खोजबीन शुरू की। आरा ग्राम के तिलैयाटांड में विनोद उरांव का हेलमेट एक तालाब के पास फेंका मिला। फिर तालाब के अंदर ढूंढने पर तीनों का शव मोटरसाइकिल में रस्सी से बांधकर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही बालूमाथ पुलिस ने बुधवार की देर शाम शव को तालाब से बरामद किया। और आगे की कार्रवाई शुरू की। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया की तीनों लोगों का शव बरामद कर लिया गया है घटना की जांच किया जा रही है। ज्ञात हो कि सीसीएल कर्मी विनोद उरांव को मगध कोलियरी में जमीन के बदले नौकरी मिली थी वह तीन वर्ष से खलारी में सीसीएल की ड्यूटी करता था।

## कल झामुमो प्रत्याशियों की घोषणा संभव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में इंडी गठबंधन अब तक सिर्फ तीन लोकसभा पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी को लेकर तमाम तरह की अटकलचल रही हैं। इसे खत्म करने के लिए इंडी गठबंधन घटक दल झामुमो पांच अप्रैल को अपने कोटे के प्रत्याशियों की घोषणा कर सकता है। पार्टी विधायक दल की बैठक पांच को ही कांके रोड स्थित पूर्व सीएम आवास में होने जा रही है।

**अब तक 3 पर घोषणा :** इंडी गठबंधन के मुख्य घटक दल कांग्रेस ने झारखंड में अबतक सिर्फ तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कलीचरण मुंडा और हजारीबाग से जय प्रकाश पटेल का नाम है। अभी कुल 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करनी है।

**सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय:** गठबंधन के तहत चार दलों कांग्रेस, झामुमो, राजदऔर सीपीआई माले शामिल हैं। कांग्रेस के खाते में सात सीट रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू है। वहीं झामुमो के खाते में राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेपुर और पश्चिमी सिंहभूम ( चाईबासा) सीट है। सीपीआई माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से आरजेडी चुनाव लड़ेगा। (शेष 11 पर)

### यशवंत सिन्हा ने जेपी पटेल को जिताने का किया आह्वान

**हजारीबाग।** पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि मेरी जितनी ताकत बची है उसे जेपी पटेल को जिताने मे लगाउंगा। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र के कई नेता कंबल ओढ़कर घी पीने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि एनडीए को इसबार 400 सीटें तो नहीं ही मिलेंगी, हां 150 तक सीटे मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अगर केंद्र में सरकार बदली तो कौन कौन जेल जायेगा उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अपने पुराने साथियों से आगे आने और जेपी पटेल को जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में कई मुद्दे हैं लेकिन आज कोई बोलना नही चाहता, लेकिन यह चाहता हूं कि जब हजारीबाग सुरक्षित होगा तभी देश बचेगा। उन्होंने कहा कि जो आततायी यहां के संसाधनों को कब्जा करना चाहते हैं, उसे हमे रोकना होगा। श्री सिन्हा अपने आवास त्रृषभ वाटिका में बुधवार को इंडिया गठबंधन के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने जमीन से जुडे मांडू विधायक जेपी पटेल को लोकसभा उम्मीदवार बनाकर सराहनीय काम किया है।

### पीएम मोदी की आज जमुई में चुनावी रैली

**पटना।** पीएम मोदी गुरुवार को बिहार में राजग के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरूआत जमुई में एक चुनावी रैली से करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में उनकी पहली रैली होगी। केंद्र में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए मशक्कत कर रहे मोदी वहां दोपहर में रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के सहयोगी चिराग पासवान ने पीएम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, यह लोजपा और जमुई के लोगों के लिए गर्व की बात है कि पीएम इस निर्वाचन क्षेत्र से बिहार में अपना प्रचार अभियान शुरू करने को राजी हुए हैं। हम उनके लिए बिहार की सभी 40 सीट समेत 400 से अधिक सीट जीतने के राजग के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नक्सली साजिश नाकाम, तीन आइडी किया नष्ट

**चाइबासा।** कोल्हान प्रमंडल में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मिसिर बेसरा और उसके दस्ते के बिछाये गये तीन आईईडी को नष्ट कर दिया है। इसे जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया था। प्रतिबंधित नक्सली संगठन का शीर्ष नेता मिसिर बेसरा अपने साथियों के साथ कोल्हान क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है।

### शादी समारोह से लौट रही नाबालिग से गैंगरेप

**मेदिनीनगर।** शादी समारोह से घर वापस लौट रही 11 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार की देर रात की है। ग्रामीणों के अनुसार नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में पीड़िता अपने दोस्तों के साथ एक शादी समारोह में भाग लेने गयी थी। वह दोस्तों के साथ घर वापस लौट रही थी। इसी क्रम में तीन युवकों ने पीड़िता पकड़ लिया और जंगल में लेकर चले गये। जंगल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र कुमार, शिव कुमार और राकेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## योगेंद्र से इडी की पूछताछ, आज अंबा की पेशी

**अवैध बालू घोटाला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी के समन पर पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव बुधवार को इडी ऑफिस पहुंचे। उनसे इडी के अधिकारियों ने अवैध बालू के मामले में घंटों पूछताछ की। पूछताछ के बाद देर शाम योगेंद्र साव बाहर निकल गये। गुरूवार को इडी अंबा प्रसाद से और शुक्रवार को इडी योगेंद्र के बेटे अंकित से पूछताछ करेगी। बुधवार को पिता के लिए खाना लेकर इडी दफ्तर पहुंची थी विधायक अंबा प्रसाद। अंबा प्रसाद ने बताया कि वह पिता खाने की टिफिन देने के बाद कार्यालय से निकल गयी। इडी जोनल कार्यालय के बाहर श्री साव ने कहा कि उन्हें एजेंसी ने समन जारी किया था, जिसके बाद वह समन का सम्मान करने के लिए एजेंसी कार्यालय पहुंचे। पूर्व मंत्री ने कहा कि वह बीमार थे, इसलिए लगातार दिल्ली में था। उन्हें नहीं पता कि किसकी शिकायत पर उनके आवास व अन्य ठिकानों पर छापेमारी की गयी और क्यों। इडी एक स्वतंत्र जांच एजेंसी है और उन्हें भरोसा है कि अगर उनके सभी मामलों की जांच सही तरीके से की गई तो वह सभी में बरी हो जायेंगे। (शेष 11 पर)

## उधारी सिंदूर से सुहागन का सपना देख रही भाजपा

सुधीर

- कंघी और तीर धनुष के सहारे कमल खिलाने की तैयारी

**रांची।** झारखंड भाजपा में बाहरियों की मर्जी चल रही है। तभी तो झारखंड में भाजपा, कंघी, हाथ, लालटेन और तीर-धनुष के सहारे कमल खिलाने की तैयारी में जुटी है। यू कहें कि भाजपा झारखंड में उधार की सिंदुर से सुहागन बनने का सपना देख रही है। पार्टी के भीतरखाने से जो बातें निकलकर बाहर आ रही हैं, उसमें कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर जेवीएम गुट हाबी है। कभी जेवीएम की शोभा बढ़ानेवाले नेताओं को लोकसभा भेजने की तैयारी कर ली गयी है। स्थानीय सांसद संजय सेठ हों या फिर मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो या काली चरण सिंह। ये सभी कभी जेवीएम के पुरोधा हुआ करते थे। आज बाबूलाल के भाजपा में आने के बाद इनकी जैसे लाटरी लग गयी है। इनके अलावा गीता, सीता और अन्नपूर्ण के साथ-साथ विद्युत वरण महतो भी राजद, कांग्रेस और झामुमो पार्टी से निकलकर भाजपा में शामिल हुए हैं और पार्टी इन पर लोकसभा चुनाव में भरोसा जता रही है।

**भाजपा के खाते में बाहरी उम्मीदवार**

भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ रहे 13 में से 10 नेता अन्य दलों से आयातित हैं। ढुल्लू महतो, काली चरण सिंह, मनीष जायसवाल, संजय सेठ, विद्युतवरण महतो, सीता सोरेन, अर्जुन मुंडा, अन्नपूणा देवी और गीता कोड़ा सभी पहले किसी ने किसी दूसरी पार्टी के नेता रह चुके हैं। अर्जुन मुंडा कभी झामुमो के कद्दावर नेत रह चुके थे। आज झारखंड भाजपा इन बाहरी नेताओं पर केंद्र में मोदी सरकार बनाने को दांव लगा रही है। राजमहल से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी भी कभी पार्टी छोड़ आजसू पार्टी के केला के सहारे सदन में पहुंचने की कोशिश की थी, पर नाकाम रहे थे।

### एनडीए की बैठक में नहीं आये थे दो सांसद

मंगलवार को एनडीए की बैठक में कई विक्षुब्ध नेता नहीं पहुंचे थे। भाजपा ने 5 सीटिंग सांसदों का टिकट काटा है। उनमें से सिर्फ तीन ही बैठक में पहुंचे। दुमका सांसद सुनील सोरेन बैठक में नहीं थे। भाजपा ने उन्हें पहले दुमका से टिकट दिया था, फिर बाद में उनसे टिकट वापस लेकर जेएमएम छोड़ भाजपा में आयी सीता सोरेन को दिया गया है। वहीं हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा भी बैठक में नहीं थे। भाजपा ने उनका भी टिकट काटकर मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाया है। धनबाद सांसद पीएन सिंह, चतरा सांसद सुनील सिंह और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत भारी मन से बैठक में शामिल हुए थे।

## राज्य के सभी बूथों पर रहेंगी मेडिकल टीमें

## लोकसभा चुनाव को ले उच्चस्तरीय बैठक में बोले एके सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्रों से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाये गये पदाधिकारी, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं, ओआरएस घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त बातें राज्य के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कही। वह बुधवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। नेपाल हाउस स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक से राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कहा कि संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी मतदान केन्द्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। सभी सिविल सर्जन संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की सहमति से अपने क्षेत्रधिन सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग करा लें। आकस्मिक स्थिति में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज के लिए ससमय रेफरल की व्यवस्था रहे, ताकि निर्वाचन कर्मियों के लिए तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। विशेष परिस्थितियों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेंगे। (शेष 11 पर)



**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 82000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**



## जेएमएम ने चुनाव आयोग और इडी पर लगाया गंभीर आरोप, कहा

# चुनाव आयोग भी बीजेपी के कंट्रोल में

### देवघर एसपी को हटाने का मामला तूल पकड़ा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चुनाव आयोग द्वारा देवघर एसपी को हटाए जाने के मामले पर जेएमएम ने चुनाव आयोग सहित केंद्रीय जांच एजेंसियों पर कई आरोप लगाए हैं। जेएमएम कार्यालय में बुधवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस तरह देवघर में एसपी को चुनाव आयोग के द्वारा हटाया गया है उससे यही लगता है कि अब चुनाव आयोग भी बीजेपी के कंट्रोल में है।

**शिकायत करने वाले अधिकारी को हटा दिया जाता है :** सुप्रियो ने कहा कि पुलिस अधिकारी को हटा कर क्या पुलिस या प्रशासन का अनुसंधान बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का पावर या क्षमता पांच जून के बाद खत्म हो जाएगी। उसके बाद क्या होगा, कौन सी दिशा तय कर रहा है चुनाव आयोग। सुप्रियो ने कहा कि कोई भी पुलिस अधिकारी किसी अधिकारी या नेता के खिलाफ शिकायत करता है तो उसको हटा दिया जाता है।

### झामुमो को और भी कई शिकायतें थीं

उन्होंने इडी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब इडी की कार्रवाई चल रही थी तो इडी के अधिकारी बीजेपी के प्रवक्ता बन बैठे थे। अब तो लगता है कि चुनाव आयोग भी बीजेपी का प्रवक्ता बन गया है। उन्होंने कहा कि ये प्रावधान नहीं है कि आप अपने आवश्यकतानुसार चुनाव करवाएं। उन्होंने कहा कि झामुमो को भी कई शिकायतें थीं प्रशासन और जांच एजेंसियों को लेकर मगर हमें बिना बताए और बिना हमारी कुछ सुने चुनाव की तारीखें घोषित कर दी गईं।

### निष्पक्ष और कदाचार मुक्त चुनाव कराना आयोग की जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि बीजेपी राज्य में अपने उत्पीड़क कार्रवाई के द्वारा काम करवाने में लगी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इडी को लेकर जो भी बातें कहीं हैं उस से स्पष्ट है कि इडी की नियत क्या है। ये एक गंभीर समस्या बन कर उठी है। सुप्रियो ने कहा कि ये चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि चुनाव निष्पक्ष हो, कदाचार मुक्त हो।

## चुनाव आयोग के परिणाम पर ही झामुमो भोग रहा सत्ता का सुख : अरुण उरांव

### प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इंडी ठगबंधन संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ लगातार कर रहा दुष्प्रचार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरूण उरांव ने कहा है कि चुनाव आयोग के परिणाम पर ही झामुमो सत्ता सुख भोग रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो अपनी हार की छाया से ही डर गया है। उन्होंने झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव आयोग के निर्देश अब तक 5 राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी बदले गये। इसमें देवघर के एसपी भी शामिल हैं लेकिन झामुमो का बौखलाहट यह बता रहा कि देवघर एसपी राज्य के पुलिस अधिकारी नहीं बल्कि झामुमो के कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने कहा कि झामुमो अपने हार की छाया से ही डर गया। अभी तो हार का सामना करना बाकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था है जो देश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन झामुमो अपने आप को इन सभी से ऊपर मानता है जो संस्था इनके अनुकूल नहीं, वह भाजपा का समर्थक हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिस ईवीएम मशीन और चुनाव आयोग को झामुमो गाली दे रहा उसी के द्वारा घोषित परिणाम पर झामुमो ठगबंधन राज्य में सत्ता सुख भोग रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग यह आयोग का अधिकार है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई करना आयोग का कर्तव्य है। फिर झामुमो की बौखलाहट खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी है। उन्होंने कहा झामुमो अपने सरकार के कारनामों को याद करे। कैसे लोहरदगा में स्लीपर सेल की रिपोर्ट करने वाले डीएसपी को रातों रात ट्रांसफर कर दिया गया था। कैसे तमाड़ चुनाव में एक पुलिस अधिकारी को उग्रवादी के खिलाफ कार्रवाई की सजा भुगतनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि झामुमो चौतरफा संकट से घिरा है।

### खबर एक नजर में

#### ईडी अधिकारियों के खिलाफ बयान दर्ज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी अधिकारियों के खिलाफ एसटी-एससी थाने में दर्ज प्राथमिकी मामले में दो लोगों का बयान कोर्ट में दर्ज किया गया है। न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने पुलिस अधिकारी के द्वारा लाये गये दोनों का बयान दर्ज किया। दरअसल, हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते रांची के एसटी-एससी थाने में ईडी के अधिकारी कपिल राज, देवब्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल व अन्य के विरूद्ध बीते 31 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया गया है ईडी के अधिकारियों ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक रांची में रहने के लिये कहा था और इसी बीच उनके दिल्ली स्थित आवास पर उनकी अनुपस्थिति में बिना पूर्व सूचना के छापेमारी कर दी। ईडी के अधिकारियों के माध्यम से मीडिया में भ्रम फैलाकर उन्हें आम जनता के बीच बदनाम करने की कोशिश की गई है।

#### पूर्व मंत्री देव कुमार धान को मिली बेल

**रांची।** जेल में पिछले 62 दिनों से बंद पूर्व मंत्री देवकुमार धान को न्यायायुक्त की अदालत से जमानत मिल गई है। वह चान्हो के सिलागाई में बन रहे एकलव्य विद्यालय के निर्माण विरोध में लोहरदगा एवं बिजुपाड़ा खलारी रोड जाम करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के एक मामले में दो फरवरी को सरेंडर किया था। तब से वह जेल में ही हैं। वे आज गुरुवार को जेल से निकलेंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ सिलागाई गांव में अमर शहीद वीर बुधु भगत के जन्मस्थली एवं आदिवासियों के धर्म स्थल वीर पानी में एकलव्य आवासीय विद्यालय बनाने का विरोध किया था। उन्होंने स्कूल का निर्माण कहीं और करने की बात कही थी। साथ ही निर्माण कार्य को बाधित किया था। इस मामले को लेकर 25 सितंबर 2021 को चान्हो के तत्कालीन सीओ जफर ने चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अन्य तीन मामलों में पूर्व में ही जमानत मिल चुकी है।

#### कांग्रेस पार्टी छोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण : आलोक दुबे

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कांग्रेस नेताओं के द्वारा पार्टी छोड़ने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने उनसे पार्टी में बने रहने की अपील की है। उन्होंने कहा यह समय पार्टी के लिए काफी संघर्ष और संकट का समय है। हर छोटे बड़े कार्यकर्ता की पार्टी में जरूरत भी है और एक विचारधारा का भी बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ना ना तो विकल्प है और ना ही कोई बहादुरी। आलोक दूबे ने कहा राहुल गांधी जिस प्रकार से कठोर परिश्रम कर रहे हैं, पहले 5000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा और फिर लगभग 6700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश की जनता के साथ खड़े रहे हैं और एक विश्वास हासिल किया है। ऐसे में हम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी हर दु:ख अपमान सहकर भी आज के राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी के साथ बने रहने की जरूरत है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में 400 सामाजिक सम्मेलन करेगा

### भाजपा मुख्यालय में मोर्चा की सोशल मीडिया कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा मुख्यालय में बुधवार को ओबीसी मोर्चा की सोशल मीडिया कार्यशाला हुई। बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने देश में चंहुमुखी विकास किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड में ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया है। इससे पिछड़ा वर्ग में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे ओबीसी समाज लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीट एनडीए गठबंधन की झोली में डालने का मन बना लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव से ही जेएमएम, कांग्रेस, राजद गठबंधन सरकार को मुक्त कर देना है। वर्तमान राज्य सरकार झारखण्ड राज्य को 20 साल पीछे धकेल दिया। हर ओर भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार दिखाई देता है। उन्होंने दोहराया कि अबकी बार 400 पार का आंकड़ा भाजपा और एनडीए गठबंधन अपने कार्यकर्ताओं की बदौलत हासिल करेगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने चुनाव जीतने का मूलमंत्र ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को दिया। लोगों को शक्ति केंद्रों और अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने का आग्रह किया और कहा कि सभी नेता अपने अपने बूथ में 370 मत से ज्यादा प्राप्त करने का प्रयास करें। अमरदीप यादव ने प्रदेश के भाजपा ओबीसी मोर्चा के तरफ से भरोसा दिलाया कि राज्य की 14 लोकसभा सीट भाजपा और एनडीए गठबंधन को जिताने के लिए कमर कस लिया है।

मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा में 5 सामाजिक सम्मेलन और युवा संवाद और छात्रावास जनसंपर्क कराने का निर्णय लिया गया। वहीं 400 सम्मेलन भी कराया जाएगा। अभी तक लगभग 38 कार्यक्रम हो चुका है। मौके पर मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य देवनारायण प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हलधर नारायण शाह और धन्यवाद ज्ञापन चौधरी महतो ने किया।

## मनरेगा कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान करें : कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने विजयेता तिवारी और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मनरेगा आयुक्त को सभी 11 प्रार्थियों का बकाया मानदेय भुगतान कर प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जब सभी प्रार्थी कार्य कर रहे हैं। विभाग द्वारा उनसे कार्य लिया जा रहा है तो जून 2022 के उपरांत उनके मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया गया है?

**मानदेय भुगतान व सेवा नियमित करने के लिए कोर्ट में लगायी गुहार :** चतरा में ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति 2007 में हुई थी लेकिन जून 2022 के बाद उन्हें मानदेय भुगतान बंद कर दिया गया था। जिसके बाद 11 प्रार्थियों ने मानदेय भुगतान सहित अपनी सेवा नियमित कराने के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगायी थी।

### हाइकोर्ट ने एसपी-एसएसपी से पूछा

## अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों पर क्या हुई कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी सहित राज्य में मीट शॉप विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जिलों के एसपी/एसएसपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए उनसे पूछा है कि कोर्ट के पिछले आदेश के आलोक में अवैध रूप से संचालित मीट शॉप दुकानों पर क्या कार्रवाई हुई है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में मीट शॉप दुकानों पर अभी भी खुले में बकरा एवं मुर्गों का खुले में प्रदर्शन जारी है। अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस मामले में रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शहर में अवैध रूप से संचालित कुछ दुकानों को चिन्हित किया गया है उसकी रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गई है। यह भी बताया गया कि कांके में बकरा को काटने के लिए एक स्लॉटर हाउस बनाया गया है, लेकिन अभी वहां बहुत कम मीट शॉप संचालक बकरे का मांस कटवाने पहुंचते हैं। दरअसल पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर रांची एवं झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध रूप से मीट शॉप चलने वाले दुकानों पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा, रांची नगर निगम और राज्य सरकार से पूछा कि मांस की दुकानों में जानवरों के शवों को काले शीशे और पर्दे से ढंके जाने पर जो रेगुलेशन है उसे लागू करने के लिए क्या किया गया है।

## झारखंड में अगले तीन दिन हीट वेव

**रांची।** उत्तर भारत समेत झारखंड में गर्मी से लोग बेहाल हैं। राज्य के कुछ हिस्सों में अगले तीन दिन (4-6 अप्रैल) के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को झारखंड के जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 4 से 6 अप्रैल तक जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में हीट वेव की आशंका है। इसे लेकर लोगों को अलर्ट किया गया है।

**कहां कितना पारा :** मौसम केंद्र रांची के ताजा अपडेट में बताया गया है कि 3 अप्रैल को रांची में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री दर्ज किया गया। बोकारो में 38.5 डिग्री और चाईबासा में पारा 39.8 डिग्री तक पहुंचा।

**कब होगी बारिश :** मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड में 6 अप्रैल तक लू चलेगी। वहीं 6 अप्रैल के बाद मौसम का मिजाज बदल सकता है। इसके बाद राजधानी रांची के साथ-साथ राज्य के कई हिस्सों में बारिश की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि हल्की बारिश की ही संभावना जताई गई है।

## महिला पुलिसकर्मियों को 730 दिन का मातृत्व अवकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिला पुलिसकर्मियों को अपनी पूरी नौकरी के दौरान 730 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा। झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, 18 वर्ष से कम आयु की संतान वाली महिला पुलिसकर्मी को उनकी समस्त सेवा अवधि के दौरान केवल दो संतान तक, उनकी परीक्षा, बीमारी की हालत में पालन पोषण या देखभाल के लिए 730 दिनों की छुट्टी स्वीकृत किया जा सकेगा। निःशक्त बच्चों के मामलों में उम्र सीमा लागू नहीं होगी।

**शिशु देखभाल अवकाश अर्जित अवकाश के समान मानी जाएगी**

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किये गये संकल्प पत्र के मुताबिक, शिशु देखभाल अवकाश अर्जित अवकाश के समान मानी जायेगी और उसी प्रकार से मंजूर की जायेगी। पुरुष अभिभावक जैसे अविवाहित विधुर या तलाकशुदा को यह सुविधा नहीं मिलेगी। शिशु देखभाल अवकाश का अधिकार पूर्वक दावा मान्य नहीं होगा। प्राधिकारी की अनुमति और उचित मंजूरी के बिना कोई कर्मचारी छुट्टी पर नहीं जा सकता है।

**अवकाश केवल दो संतानों के लिए अनुमान्य होगा :** शिशु देखभाल अवकाश 18 वर्ष से कम आयु के केवल दो संतानों के लिए अनुमान्य होगा। यह अवकाश कैलेंडर वर्ष के दौरान तीन बार से अधिक मंजूर नहीं होगा। प्रत्येक बार 15 दिनों से कम के लिए मंजूर नहीं की जाएगी। इस छुट्टी के दौरान पड़ने वाले शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियां भी शिशु देव बाल अवकाश में शामिल की जायेगी। शिशु देखभाल अवकाश के साथ कोई भी अन्य देय छुट्टी मंजूर की जा सकेगी लेकिन शिशु देखभाल अवकाश के दौरान मांगी गई कोई अन्य अवकाश सरकारी डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र होने पर ही मंजूर होगा।

## आज से सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी



सात विधानसभा क्षेत्र का करेंगे दौरा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई आज गुरूवार से आगामी पांच दिनों तक प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। लोकसभा चुनाव केलिए गठित विधानसभा के प्रबंध समिति और संचालन समिति को बैठक में होंगे शामिल। सूत्रों के अनुसार श्री वाजपेई 4 अप्रैल को बोकारो, 5 अप्रैल को बाघमारा और धनबाद 6अप्रैल को जमशेदपुर, 7 अप्रैल को सरायकेला एवं चाईबासा तथा 8 अप्रैल को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। श्री वाजपेई लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विधानसभा क्षेत्र स्तर पर पार्टी द्वारा गठित प्रबंध समिति, संचालन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे।जमशेदपुर में श्री वाजपेई लोकसभा स्तर के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच की मांग

## चतरा लोस सीट पर ओबीसी उम्मीदवार दे महागठबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के अजय वर्मा ने लोकसभा चुनाव में महागठबंधन से झारखंड के चतरा संसदीय सीट पर ओबीसी समाज से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र में वैश्य समाज के लगभग 350000 (तीन लाख पचास हजार) से ऊपर मतदाता हैं। साथ ही चतरा संसदीय क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक भूमिका में है। इसलिए यहां इस समाज की मजबूत दावेदारी बनती है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी के द्वारा लगभग सभी मंचों से पिछड़े वर्ग के हिस्सेदारी की बात खुलकर सामने रखी जा रही है तथा सामाजिक न्याय के नेता लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार में जातीय जनगणना करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है तथा वर्तमान झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रहा है उसने भी जातीय जनगणना करके ओबीसी समाज को हक और अधिकार देने क बात कही है। इन सभी बातों का पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच स्वागत करती है। साथ ही पिछड़े समाज में इन बातों से उम्मीद जगी है और आशा नहीं बल्कि पूरा विश्वास है की चतरा लोकसभा सीट पर महागठबंधन पिछड़े समाज को निश्चित रूप से उम्मीदवार बनाएगी। मौके पर जुगल पाल, श्रवन कुमार ने भी अपने विचार रखे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Domc/UWSS/2024/598 Date: 03/04/2024
Tender ID: -2024_UDD_84172_1 PR No.: 320034

Corrigendum- 2

All bidders are hereby informed that Corrigendum- 2 is released for tender having details as mentioned above for "**Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 02 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (http://jharkhandtenders.gov.in)

PR 323541 Urban Development and Housing(24-25).D

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागी"
समाहरणालय, सिमडेगा
(जिला निर्वाचन शाखा)
चुनाव का पर्व DESH KA GARV

-:आम सूचना:-

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16.03.2024 से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरान्त सिमडेगा जिला में 24x7 District Contact Center का अधिष्ठापन किया गया है। जहाँ हेल्पलाईन नं0 1950 (06525-225043) एवं चार Hunting Lines यथा:-1 06525-225043, 2. 06525-299921,3. 06525-299968, एवं 06525-299980 के साथ क्रियान्वित है। साथ ही, सिमडेगा जिला में एक जिला नियंत्रण कक्ष भी संचालित है, जहाँ 9608015586 एवं 100 पर आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन संबंधी व्यय के उल्लंघन के मामलों में शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

2. सिमडेगा जिला में आम नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (MCC)/व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए cVIGIL एक ऑनलाइन एप्लिकेशन भी क्रियाशील है। यह सतर्क नागरिकों को आदर्श आचार संहिता/व्यय उल्लंघन की घटनाओं को देखने के कुछ ही मिनटों के भीतर लाइव रिपोर्ट देने की अनुमति देता है। कोई भी नागरिक बस एक तस्वीर क्लिक करके या एक वीडियो रिकॉर्ड करके ऐसी गतिविधि का वर्णन करेगा और उसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपलोड करेगा। आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत/सूचना अपलोड करते ही नियंत्रण कक्ष एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा सक्रिय होकर शिकायत की जाँच एवं कार्रवाई 100 मिनट की भीतर की जायेगी।

3. जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि चुनाव प्रचार के क्रम में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर/cVIGIL App पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-
उपायुक्त, सिमडेगा

PR 323532 (Election)24-25*D


### भाजपा के समीर उरांव की अग्निपरीक्षा, कांग्रेस ने अपने पुराने प्रदेश अध्यक्ष को उतारा

## बॉक्साइड नगरी में समीर उरांव और सुखदेव भगत के बीच होगी सीधी टक्कर, तैयारी तेज

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड की बॉक्साइड नगरी लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सुखदेव भगत एवं भाजपा के समीर उरांव के बीच सीधी टक्कर के आसार बने हैं। दोनों ही दलों ने तैयारी में ताकत झोंक दी है। वहीं महागठबंधन भी इस बार लोहरदगा सीट पर पूरी ताकत झोंक रही है इसलिए लोहरदगा सीट पर 2024 के चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। हालांकि, चर्चा है कि झामुमो के चमरा लिंडा यदि उम्मीदवार बनें तो स्थिति त्रिकोणीय हो सकता है। वैसे, इसकी संभावना नहीं के बराबर है। 2019 के लोकसभा चुनाव में



लोहरदगा से भाजपा कैंडिडेट सुदर्शन भगत को जीत मिली थी। सुदर्शन भगत को 3 लाख 71 हजार 595 वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस कैंडिडेट सुखदेव भगत ने 3 लाख 61 हजार 232 वोट लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

उल्लेखनीय है कि सुखदेव भगत लोहरदगा से पूर्व में कांग्रेस की टिकट पर विधायक रह चुके हैं और वह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



भी थे। समीर उरांव बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन वे झामुमो नेता चमरा लिंडा को शिकस्त देने में कामयाब नहीं रहे। बाद में झारखंड से राज्यसभा सांसद चुने गये। समीर उरांव अब भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। लोहरदगा लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा गुमला, बिशुनपुर, मांडर, लोहरदगा और सिसई है। सभी सीटों पर इंडिया एलाइंस का कब्जा है। इसका लाभ सुखदेव भगत को मिल सकता है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने अपने राजनीतिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण काम किये। वे आदिवासी समुदाय के हित में काम करते आये हैं। विकास भारती नामक स्वयंसेवी संस्था से भी उनका जुड़ाव रहा है। जिले के ग्रामीण सुदूर इलाके में निवास करने वाले जनजातीय समुदाय सहित अन्य लोगों की सेवा में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इसके परिणाम स्वरूप सिसई विधानसभा क्षेत्र से उन्हें विधानसभा का टिकट भाजपा से मिला और उन्हें जीत भी मिली।

**कांग्रेस और भाजपा के बीच होता आया है सीधा मुकाबला :** गौरतलब है कि लोहरदगा लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व है। यहां की कुल आबादी 18 लाख 68 हजार 433 है। वहीं 2019 के अनुसार कुल मतदाता 8 लाख 17 हजार 550 थे। इसके अलावा यहां पर एससी समुदाय 2.69 प्रतिशत, जबकि एसटी समुदाय की आबादी 64.04 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में बेरोजगारी, सिंचाई की समस्या, किसानों की समस्या, महंगाई, भ्रष्टाचार मुख्य समस्या है। इस सीट पर 13 मई को लोकसभा चुनाव होना है। यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होता आया है।

स्पीड न्यूज

## बजरंग बली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 13 से

**बुढ़मू।** मुरुपीरी कुम्हार टोली में नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष महावीर महतो, सचिव रामबसित महतो, कोषाध्यक्ष भोला प्रजापति, संरक्षक सीता देवी, शिवकुमार यादव, टिलू महतो, उमेश प्रजापति, अरुण महतो, कंपाल महतो, रुपनाथ महतो, चिंतामन महतो, घुनेश्वर महतो, नरेश महतो, तीर्थराज शिखर, भुनेश्वर शिखर, सत्यदेव तिवारी साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।

## उमेडंडा में रामनवमी मनाने को लेकर बैठक

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उमेडंडा में भव्य रूप से राम नवमी पूजा मनाने को लेकर मंगलवार रात्रि को दुर्गा मंडप में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में तैयारी को लेकर सर्वसहमति से कमेटी का गठन किया गया। साथ ही भव्य रूप से 84 मौजा के अखाड़ा उमेडंडा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्राचीन महादेव मंदिरए हनुमान मंदिर एवं भागवती मंदिर के मुर्ति को खंडित किया गया था। जिसे विधिवत अनुष्ठान करते हुए नवरात्रि के दौरान प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मोहन जायसवाल, सुनील साहू, रतन सिंह, सुदामा नायक, मनोज मिश्रा, अरूण यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## बुढ़मू में मतदाता जागरूकता अभियान

**बुढ़मू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्रखंड के 77 राजस्व ग्राम के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायती राज पदाधिकारी नीलकुमार के द्वारा संबोधित करते हुए बैठक में उपस्थित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए ग्रामीणों से मिलकर समझाने का अपील किया। मौके पर मंसा कच्छप, अनिल मुंडा, मो एकराम, क्रोटेलिया खेश सहित अन्य उपस्थित थे।

## अनगड़ा अंचल में राजस्व कर्मचारी की कमी से कामकाज प्रभावित

**अनगड़ा।** अंचल कार्यालय अनगड़ा में राजस्व उपनिरीक्षक ;कर्मचारीद्ध की कमी के कारण ग्रामीणों का भू राजस्व से संबंधित काम काज बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इस अंचल में चार कर्मचारी पदस्थापित थे। इनमें एक कर्मचारी एक माह पूर्व सेवानिवृत हो गया एक अन्य राजस्व कर्मचारी को पिछले दिनों एसीबी ने रिश्वत लेने के आरोप में पकड़कर जेल भेज दिया है। वर्तमान समय में यहां मात्र दो हीं राजस्व कर्मचारी पदस्थापित है । जबकि इस अंचल में 21 पंचायत हैं जिसके चलते आम ग्रामीणों का दाखिल खारीज प्लोट सुधार प्लॉट इन्ट्री एवं जाति आवासीय प्रमाण पत्र का कार्य प्रभावित हो रहा है। यहां कम से कम और दो कर्मचारी की पदस्थापना बेहद जरूरी हो गया है । ताकि आम ग्रामीणों का काम काज सुचारू रूप से हो सके।

# अलग-अलग सड़क हादसे में एक की मौत, पांच घायल

**दुर्घटना**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर बुधवार को हुई सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। प्रथमिक उपचार के बाद सभी रिम्स रेफर किये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना एनएच 39 मुख्य पथ पर स्थित मांडर बाजारटांड़ के निकट मिट्टी की बर्तन की दुकान से बर्तन लेने में हुई है। इस हादसे में कुड़ू बरवा टोली निवासी उपेन्द्र प्रसाद के परिवार के पांच लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि उपेंद्र प्रसाद अपने परिजनों के साथ रांची से वापस अपने घर लौट रहे थे। अपनी बोलरो से कुछ लोग उतरकर सड़क के किनारे ही घड़ा खरीद रहे थे जबकि परिवार के कुछ लोग गाड़ी में ही बैठे थे। इसी बीच पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक के चेचिस ने इनकी बोलेरो को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाईस वर्षीय पल्लवी कुमारी और छत्तीस वर्षीय लूसी देवी को गंभीर चोटें आई जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों को हल्की चोटें लगी। रेफरल अस्पताल मांडर में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु पल्लवी व लूसी को रिम्स रेफर किया गया जबकि मामूली रूप से घायल लोगों को मांडर रेफरल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। यह परिवार रेलवे का स्टाफ बताया जा रहा है। घटना के बाद दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया वहीं चेचिस का ड्राइवर मौके से भागने में सफल रहा। दूसरी घटना मांडर टांगरबसली पथ पर नारे पेट्रोल पंप के निकट की है। सुबह लगभग 7.00 बजे रातु थाना के मुर्चो निवासी उन्नीस वर्षीय राम उरांव असंतुलित होकर बाइक से गिर गया। इस हादसे में उसके बाएं पैर की हड्डी टूट गई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे भी चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। तीसरी घटना चान्हो थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के निकट की है। नरकोपी थाना क्षेत्र निवासी 42 वर्षीय इरफान अंसारी अपनी बाइक से जा रहा था तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसके भी पैर की हड्डी टूट गई है और उसे भी प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

### डिवाइडर से भिड़ी बाइक, एक की मौत

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव पिठोरिया मुख्य मार्ग में ठाकुरगांव के बाइक जेएच 01 डीजे 4987 के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से ठाकुरगांव चापाटोली निवासी बिनोद महतो के पुत्र शंकर महतो (25 वर्ष) की मौत हो गई। वही शंकर का दोस्त शनि मुंडा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शंकर रात में किसी जरुरी काम से मोहनपुर की ओर से लौट रहा था इसी दौरान एक अन्य वाहन की चपेट में आने से बचने का प्रयास करते हुए डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाने के दौरान शंकर ने रास्ते में दम तोड़ दिया। डिवाइडर में लगे हुए प्लेट से शंकर के गले में चोट लगने के बाद अधिक खून बहने के कारण शंकर ने रास्ते में ही दम तोड़ दियाए शनि का रिम्स में ईलाज किया जा रहा है।

# असम राइफल से सेवानिवृत्त हुए वारंट ऑफिसर गणेश महतो का भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जन जागृति मंच के सम्मानित सदस्य एवं वारंट ऑफिसर गणेश महतो अपने साढ़े 29 साल के सेवा काल के बाद शिलांग से एक अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्ति के बाद बुधवार की सुबह 6.00 बजे रांची पहुंचे। उन्होंने 15 सितंबर 1994 को असम राइफल में जवान के रूप में दीमापुर, नागालैंड में अपना योगदान दिया था। श्री महतो अपने कार्यकाल में जम्मू कश्मीर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम एवं असम के दुर्गम क्षेत्रों में एक फौजी का कार्य को पूरा करते हुए देश के मान सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। मंच के परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में श्री महतो को रांची रेलवे स्टेशन से स्वागत करके बूटी मोड़ लाया गया एवं शिवाजी महाराज की मूर्ति पर फूल माला अर्पित किया गया, एवं ढोल नगाड़ा के साथ बूटी मोड़ क्षेत्र के ग्रामीण एवं मंच के सदस्य नाच-गान करते हुए गणेश महतो को उनके घर बूटी तक लाये। मौके पर रामेश्वर प्रसाद ने गणेश महतो को पूरी बूटी मोड़ क्षेत्र की जनता की ओर से सफल सेवानिवृत्ति पर बधाई दी एवं उनके लंबी उम्र की कामना की।

### स्वागत समारोह में थे शामिल

स्वागत में रणधीर चौधरी, अध्यक्ष झारखंड कुरमी विकास परिषद रांची, बड़े भाई नरेश महतो, रमेश महतो, बहन निरासो देवी, प्रियासो देवी, मीना देवी, लक्ष्मण महतो, कैलाश महतो, जुगून मुंडा पूर्व मुखिया, शिवचरण प्रसाद, जोगेश महतो, निरंजन चौधरी, संजय महतो, अनिल महतो, कर्मदेव बैठा, महावीर महतो, चमन लाल महतो, सुरेश महतो, अनिल शर्मा, मुनीलाल महतो, इंद्रदेव महतो, काशीनाथ महतो, जितेंद्र महतो, खिलेश्वर ओहदार, बाल कृष्णा महतो, राज कुमार महतो, सुषमा देवी जिला परिषद सदस्य, महेश नायक, महेंद्र महतो, बोधनाथ महतो, मनोज ओहदार, अर्जुन महतो, प्रमोद महतो, रजनीकांत ओहदार, संजय साहू, लिखेश्वर ओहदार, बंटी महतो, रूपेश कुमार, पवन महतो, मुकेश महतो, चंचल कुमार एवं जयराम महतो विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# मांडर : आईएचएम के इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने की अमन-चैन की दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** ब्राम्बे स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटेल मैनेजमेंट आईएचएम रांची में बुधवार को रमजान.उल.मुबारक के 23वें रोजा के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन संस्थान के छात्रों द्वारा प्राचार्य डॉण भूपेश कुमार की अगवाई में की गयी। इस दौरान ब्राम्बेए मुड़माए मांडर प्रखंड एवम संस्थान के आसपास के क्षेत्रों के दर्जानों रोजेदार इफ्तार पार्टी में सम्मलित हुए एवं तय समय पर रोजा खोला। रोजा खोलने से पहले उपस्थित सभी रोजेदारों ने देश के साथ साथ अपने आसपास के क्षेत्रों में अमन एवं खुशहाली की दुआ भी की। तत्पश्चात संस्थान में पकाई



गयी मुर्ग बिरयानीए कटहल बिरयानीए तंदूरी चायए रूवाजा के साथ साथ विभिन्न प्रकार के भोजन प्रस्तुत किये जिसका सभी ने लुफ्त उठाया एवम काफी सराहा भी। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी श्री राहुल एमडी सोहेल आरिफ हसन आबिद अंसारी अफताब आलम इरफान अंसारी इरशाद संस्थान के छात्र एवम अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने सभी रोजेदारों का संस्थान में उपस्थित होने हेतु अभिवादन भी की।

# पुराना रामपुर के कौशल विकास केंद्र से छह दिन से ट्रेनी लापता, मामला दर्ज

### राजाउलातु चर्च बस से गये थे कई ट्रेनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के पुराना रामपुर स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र से एक एक ट्रेनी रीता कुमारी बदला हुआ नाम पिछले छह दिनों से गायब है। मामले में केन्द्र की संचालिका सिस्टर प्रेमा खलखों ने नामकुम थाना में सीता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। नामकुम थाने में दिए आवेदन में सिस्टर प्रेमा ने बताया है कि गत शुक्रवार को ईस्टर पर्व के दिन सेवा कार्य हेतू केन्द्र से कई ट्रेनीज राजाउलातु चर्च केन्द्र बस से गए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद रात लगभग नौ बजे सभी ट्रेनीज बस में आकर बैठ गए पर रीता वापस नही लौटी तो काफी देर इंतजार करने के बाद सभी यह सोचकर केन्द्र लौट गए कि सीता केन्द्र वापस लौट गयी होगी। वापस लौट कर केन्द्र में रीता के नही मिलने पर केन्द्र से फिर कई लोग वापस राजाउलातु उसे खोजने गए पर वह नही मिली। इसके बाद मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गयी। पुलिस मामला दर्ज कर रीता की खोजबीन में जुट गयी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही रीता कुमारी को ढूंढ निकाला जाएगा।

**एक नजर में**

## इटकी प्रखंड कार्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान



**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को इटकी प्रखंड कार्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इसकी शुरूआत बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने मतदाता हस्ताक्षर पट पर हस्ताक्षर कर किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है। हस्ताक्षर अभियान अभी जारी रहेगा। मौके पर सीओ विजय कुमारए बीएसओ हेमंत एक्काए बीपीआरओ रहीस मलिकए धीरज लकड़ाए चन्दन तिवारीए सन्नी बाखलाए मेरी प्रतिभा टुडूए शैम्पू प्रसाद सहित प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

## राहे में 80 लीटर महुआ दारू जब्त, 1500 किलो जावा नष्ट



**राहे।** एसएसपी रांची ओर ग्रामीण एसपी के निर्देश में बुंडू डीएसपी रितभान सिंह के देखरेख में राहे थाना अंतर्गत सिरिडीह एकपीडीहएउरांवडीहओर फुलवार गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी किया गया है एजिसमें 80 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है तथा 1500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है। इस क्रम में शराब बनाने बाला उपकरण को भी जप्त किया गया है। अवैध दारू बनाने के नौ व्यक्ति के विरुद्ध आईपीसी और उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई है। छापेमारी दल में शामिल थाना प्रभारी फैज रब्बानी एसआई पिंटू कुमार सैफ एसआई उमाकांत सिंह अजय सिंह सहित सैफ के जवान मौजूद थे।

## छापेमारी में 11 लीटर महुआ शराब बरामद

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र में अंग्रेजी शराब के साथ महुआ शराब को धंधा भी जोर-शोर से चल रहा है। थाना क्षेत्र के आनंदी में एक घर में महुआ शराब बिक्री की जा रही थी। जानकारी मिलने पर जब ओरमांझी थाना पुलिस देर शाम आनंदी बस्ती पहुंची तो बिखने मुंडा के मकान में बेटा अरविंद मुंडा द्वारा ग्राहकों को शराब परोश रहा था। पुलिस की वाहन देखते ही बिक्री करने व पीने वालों में भगदड़ मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे। पुलिस द्वारा खदेड़ा कर पकड़ने का प्रयास भी की लेकिन सभी अंधेरा का लाभ उठा फरार होने में सफल रहें। वहीं मौके से पुलिस द्वारा ग्राहकों को पीलाने के लिए रखे गए 11 लीटर महुआ शराब जब्त कर, धंधा करने वाले अरविंद मुंडा पर मामला दर्ज किया गया है। एक दिन पूर्व एक्साईज विभाग द्वारा द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री करने वाले थाना क्षेत्र के ढाबा में छामेमारी की गई थी। सूचना है कि पालू स्थित एक ढाबे में छापेमारी कै दौरान अंग्रेजी शराब बरामद हुआ था। ओरमांझी थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध रूप से शराब ब्रिकी करने वालों पर शख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उमेडंडा में रामनवमी को लेकर चर्चा

**बुढ़मू।** प्रखंड के उमेडंडा में ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही महावीर मंडल उमेडण्डा का गठन किया गया। रामनवमी में महावीर मंडल अंतर्गत आनेवाले सभी 84 मौजा के लोगों से मेले में सुनिश्चित भागीदारी पर विचार-विमर्श के साथ पिछले दिनों उमेडण्डा के तीन मंदिरों में मूर्तियों को खंडित करने की घटना की निंदा करते हुए नये सिरे से मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का निर्णय लिया गया।

# हेसालोंग में ट्रांसफारमर जलने से अंधेरे में हैं 100 घर

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** बीजेपी के गढ़ माने जाने वाला हेसालोंग ग्राम में बीते पांच दिनों से लगभग 100 घर अंधेरे में तब्दील है। हेसालोंग के ग्रामीणों ने भाजपा के सांसद व विधायक को सूचित करने के बाद भी समस्या का हल अब तक नही हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बीते पांच दिन पहले हल्के आँधी बारिस और बिजली गिरने से हेसालोंग ग्राम का बिजली का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय बिजली मिस्त्री को सूचना दिया गया। मिस्त्री ने जांच कर बता दिया कि ट्रांसफॉर्मर शर्ट डैमेज हो गया। उसके बाद स्थानीय नेताओं ने अपनी अपनी पैरवी व पहुँच वाले नेताओं को खराब पड़े ट्रांसफार्मर के बारे में बताया। नेताओ ने ग्रामीण की बात सुनकर हाँ तो कह दिए लेकिन हेसालोंग ग्राम अब तक अंधेरे में तब्दील है। ग्रामीणों ने बताया कि जला हुआ ट्रांसफार्मर से लगभग सौ से ज्यादा घरों में बिजली जलता है। बिजली नही रहने से ग्रामीणों का सेलफोन से लेकर पानी पीने तक का भारी समस्या उतपन्न हो गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद भी बिजली विभाग की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही किया। वही झारखंड सरकार व बिजली विभाग दावे करती है कि ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर 24 घँटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगाकर व्यवस्था बहाल कर देने की वकालत करती है। ग्रामीणों से पूछे जाने पर बताया कि ट्रांसफार्मर के विषय मे विभाग से पूछा गया तो बताया कि कंपनी में ट्रांसफार्मर है ही नही। जब उपलब्ध होगी तब जाकर ट्रांसफॉर्मर लगा दिया जायेगा।



# मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**10 मई को होगी शिव बजरंगबली मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में बुधवार को नवनिर्मित शिव बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शिव बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विचार विमर्श करते हुए शिव बजरंगबली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 10 मई को करने का निर्णय लिया गया। शिव बजरंगबली नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जरिया नहर टोली गांव से भव्य कलश यात्रा निकाले जाने की भी बैठक में भाग लिए सदस्यों ने निर्णय लिया। वही शिव बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या व मथुरा वृंदावन से पुजारी पहुंचेंगे। बैठक में नवनिर्मित मंदिर के भू.दाता बालेश्वर महतोए वासुदेव महतो समेत गंदुर गोपए सुखदेव गोपए बालो देवीए किरण देवीए संगीता देवीए राखी देवीए रमेश महतोए बबलू गोपए बिट्टू गोपए रंजीत गोपए अनिल गोपए मनोज गोपए अमन गोपए मोहित गोपए अंकित गोप एनिखिल गोपए अभय गोपए आर्यन गोपए छोटू गोपए कृष्णा गोपए सनी गोपए उमेश गोपए कारण गोपए पवन गोपए छोटनए राजूए रघुए प्रहलादए मुकेशए जगदीशए किस्टोए सिकंदरए शिवमए रोहित समेत सोनू नाग बैठक में मौजूद थे।



# महुआ चुनने के बहाने जंगल में लगाई आग

**वन विभाग ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करने की बात कही**

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के जंगलों में महुआ का सीजन आने बाद अज्ञात महुआ चुनने वाले ग्रामीणों ने जंगल में आग के हवाले करना शरू कर दिया। अज्ञात लोगों के द्वारा जगलो में आग के हवाले कर देने के बाद स्थानीय ग्रामीण युवकों ने मोर्चा संभालकर आग पर काबू पाया। मिली जानकरी के अनुसार महुआ का सीजन आने के बाद कुछ लोगो के द्वारा जंगलों में जाकर आग लगा देते है। महुआ का सीजन गर्मी का शुआआत व पतझड़ का मौषम रहने के कारण पूरा जंगल आग की लपटों में घिर जाता है। जिससे कई तरह के वनस्पतियों सहित कई बड़े पेड़ के पौधे सहित पशु पक्षियों के छोटे बच्चे अथवा अंडे जलकर राख हो जाते है। गर्मी के शुआआत में ही पशुपक्षियों में प्रजनन का मौषम माना जाता है। ग्रामीणों के द्वारा महुआ के फूल के लालच में पूरा जंगल नष्ट कर देते है। इस तरह की घटना होने से पहले लपरा ग्राम के ग्रामीणों ने एक बैठक कर जंगल बचाव कर अपने अनुसार से आपसी सहयोग से स्वयंसेवक वनरक्षि बना कर लगातार जंगल का मुआयना करने का निर्णय लिया गया था। बैठक में जो व्यक्ति पंच का बात नही सुनेगा उसे अपने अनुसार से दंडित अथवा कानूनी प्रक्रिया का चक्कर लगाने की प्रवधान भी पारित किया गया था। जिसके कुछ दिन के बाद बुधवार के दिन में ही लपरा के खोलका जंगल में आग के हवाले कर दिया। वन सेवकों के द्वारा जंगल में आग लागये जगहों पर जाकर आग बुझाने का कार्य किया गया। इस कार्य में स्थानीय युवक में प्रदीप यादव अनूप यादव राजू कुमारए छोटू मुंडा रोशन लोहरा प्रशांत गिरिएदीपक प्रसाद सहित अन्य ने मिलकर आग पर काबू पाया। जंगल में आग लगाने की सूचना वन विभाग को दिया गया। जिसके बाद विभाग ने बताया कि वनकर्मियों को कोंनका जंगल में आग बुझाने का कार्य करने के लिए लगा दिया गया। गुप्त सूत्रों के द्वारा पता चलने पर आग लगाने वाला ग्रामीण के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।



# बूथों पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर भौतिक निरीक्षण

**सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र संख्या 36 और 37 का किया निरीक्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार के द्वारा खलारी प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 36 एवं 37 उड़िया मध्य विद्यालय मोहननगर एवं मतदान केंद्र संख्या 45 आंगनबाड़ी केंद्र भवन मोहननगर का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं शौचालय पेयजल रैंप इत्यादि का जांच किया गया।साथ ही मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं से मिल कर मतदान केंद्र पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को दिए जानेवाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इसके पश्चात प्रखंड सभागार खलारी में सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता अनुपस्थित स्थानांतरित एवं मृत मतदाता तथा मतदाता जागरूकता समूह से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में आदित्य नाथ झा विनय कुमार गुप्ता असित कुमार रमेश कुमार गुप्ता प्रेमचंद मुर्मू प्रवीण उरांव महावीर महतो परीक्षित महतो पूसा मुंडा लूसी बाड़ा भरत कुमार राम जयवीर यादव पद्मावती देवी एवं अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं संग की बैठक



**तमाड़।** खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने बुधवार को राजबाड़ी में तमाड़ विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ बैठक किया। मंच का संचालन विमल पातर ने किया। बैठक के पूर्व सांसद रविंद्र राय विधायक कोचे मुंडा आरती कुजूर कुमार महेंद्र नाथ शाहदेवए बुंडू मंडल अध्यक्ष आलोक दास एवं जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। श्री मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बुथ स्तरीय कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। पार्टी के मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के कार्य से ही पुरा होता है। नरेंद्र मोदी जी के कारण आज कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत एक है। इसका सारा श्रेय बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को ही जाता है। बहुमत की भाजपा सरकार बनने से यह काम हो सका है। कार्यकर्ता सम्मेलन में तमाड़ प्रखंड बुंडू प्रखंड एवं अड़की प्रखंड के बुथ स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित था।

## आचार संहिता के दायरे में बनाये पर्व

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कहा कि रामनवमी में सभी अखाड़ा दल गैर राजनीतिक जुलूस निकालेंगे। जुलूस में नारा भी गैर राजनीतिक होना चाहिए। कोई चूक होने पर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। उपायुक्त ने कहा कि सुझावों का समाधान जिला स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक में किया जाएगा। धनबाद अनुमंडल में दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा है। इसलिए वैसे आयोजन, जिसमें पांच से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे, उसके लिए ईन्कोर पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य हैउन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान केवल रजिस्टर्ड अखाड़ा दल जुलूस निकाल सकेंगे। किसी भी नए दल का रजिस्ट्रेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा।

# गोड्डा लोस से अगर झामुमो प्रत्याशी उतारेगी तो नहीं करेंगे अपना चुनाव प्रचार : निशिकांत

### दुमका लोकसभा से सीता सोरेन के खिलाफ जो उम्मीदवार होंगे, उनकी होगी जमानत जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** गोड्डा लोकसभा से अगर झामुमो प्रत्याशी उतरती है तो वे अपना चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। उक्त बातें कोर्ट से पेशी कर निकल सांसद निशिकांत दूबे ने कही। गोड्डा लोकसभा पर कांग्रेस का दावेवादी निशिकांत दूबे ने कहा कि झामुमो द्वारा गोड्डा सीट पर दावा किए जाने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतरती है, तो भी वे अपना चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए गोड्डा जाएंगे। उसके बाद देवघर में बैठकर कहीं चाय पियेंगे, तो कहीं खाना खाएंगे, तो कहीं क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। परिणाम लेने के लिए ही वे गोड्डा जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव को चार बार पटकनी दे चुके हैं। पांचवीं बार क्यों अपना हाथ जलाएं? उनका जमानत जप्त हो जाएगा। इसके अलावे अगर कांग्रेस किसी को प्रत्याशी बनता है तो शायद वे अपना चुनाव प्रचार करेंगे। दुमका लोकसभा से झामुमों के उम्मीदवारी तय करने के सवाल पर सांसद ने कहा कि दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ झामुमो को कोई प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। यही वजह है कि अभी तक झामुमो द्वारा दुमका लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी मिल रही है कि नलिन सोरेन और स्टीफन मरांडी ने दुमका से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। हेमलाल मुर्मू की माने तो हेमंत सोरेन यहां से चुनाव नहीं लड़ेंगे। निशिकांत दुबे ने कहा कि कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनना है, क्योंकि चंपई सोरेन को हटाना है।

### बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जबरन प्रवेश मामले में सुलहनामा के आधार पर निशिकांत दूबे की हुई रिहाई

दुमका। भाजपा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे का आचार संहिता उल्लंघन मामले सहित तीन मामले में बुधवार को एमपी-एमएल विशेष अदालत एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय में पेशी हुई। आदर्श आचार संहिता के मामले देवघर जिला के मधुपुर के बुढई थाना क्षेत्र वर्ष 2021 में पार्टी का झंडा लगाने के विवाद को लेकर दर्ज हुआ था। मामला दर्ज धमनी पंचायत के झामुमो पंचायत अध्यक्ष गुलाम महिबुल अजदानी उर्फ सद्दाम खान ने लिखित शिकायत कर दर्ज दर्ज हुई। जिसमें 9 अप्रैल 2021 को लिखित शिकायत कर बताया कि गांव के ही दो लोगो के सहमति से उनके घर पर अपने पार्टी का झंडा लगा रहा था। इसी दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, पूर्व नप अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव,ओम प्रकाश राय, सचिन दत्ता एवं पप्पू मंडल समर्थकों के साथ धमनी चैक पहुंच झामुमो का झंडा जबरन उतार दिया और धमकी देते हुए बताया कि केवल भाजपा का ही झंडा लगेगा। मामले में झामुमो पंचायत अध्यक्ष के लिखित शिकायत पुलिस आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज की थी। मामले में कांड संख्या 30/21 के तहत मामला दर्ज हुआ था। केस में आरोपियों के खिलाफ अभियोग का सारांश सुनाया गया। अगली तिथि से गवाही गुजरेगी। दूसरा मामला सोशल मीडिया पर कांग्रेस पौड़याहाट के विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी पर अगड़ा-पिछड़ा का भेद करने को लेकर विधायक प्रदीप यादव के आरोपों पर पलटवार किया था।

## एक नजर में

### बोकारो डीसी ने कई विद्यालय का किया निरीक्षण



बेरमो/गोमिया। बोकारो उपायुक्त विजया जाधव ने गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र स्थित दर्जनों विद्यालय का औचक निरीक्षण 3 अप्रैल को किया। सबसे पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिदरी पहुंची। उन्होंने शिक्षण कार्य किये जा रहे सभी भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान शैक्षिक पाठन-पाठन व नि:शुल्क उपलब्ध कराये गये पाठ्य पुस्तक तितर बितर और रसोई घर में अव्यवस्था को देख नाराजगी जताई। जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालय के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के छात्र, छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों पर संवाद किया।

### शराब कारोबारी के घर छापा मार कर पुलिस ने 40 लीटर शराब व 100 किलो जावा महुआ जब्त किया



गोड्डा। जिला के बसंतराय जिले के गोरगम्मा ग्राम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कैलाश कुमार, पिता स्व श्रीकांत मंडल के घर छापा मार कर 100किलो जावा महुआ और 40 लीटर तैयार देशी कच्ची शराब दो जर्किन शराब जब्त कर भट्ठी और कुछ सामान नष्ट कर दिए। छापेमारी में थाना प्रभारी पुअनि सत्य प्रकाश, स अ नि प्रेम मोहन झा, के साथ अन्य सहायक पदाधिकारी और पुलिस के जवान शामिल थे। शराब कारोबारी कैलाश कुमार को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के तहत उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में बसंतराय थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### राकोमयू के अध्यक्ष व सचिव ने उत्पादन लक्ष्य पुरा करने को लेकर जीएम और पीओ को दिया साधुवाद



बेरमो। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन एसडीओसीएम के अध्यक्ष मुरारी सिंह व सचिव रविशंकर ठाकुर ने कहा कि एसडीओसीएम मे सुरक्षा एवं गुणवत्ता में घ्यान मे रखते हुए 15 लाख मैट्रिक टन के कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 18 लाख 64 हजार 195 टन कोयला का उत्पादन किया। इसके लिए उन्होंने ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल और पीओ शैलेश प्रसाद की टीम सहित कामगारों को साधुवाद दिया। इस अवसर पर एक्साभेशन शाखा के सचिव मोहम्मद कलीमुद्दीन, सहायक सचिव कैलाश महतो सहित वरीय नेता बैजनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने एक और बच्ची की पढ़ाई की जिम्मेवारी ली



बेरमो। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने कुरपनिया निवासी चेतन कुमार सिंह की सुपुत्री का नामांकन विद्यालय में अपने निजी मद से कराने की ज़िम्मेवारी ली। विदित है कि अस्वस्थ होने के कारण कुरपनिया निवासी चेतन कुमार सिंह अपनी सुपुत्री का नामांकन विद्यालय में नहीं करा सके थे। उल्लेखनीय है कि प्रकाश सिंह अब तक दर्जनों बच्चों को विभिन्न विद्यालयों में अपनी निजी मद से पढ़ाई करा रहे हैं।

### साहिबगंज : अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त

बरहेट। बुधवार को बरहेट अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे तीन मोहानी से पहले अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर बालु सहित जब्त कर लिया गया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौका देख फरार हो गया। वहीं उक्त चार ट्रैक्टर में दो महिंद्रा, एक स्वराज तथा एक सोनालिका का है, जिसके ट्रैक्टर तथा ट्रॉली में नंबर अंकित नही है। इस संबंध में सीओ चोनाराम हेंब्रम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू का परिचालन किसी भी हाल में होने नही दिया जाएगा। उक्त चारों ट्रैक्टर को बरहेट थाना सुपुर्द कर दिया गया है एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिख भेज दिया गया है।

### साहिबगंज : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



तालझारी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर लगातार पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खासकर दोपहिया, चारपहिया वाहनों के कागजातों, डिक्की, हेलमेट आदि की जांच की गई। इसी क्रम में तालझारी थाना क्षेत्र के शहिद चौक पर बुधवार को एस आई सियाराम पंडित के नेतृत्व में जवानों के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया वाहनों के कागजात, डिक्की, हेलमेट आदि की भी जांच की गई। इस अभियान में दर्जनों दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की गई। इस वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया। वो रास्ता बदल कर जाते दिखे।

### पिकअप वैन सहित 8 मवेशी जब्त, दो गिरफ्तार



उधवा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड-पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस की पैनी नजर है। इसको लेकर कई जगहों में चेकनाका बनाया गया है। दरअसल बुधवार को राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर हाईस्कूल के समीप चेकनाका में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बोलोरो पिकअप वैन सहित आठ मवेशी के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बोलोरो पिकअप वैन संख्या बीआर 10 जीसी 2110 में आठ मवेशी लादकर उधवा से सिरासिन के रास्ते पश्चिम बंगाल लेकर जा रहा था। इसी बीच चेकनाका में पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बोलोरो पिकअप वैन में लदे आठ मवेशी के बारे पूछताछ की। हालांकि तस्करों के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने वाहन सहित आठ मवेशी को जब्त कर लिया। पुलिस ने दोनों तस्करों से पूछताछ कर रही है। जबकि पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना लाया है। इस संबंध में राधानगर थाना के प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी था। सभी मवेशी को राधानगर के पशुपालकों के जिम्मे में रखा गया है। राधानगर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### मंजुरा में हाईटेंशन से शॉर्ट सर्किट होने से हजारों की बिचाली जलकर राख



**बोकारो/कसमार।** कसमार अंचल अन्तर्गत मंजुरा गांव के नया टोला स्थित राजा थान के निकट दोपहर लगभग 2 बजे हाईटेंशन तार के शॉर्ट सर्किट होने से ज्ञानी राम महतो व जानकी पाहन के खलियान में रखे बिचाली जलकर राख हो गया जिससे किसानों को हजारों रूपए की नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईटेंशन तार पर कौआ बैठा हुआ था कौएं का पंख सट जाने से शॉर्ट सर्किट से कौवे की मौत हो गई वहीं शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से किसानों की बिचाली जलकर राख हो गई। पीड़ित किसानों व ग्रामीणों ने मिलकर पानी पंप लगाकर बिचाली पर लगे आग को बुझाने का प्रयास किया परंतु तबतक पूरी बिचाली जलकर राख हो चुकी थी। सूचना पाकर मंजुरा पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि सह आजसू नेता शिशुपाल महतो व पूर्व मुखिया नरेश कुमार महतो ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

### सरहुल महोत्सव में मांदर की थाप पर पूर्व विधायक बबिता देवी ने किया नृत्य



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत सिंहपुर पंचायत के करमा खिजरा गांव के जाहेर थान में आयोजित सरहुल महोत्सव पूर्व विधायक बबीता देवी ने जाहेर थान में बोंगा स्थल पर मत्था टेके क्षेत्र के सुख समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने आदिवासी मूलवासियो को बाहा बोंगा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के उपासक और रक्षक आदिवासियों में प्रकृति उपासना के इस महा परब को लेकर उत्साह एवं उमंग खास होता है। आदिवासियों की संस्कृति बेमिसाल है। इस दौरान समिति द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बबिता देवी को फूल माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने सरहुल महोत्सव में पारंपरिक सामूहिक सरहुल नृत्य में भी भाग लिया और मांदर की थाप पर नृत्य किया। इस दौरान गांव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीएसएल में चलाया गया स्वच्छता अभियान



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के जन स्वास्थ्य अनुभाग के तत्वावधान में विगत सप्ताह टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जन स्वास्थ्य अनुभाग सहित नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल रहे। एक सप्ताह तक चले स्वच्छता अभियान के तहत नगर प्रशासन भवन के समीप स्थित महात्मा गांधी गोलंबर के आसपास आदि जगहों पर अभियान चलाया गया।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो विधानसभा के महिला संपर्क अभियान की संयोजक बनी गिरिजा



बेरमो। भाजपा ने गिरिडीह लोकसभा महिला संपर्क अभियान के तहत बेरमो विधानसभा के लिए बोकारो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। गिरिजा देवी ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौघरी को रिकॉर्ड वोट से जीतेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं का सम्मान बढ़ाने और उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। मातृशक्ति के सशक्तीकरण के लिए देश में किए जा रहे कार्यों की चर्चा विदेश में भी हो रही है। ऐसी बहुत सारी योजनाओं की चर्चा मतदाताओं के बीच करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के उत्थान का इतिहास रच दिया है।

### युवक का शव बरामद

बासुकीनाथ। बासुकीनाथ स्थित रामपुर के पास महुआ के पेड़ के नीचे गले में रस्सी लगा एक युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। मृतक की शिनाख्ती मनोरंजन राव उर्फ मोनू 27 वर्ष पिता बम शंकर राव हनुमान नगर, बासुकीनाथ के रूप में हुई है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सत्यम कुमार के नेतृत्व में जरमुंडी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। लेकिन परिजनों ने मोनू की मौत को एक सुनियोजित साजिश का परिणाम बताया है। घर वालों का आरोप है कि मंगलवार की शाम विनोद यादव एवं कृष्ण देव हांसदा उर्फ पहलवान अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर मोनू को फोन कर बुलाया था। इसके बाद मोनू देर रात तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू कर दिया। लेकिन सूरज की पहली किरण घर में पड़ते ही घर का चिराग बुझ जाने की खबर से परिजनों में मातमी सन्नाटा पसर गया। वहीं इस घटना को लेकर पुलिस की पूछताछ और अनुसंधान जारी है।

### साहिबगंज : उपायुक्त ने किया निरीक्षण



साहिबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वाधार गृह, नेत्रहीन एवं स्पष्टिक विद्यालय, बालक बाल गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल गृह के बच्चों से मिले उनके शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली एवं उपस्थित पदाधिकारी को बाल गृह बच्चों के माता-पिता से कांटेक्ट करें सूचना न मिलने पर एडॉप्शन की प्रक्रिया प्रारंभ करें।भवन को नवनीकरण साथ ही बाउंड्री वॉल हेतु प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता (आरईओ) से बनवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि संचालित स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम के नाम को हटाकर स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रय करेंगे एवं आश्रय प्राप्त लोगों को शारीरिक बल के अनुसार छोटे-छोटे कार्यों में उनकी भागीदारी बनाए रखें ताकि उनकी स्वास्थ्य अच्छी बनी रहे। वही सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड लाइन के कर्मियों के कार्यों की जानकारी ली व व्यवस्थित चीजों की लेकर दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता एवं सभी संस्थाओं के कर्मी उपस्थित रहे।

## 11 हजार स्थान में मनाया जायेगा रामोत्सव : विहिप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद् की बैठक प्रांत कार्यालय, शक्ति आश्रम रांची में हुई। इसकी अध्यक्षता चंद्रकांत रायपत ने की। बैठक में मुख्य रूप से धर्मरक्षा निधि समर्पण अभियान, श्री रामोत्सव कार्यक्रम की पूर्ण योजना एवं आगामी कार्यक्रम के संदर्भ में चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर 11000 स्थानों में रामोत्सव का कार्यक्रम किया जायेगा। हर पंचायत में कम से कम चार स्थानों पर रामउत्सव मनाने की योजना बनाई गई। प्रांत संगठन मंत्री ने बताया कि झारखंड प्रांत में 9 अप्रैल वर्ष प्रतिपदा से 24 अप्रैल श्री हनुमान जन्मोत्सव तक रामोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रुप से क्षेत्र सहमंत्री डॉ बिरेंद्र साहू, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा यादव, प्रांत उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगांवाकर, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर, मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी कुंज, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह सह प्रमुख प्रिंस अजमानी, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा, प्रांत कोषाध्यक्ष मदन बागड़िया, प्रांत सत्संग प्रमुख रंजन सिन्हा, परियोजना सहप्रमुख रेणु अग्रवाल, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत धर्म प्रसार सहप्रमुख सच्चिदानंद सहित प्रांत विभाग एवं जिला के दायित्वान कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित थे।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में 80 में 79 अंक मिला लक्ष्मी को

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के मोरडीहा पंचायत अंतर्गत मोरडीहा गांव के कमराचक टोला निवासी छात्रा लक्ष्मी कुमारी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण हुई है। कुल पूर्णांक 80 में से लक्ष्मी कुमारी ने 79 अंक प्राप्त किया। लक्ष्मी कुमारी मोरडीहा गांव के कमराचक टोले के कंचन शर्मा और सोनी देवी की पुत्री है। वह प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरडीहा में कक्षा पांच में पढ़ती थी।कक्षा में क्रमांक 60 था वर्ग शिक्षक कपिलदेव मुंडा थे।इसी आधार पर लक्ष्मी कुमारी ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा दिया था। वहां क्रमांक 278910 था।अब जब परिणाम निकला तो वह उत्तीर्ण हो गई और अच्छे प्राप्तांक से उत्तीर्ण हुई। लक्ष्मी कुमारी मोरडीहा गांव के ज्ञान सागर कोचिंग सेंटर में ट्यूशन पढ़कर नवोदय की तैयारी करती थी। ज्ञान सागर कोचिंग सेंटर के संचालक सह शिक्षक सोनू कुमार और राहुल शाह लक्ष्मी कुमारी को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयारी कराते थे।

## डीपीएस बोकारो के प्राचार्य को साहित्य वाचस्पति की उपाधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को दुबई में आयोजित एशिया अरब एजुकेशन एंड लीडरशिप समिट के दौरान साहित्य वाचस्पति यानी डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। टीपीईजी इंटरनेशनल दुबई के संस्थापक सह सीईओ एवं थेम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ मानव आहूजा इनटाइम क्रिएटिव इवेन्ट एलएलसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ ईके राधाकृष्णन नमबियार शारजाह स्थित वेस्टफोर्ड यूनिवर्सिटी कॉलेज के सीनियर फैकल्टी डॉ फिरोज खान एवं अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही राष्ट्र व समाज के प्रति विशेष अवदान हेतु डॉ गंगवार को एक विशेष प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। विद्यालय में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा की गई। सभी ने प्राचार्य को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। अपने उद्गार में प्राचार्य डॉ गंगवार ने इस अवॉर्ड का श्रेय समस्त विद्यालय परिवार को दिया। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी डॉ गंगवार बैंकॉक ढाका श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं।

## रोटरी मिडटाउन ने सरकारी स्कूल में लगवाया हैंड वॉश स्टेशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने अपने सामाजिक दायित्व को और स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो की मुहिम के अंतर्गत सरकारी स्कूल पंचानन राजबाला प्लस 2 हाई स्कूल में छात्रों की सुविधा के लिए एक नए हैंड वॉश स्टेशन का उद्घाटन किया। इसका उद्घाटन क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट शिव अग्रवाल एवं अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को स्वच्छता का संदेश दिया तथा खाना खाने से पहले हाथ को कैसे धोएं और साफ करना चाहिए उसके बारे मे भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए क्योंकि आदमी स्वस्थ रहेगा तभी वह जीवन की रोजमर्रा के काम तेजी के साथ कर सकता है। शिक्षिका दीपा कुमारी ने स्वस्थ शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने में ऐसे आयोजनों को कारगर बताया। स्कूल में हैंड वाश स्टेशन लगने से सभी बच्चे बहुत हो खुश हुए और रोटरी क्लब का धन्यवाद किया। मौके पर रोटरी क्लब के अनूप अग्रवाल रंजन गुप्ता शिव अग्रवाल राजा उमेश स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पूर्व रेलवे ने पूरे वर्ष 370 विशेष ट्रेनों को चला कर यात्री सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**साहिबगंज।** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के देउस्कर के कुशल मार्गदर्शन और विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष और उनकी टीमों की कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के तहत, पूर्व रेलवे ने यात्रियों को निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न अवसरों पर लगभग कुल 370 विशेष ट्रेनों का परिचालन करके अपने समर्पण की पुष्टि की है। यात्रियों की विविध आवश्यकताओं और मांगों को पूरा करने के लिए इन विशेष ट्रेनों की योजना सावधानीपूर्वक बनाई गई और क्रियान्वित की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विशेष अवसरों और त्योहारों पर अपने प्रियजनों के साथ पुनर्मिलन के लिए आसानी से अपने गंतव्यों तक पहुंच सके। अप्रैल से जून तक गर्मियों के महीनों के दौरान, पूर्व रेलवे ने कुल 92 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का परिचालन किया, जिसमें न्यू जलपाईगुड़ी-सियालदह, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा, हावड़ा-रक्सौल, रक्सौल-हावड़ा, दुमका-रांची एवं कोलकाता-पुरी-कोलकाता जैसे मार्ग शामिल हैं। इन सेवाओं का उद्देश्य विभिन्न गंतव्यों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान कर छुट्टियों के मौसम के दौरान बढ़े हुए यात्री यातायात को समायोजित करना था। इसके अलावा, जुलाई और अगस्त के दौरान, धार्मिक उत्सव में भाग लेने वाले भक्तों को सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए, पूर्व रेलवे ने कुल 22 श्रावणी मेला विशेष ट्रेनों का परिचालन किया। जैसे ही दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ त्योहारी सीजन नजदीक आया, पूर्व रेलवे ने सितंबर से पूजा और छठ विशेष ट्रेनें शुरू की, जिसे दिसंबर की पहली छमाही तक बढ़ा दिया गया, इस अवधि के दौरान लगभग 140 ट्रेनों का परिचालन किया गया। यह कदम दिवाली के बाद और छुट्टियों के मौसम के दौरान यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यात्री अपने परिवार और दोस्तों के साथ बिना किसी परेशानी के उत्सव मना सके। साल के अंत के उत्सवों के महत्व को समझते हुए, पूर्व रेलवे ने क्रिसमस और नए साल के दौरान यात्रियों की आवाजाही में वृद्धि को समायोजित करने के लिए दिसंबर के दौरान शीतकालीन विशेष और अवकाश विशेष कुल 62 ट्रेनें शुरू की। इसके अलावा, होली त्योहार के दौरान यात्री यातायात में वृद्धि को समायोजित करने के लिए, पूर्व रेलवे ने सक्रिय कदम उठाया। होली की व्यस्त अवधि के दौरान त्योहारी यात्रियों को समायोजित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में लगभग 54,000 अतिरिक्त बर्थ सृजित कर पूर्व रेलवे ने पूर्व रेलवे के स्वामित्व वाली 40 होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया।

## विचारों की क्वालिटी पर आधारित है जीवन की क्वालिटी : समणी मधुर प्रज्ञा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा चास बोकारो की ओर से चास के माणकचंद छल्लानी निवास स्थान में विदुषी समनी मधुर प्रज्ञा जी के सानिध्य में आयोजित शिविर में निर्देशिका समनी मधुर प्रज्ञा ने कहा कि जीवन की क्वालिटी निर्भर करती है आपके विचारों की क्वालिटी पर।

यदि विचार सकारात्मक होते हैं तो आभामंडल पवित्र होता है। आभामंडल की पवित्रता जीवन में शक्ति शांति और आनंद का संचार करती है। उन्होंने कहा कि जीवन शैली के तीन स्तम्भ हैं भोजन आसन प्राणायाम और नींद। प्रतिदिन दीर्घ श्वास प्रेक्षा का अभ्यास करने से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है। शिविर के दूसरे सत्र में समणी शुभ प्रज्ञा जी ने शिविरार्थी बहनों से कहा कि नारी घर परिवार की संचालिका होती है। नारी स्वस्थ है तो पूरा परिवार स्वस्थ है। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाली बहनों को यौगिक क्रियाएं आसन प्राणायाम एवं मुद्राओं के अनेक प्रयोग करवाएं। अन्त में तनाव मुक्ति के लिए कायोत्सर्ग ध्यान का प्रयोग करवाया गया। मौके पर मदन चौरड़िया श्रेयांस चंदन गजराज बेगवानी सियाराम कुमार प्रमोद चौरड़िया सुमन ललिता निकिता चोपड़ा सहित कई जैन धर्मावलम्बी मौजूद रहे।

## सीसीएल कथारा क्षेत्र ने कोयला उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड : विकास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

2023-24 में 27 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा था, 28.60 लाख टन कोयला का उत्पादन हुआ

**बेरमो।** सीसीएल कथारा एरिया ने कोयला उत्पादन में नया रिकॉर्ड बनाया है। कथारा ने न सिर्फ लक्ष्य को प्राप्त किया है बल्कि उससे अधिक उत्पादन किया है। उक्त बाते जमसं ढ़ोरी क्षेत्र के एरिया सचिव विकास कुमार सिंह एरिया अध्यक्ष घीरज पांडेय व उपाध्यक्ष उज्जवल मुखर्जी ने दी। कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 27 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा था. इसकी तुलना में 28.60 लाख टन कोयला का उत्पादन हुआ है। इस दौरान यूनियन नेताओ ने इस उपलब्धि पर जीएम दिनेश कुमार गुप्ता को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# कम हुई नौकरियां

नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बुरी खबर है। भारतीय कंपनियों द्वारा मार्च के महीने में की गई भर्तियां पिछले साल की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घट गईं। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च के महीने में भर्ती गतिविधियां तीन प्रतिशत बढ़ गईं। फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर (फिट) की रिपोर्ट कहती है कि यह आंकड़ा कंपनी जगत की आशावादी कारोबारी धारणा को दशार्ता है।

मार्च, 2023 से मार्च 2024 तक के भर्ती आंकड़ों के विश्लेषण से तैयार रिपोर्ट से पता चलता है कि ग्राहकों को अस्थायी रूप से सेवाएं देने वाले पेशेवरों या फ्रीलांस काम में एक साल पहले की तुलना में 184 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट कहती है कि यह लचीली, परियोजना-आधारित कार्य व्यवस्थाओं के लिए पेशेवरों की बढ़ती प्राथमिकता को दशार्ता है।इस तरह के पेशेवरों में स्वतंत्र वकील, शिक्षक, लेखाकार, प्रबंधन सलाहकार और अन्य व्यवसायों से जुड़े लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा कार्यबल में अहम हिस्सेदारी रखने वाले अस्थायी कामगारों का अनुपात इसी अवधि में 21 प्रतिशत बढ़ा है। यह व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्रीलांसर और स्वतंत्र ठेकेदारों पर कंपनियों की बढ़ती निर्भरता को दिखाता है।रिपोर्ट के मुताबिक, काम के आधार पर भुगतान पाने वाले अस्थायी कामगारों पर आधारित ह्यगिग अर्थव्यवस्थाह्न में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र सबसे आगे है। गिग अर्थव्यवस्था में आईटी सॉफ्टवेयर की हिस्सेदारी लगभग दोगुनी हो गई है जो मार्च, 2023 में 22 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 46 प्रतिशत हो गई है। दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई के महानगर अब गिग नौकरियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# सभी को तीन सौ करोड़ ?

लोक सभा के चुनाव प्रचार के आंरभ में ही पीएम मोदी ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि वे पश्चिम बंगाल में जब्त तीन हजार करोड़ रुपये को वहां के निर्धन परिवारों के बीच के वितरित करने की योजना पर कानूनी सलाह ले रहें हैं। सरकार ने संसद में बताया था कि 2017 से 2023 के बीच में आर्थिक अपराधों की जांच करने वाली एजेंसियों द्वारा लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया था कि ईडी, डीआरआई, आयकर विभाग और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा 10,683 करोड़ रुपये की 204 अचल संपत्तियां कुर्क की गईं हैं। संसद में दिये गए जवाब में पंकज चौधरी ने यह भी कहा था 2017-18 और 2021-22 के बीच दोनों बोर्डों द्वारा बेची गई संपत्ति 71 करोड़ रुपये की थी। वित्त राज्य मंत्री ने बताया था कि कई मामलों में सीबीडीटी और सीबीआईसी द्वारा संपत्तियों को कुर्क किया जाता है। कुर्क को अदालत में चुनौती दी जाती है और जब तक अदालत मामले का फैसला नहीं करती इन संपत्तियों को नहीं बेचा जा सकता है।इसके साथ ही पिछले पांच वर्षों के दौरान (1 फरवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2023 तक) प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 15,619.56 करोड़ की जब्ती की गई थी। मंत्री द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक, 15,113.91 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में जमा कर दी गई है। लोकसभा की पश्चिम बंगाल की भाजपा प्रत्याशी अमृता राय से फोन पर बातचीत के क्रम में पीएम मोदी ने यह बात कही है। याद रहे कि विगत चुनाव में विदेशी काला धन भारत लाकर हर भारतीय परिवार को 15 लाख देने की बात को भी लोगों ने सुना था जिसे बाद में चुनावी जुमला बता दिया गया। तीसरी बारजीत को आश्वस्त मोदी क्या इस मुद्दे पर सही में गंभीर हैं?

# चुनावी बॉन्ड से चंदे पर शेयरधारक क्यों अंधेरे में?




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पिछले दिनों चुनावी बॉन्ड पर दो दस्तावेज में जानकारियां सौंपी। चुनावी बॉन्ड खरीदना पूरी तरह कंपनियों एवं उद्यमियों की इच्छा पर निर्भर था मगर प्रश्न यह है कि कोई कंपनी या इकाई अपनी मेहनत की कमाई स्वार्थ सिद्धि करने वाले राजनीतिज्ञों को क्यों दे? कंपनियां तभी ऐसा करती हैं जब उन पर दबाव डाला जाता है या कोई विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है।


चुनावी बॉन्ड के जरिये आया स्वैच्छिक चंदा अधिक नहीं माना जा सकता। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है कि बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची से नदारद थे। इन दिनों भारत के उद्योग जगत की ज्यादातर बड़ी कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं। मगर कुछ क्षेत्रों की लगभग 100 कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को चंदा दिया। चंदा देने वाली कंपनियों की सूची में कुछ ही बड़ी कंपनियां (निफ्टी 200 शेयर) शामिल थीं।

दानकर्ता कंपनियों की सूची में वेदांत (400 करोड़ रुपये से अधिक), भारती एयरटेल (198 करोड़ रुपये), टॉरंट पावर (106 करोड़ रुपये) और यूनाइटेड फॉस्फोरस (60 करोड़ रुपये) शामिल हैं। मगर इसमें शामिल ज्यादातर कंपनियों ने अपने मुनाफे की तुलना में काफी कम रकम चंदे के तौर पर दी है।

उदाहरण के लिए सन फार्मास्युटिकल्स ने पिछले साल 8,900 करोड़ रुपये शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था मगर उसने मात्र 31.50 करोड़ रुपये (महज 0.3 प्रतिशत) राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड के जरिये दिए। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने लगभग इतनी ही रकम (25 करोड़ रुपये) चंदे के रूप में दी।

अन्य कंपनियों में बजाज फाइनैंस (20 करोड़ रुपये), बजाज ऑटो (18 करोड़ रुपये), हीरो मोटर्स (20 करोड़ रुपये), टीवीएस मोटर्स (26 करोड़ रुपये), अल्ट्राटेक (35 करोड़ रुपये), मारुति सुजूकी (20 करोड़ रुपये) और पीरामल एंटरप्राइजेज (48 करोड़ रुपये) के नाम सूची में दर्शाए गए हैं।

इससे अधिक दिलचस्प बात यह है कि सूचीबद्ध बड़ी कंपनियों में एक बड़ी संख्या उनकी है जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा नहीं दिया। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं। इस सूची में किसी भी बहुराष्ट्रीय कंपनी का नाम नहीं है और न ही निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो दिखाई देती है।



-देवाशिष बसु

> चुनावी बॉन्ड के गहन विश्लेषण से पता चलता है कि कंपनियां डर या किसी तरह के फायदे-प्रोत्साहन (ठेका, परियोजना या ऑर्डर मिलने में सहूलियत) के लिए चंदा दे रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच अव्यवस्थित बातचीत की वजह से यह आसानी से पता नहीं चलता कि चंदा दबाव या प्रोत्साहन के कारण दिया गया है।

जिन कंपनियों ने चंदा दिया है उन्होंने शेयरधारकों को इसकी स्पष्ट जानकारी दी है या नहीं? मौजूदा समय में बाजार नियामक और स्टॉक एक्सचेंज अधिक से अधिक पारदर्शिता पर जोर दे रहे हैं जिसे देखते हुए चंदा देने वाली कंपनियों को स्पष्टीकरण के साथ इससे जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपने शेयरधारकों को देनी चाहिए। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, सिप्ला, भारती एयरटेल, पीरामल एंटरप्राइजेज जैसी बड़ी कंपनियों की वित्त वर्ष 2022-23 की सालाना रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो इनमें चुनावी बॉन्ड का कहीं जिक्र नहीं है। वेदांत ने चंदे में दी रकम को ह्यअन्य व्ययह्न में दिखाया है मगर एक फुटनोट लिखा है जिससे यह पता चलता है कि रकम चुनावी बॉन्ड खरीदने पर खर्च की गई है।

शेयरधारकों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतना उन कंपनियों के मामले में और भी आवश्यक हो जाता है जो आरोपों या किसी जांच का सामना कर रही हैं। कई बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची में नहीं हैं मगर दिलचस्प है कि सभी सूचीबद्ध दवा कंपनियां और कई अन्य गैर-सूचीबद्ध कंपनियां के नाम सूची में शामिल हैं।इनमें कई कंपनियां कर वंचना, खराब गुणवत्ता वाली दवाओं या अधिक कीमत वसूलने के लिए कार्रवाई (कुछ वाजिब तो कुछ कथित रूप से गैर-वाजिब) का सामना कर रही हैं। चुनावी बॉन्ड से चंदा देने वाले बड़े नामों में दिवीज लैबोरेट्रीज (55 करोड़ रुपये), सिप्ला (39.20 करोड़ रुपये), एल्केम लैबोरेटरीज (15 करोड़ रुपये), डॉ. रेड्डीज (84 करोड़ रुपये), सन फार्मा और मैनकाइंड फार्मा (24 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इनमें किसी भी कंपनी ने चुनावी बॉन्ड के बारे में अपने शेयरधारकों के समक्ष बड़े खुलासे नहीं किए हैं।

चुनावी बॉन्ड के गहन विश्लेषण से पता चलता है कि कंपनियां डर या किसी तरह के फायदे-प्रोत्साहन (ठेका, परियोजना या ऑर्डर मिलने में सहूलियत) के लिए चंदा दे रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच अव्यवस्थित बातचीत की वजह से यह आसानी से पता नहीं चलता कि चंदा दबाव या प्रोत्साहन के कारण दिया गया है।

कारण जो भी हो किसी भी सूरत में शेयरधारक और नागरिक दोनों ही अंधेरे में रखे जाते हैं। उदाहरण के लिए सरकार के पूंजीगत व्यय पर विचार करते हैं। केंद्र सरकार सड़क, पुल, स्वच्छता, पेयजल, रेल आधुनिकीकरण और ऊर्जा पर भारी भरकम पूंजीगत व्यय कर रही है। इन परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया कुछ निश्चित मानदंडों पर आधारित होती हैं मगर सदैव इनका अनुपालन नहीं होता है।

कंपनियां पूंजी के रूप में बड़े पैमाने पर नकद रकम का इस्तेमाल भी करती हैं। मेघा इंजीनियरिंग (1,200 करोड़ रुपये) की अगुआई में पिची रेड्डी की चार कंपनियां इस सूची में दूसरी सबसे बड़ी दाता के रूप में सामने आई हैं। ऐसी खबरें हैं कि मेघा इंजीनियरिंग ने कई मौकों पर चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं। ये सभी बड़ी परियोजनाओं का ठेका लेने से ठीक पहले खरीदे गए हैं।

सूची में निर्माण क्षेत्र की एक अन्य बड़ी कंपनी बी जी शिरके कंस्ट्रक्शन ने चुनावी बॉन्ड खरीद कर 117 करोड़ रुपये दान में दिए। कंपनी को महाराष्ट्र में एक बड़ी सस्ती आवास परियोजना और दूसरे सौदे प्राप्त हुए। तो खुलासे को लेकर क्या किया जा सकता है, कम से कम सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में? आईएफबी एग्रो ने अपनी सालाना रिपोर्ट 2022-23 में पूरी पारदर्शिता बरती है।

## खास बात

### शांति के लिये शक्ति

नागेन्द सिंह

**भारतीय** सेनाओं में अत्याधुनिक अस्त्रों-शस्त्रों की आपूर्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। मगर भारतीय वायुसेना में 4.5वीं पीढ़ी के अत्याधुनिक विमान राफेल का शामिल होना इस मायने में खास है क्योंकि भारत चीन के साथ सीमा रक्षा में उलझा हुआ है। देश के सामने बड़ी चुनौती है और दुनिया में फिलहाल इस विमान की टक्कर का कोई दूसरा विमान नहीं है। हर संकट के समय में काम आने वाले मित्र देश फ्रांस ने चुनौती के वक्त राफेल की पहली खेप की आपूर्ति की है। ऐसी मदद उसने कारगिल युद्ध के दौरान मिराज लड़ाकू विमान को लेकर भी की थी। इस बेजोड़ लड़ाकू जहाज को एक साल से फ्रांस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पायलट पूरी तैयारी के साथ भारतीय धरती पर लाये हैं। फिलहाल वे इतने सक्षम हैं कि राफेल की तैनाती तनावपूर्ण क्षेत्र लद्दाख में हो सकती है। इन विमानों के आगमन को लेकर देश में इतना उत्साह था कि लोग महामारी के संकट को भूल लड़ाकू जहाजों के आगमन की प्रतीक्षा करते रहे। यह उत्साह सिर्फ अंबाला में ही नहीं था जहां इन लड़ाकू विमानों को उतरना था, बल्कि सारे देश में था। महत्वपूर्ण इतना कि इनकी अगवानी के लिये खुद वायुसेनाध्यक्ष अंबाला में मौजूद थे। फ्रांस से लंबा सफर तय करके जैसे ही इन पांचों राफेल विमानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया, दो सुखोई लड़ाकू विमान इनका साथ देने लगे।

समय की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने इस आयोजन को मीडिया से दूर रखा और अंबाला के कुछ इलाकों में धारा 144 लगाई गई तथा छतों से फोटो खींचने तक पर रोक लगाई गयी। इन लड़ाकू विमानों के आगमन को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम अगस्त के दूसरे हफ्ते में किये जाने की बात कही जा रही है। राफेल विमान के सुर्खियों में होने की वजह जहां एक ओर चीन से चल रहा सीमा विवाद है तो वहीं पिछले आम चुनाव में कांग्रेस द्वारा इसे चुनावी मुद्दा बनाया जाना भी है। बहरहाल, अब राफेल भारतीय वायुसेना का हिस्सा है। एक हकीकत यह है कि वायुसेना को रणनीतिक व सामरिक दृष्टि से हथियारों की सख्त जरूरत थी। (महेन्द्रा सेंटर हजारीबाग)

# ऋषि का प्रभाव

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती

**रानी** भय से कांप रही थी। मुनि बोले हे रानी। भय त्याग कर बोलो, यह घटना कैसे घटित हो हुई। तब रानी बोली हे महामुनि संसार में सब लोग अपने लिये उत्तम वस्तु चाहते हैं। अतः सत्यवती के लिये जो चरु आप तैयार किये उसमें अवश्य कोई विशेषता होगी यह विचारकर मैंने चरु की अदला-बदली कर ली। यह सुनकर ऋषि बोले तुमने यह क्या किया?तुमलोग क्षत्रिय हो। इसलिये मैं तुम्हारे लिये क्षत्रिय गुण से संपन्न क्षात्रतेज वाले पुत्र का संकल्प किया था और हमलोग ब्राह्यमण हैं इसलिये ऐसे पुत्र का संकल्प किया था कि जिसमें ब्राह्यमणोचित तेज हो, सात्विक हो और बेदों की सर्वोच्च ऋचा की रचना करेगा। अतः हे सत्यवती तुम्हारे गर्भ से युद्धोन्मादक हिंसक पुत्र उत्पन्न होगा और रानी ब्राह्यणचित तेज संपन्न पुत्र की माता होगी। जो वेदों के सर्वोच्च ऋचाओं की रचना करेगा। इतना सुनकर सत्यवती बोली कि नहीं मुझे यद्धोन्मादक पुत्र नहीं चाहिए। मुझे वहीं पुत्र चाहिए जिसके लिए आप संकल्प करके चरु तैयार किये थे। ऋषि बोले जो होना था वह हो गया। अब मैं शास्त्र के विरूद्ध उलट-फेर कैसे कर सकता हूं। तब वह ऋषि का चरण पकड़ बोली- आप कुछ भी करने में समर्थ हैं। अतः आप मेरे लिये ऐसा किजींण कि मरे गर्भ से क्षत्रीयगुण संपन्न हिंसक पुत्र की उत्पति न हो। मुनि बोले- तुम्हारी प्रार्थना से इतना ही कर सकता हूं कि तुम्हारा क्षत्रीयोचित गुण से संपन्न युद्ध उन्मादक नहीं होगा।
(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)

**अंत:करण**-पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट

सिंदरी खाद कारखाना के फिर से शुरू होने से क्षेत्र के विकास में बदलाव आएगा। बदलते समय के अनुरूप नया झारखण्ड बनाने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। उम्मीद है, राज्य को संवारने में पीएम मोदी जी का सहयोग मिलेगा। **- चंपई सोरेन, सीएम**





इंडी गठबंधन वाले पानी पी-पीकर मुझे गालियां देते हैं, लेकिन उनकी एक भी गाली मुझ तक नहीं पहुंचती है, क्योंकि आपके आशीर्वाद की दीवार उनकी गालियों को मुझ तक नहीं पहुंचने देती।

**- नरेन्द्र मोदी**

# देश में चीनी उत्पादन बढ़ने का अनुमान, 10 लाख टन निर्यात करने की जरूरत

सुशील मिश्र

अभी तक देश में करीब 300 लाख टन चीनी का हुआ उत्पादन, राज्यों में चीनी उत्पादन के मामले में फिलहाल महाराष्ट्र सबसे आगे है। चीनी पेराई सीजन अंतिम चरण में पहुंच चुका है। अभी तक देश में करीब 300 लाख टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। चालू चीनी सीजन में चीनी उत्पादन 340 लाख टन रहने का अनुमान है जबकि पहले 330.5 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया गया था। महाराष्ट्र में अनुमान से अधिक चीनी उत्पादन होने के कारण इस साल देश में अधिशेष चीनी उत्पादन होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी अनुमान के आधार पर चीनी उद्योग संघ 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मांग कर रहा है नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (ठत्रछरत्र) के आकड़ों के मुताबिक 31 मार्च 2024 तक देश में 2950.14 लाख टन गन्ने की पेराई की गई है और अब तक 299.45 लाख टन चीनी उत्पादन हुआ है। देश में कुल 535 चीनी मिलों ने पेराई सीजन में भाग लिया था जिसमे से अब तक 326 चीनी मिलों ने पेराई बंद कर दिया है। जबकि पिछले सीजन 2022-23 में इस समय तक 534 चीनी मिलों ने पेराई में भाग लिया था और 350 चीनी मिलें बंद हो चुकी थी और 3052.56 लाख टन गन्ना पेराई कर 301.25 लाख टन चीनी उत्पादन हुआ था।

राज्यों में चीनी उत्पादन के मामले में फिलहाल महाराष्ट्र सबसे आगे है और उसके बाद उत्तर प्रदेश दूसरे नंबर पर है।

## आर्थिक

महाराष्ट्र में अब तक 107.30 लाख टन चीनी उत्पादन हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश में अब तक 97.10 लाख टन चीनी उत्पादन हुआ है। तीसरे नंबर पर कर्नाटक है। महाराष्ट्र में उम्मीद से अधिक चीनी उत्पादन होने की वजह से देश में चीनी उत्पादन में अधिशेष का अनुमान लगाया जाने लगा है और इसी आधार पर भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सरकार से 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया है।

इस्मा ने कहा है कि सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया है। इसके पहले जनवरी में संघ ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल के लिए शीरे के उपयोग में लाये जाने के बिना, सकल चीनी उत्पादन 330.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया था। जबकि पिछले वर्ष का सकल उत्पादन 366.2 लाख टन था।

इस्मा के मुताबिक एथेनॉल की ओर 20 लाख टन चीनी के अनुमानित डायवर्सन के बाद चालू सीजन के लिए शुद्ध अनुमानित चीनी उत्पादन 320 लाख टन है। पिछले सीजन का करीब 56 लाख टन स्टॉक और इस बार का शुद्ध चीनी उत्पादन मिलाकर देश में चीनी का स्टॉक 376 लाख टन हो जाएगा जबकि देश में 285 लाख टन चीनी खपत का अनुमान है। इस तरह 30 सितंबर 2024 को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में 91 लाख टन अधिशेष स्टॉक होने की उम्मीद है।

इस्मा के बयान में कहा गया कि 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से विभिन्न क्षेत्रों में गन्ने की अधिक खेती को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है, जिससे गन्ने की मजबूत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। 2024 में सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे 2024-25 में मध्यम पेराई सत्र होगा और पर्याप्त चीनी उपलब्धता होगी।

खाद्य सचिव को लिखे पत्र में इस्मा ने कहा है कि देश में पर्याप्त चीनी होने और अगले साल गन्ना की बुआई अधिक होने के अनुमान है। इस आधार पर चालू सीजन में 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने पर विचार किया जाए।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आस्था और बलिदान

**हरिद्वार** नगरी में स्वामी सतमित्रानंद जी द्वारा बनाए गए भारत माता मंदिर में ही शहीदों, वीरों और क्रांतिकारी भारत के बेटे-बेटियों को स्थान मिला है। देश के संत समाज और सभी मंदिरों के प्रमुखों से नम्र निवेदन है कि वे अपने अपने मंदिर में देश और प्रदेश के जो भी बड़े-बड़े बलिदानी वीर हुए हैं, उनकी प्रतिमा लगाएं। उनसे सम्बद्ध साहित्य बांटें।

**-हरशंकर सिंह, रांची**

### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **- सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# यूपी ने देश को दिए सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री

## चुनाव 2024

नरेंद्र मोदी भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री हैं। उनसे पहले मनमोहन सिंह ने दस सालों तक पीएम पद संभाला।

नरेंद्र मोदी लगातार दस साल तक भारत का पीएम पद संभालने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम हैं

भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, यह लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम तय करेंगे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए गठबंधन के पीएम फेस हैं। भारत देश का प्रधानमंत्री पद अब तक कुल 15 लोग संभाल चुके हैं, इनमें गुलजारी लाल नंदा भी शामिल हैं। उन्होंने दो बार बतौर एक्टिंग पीएम देश की कमान संभली। आइए आपको बताते हैं भारत के पीएम पद से जुड़े कुछ खास तथ्य।

उत्तर प्रदेश ने देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री- देश के पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू, दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री, तीसरी पीएम इंदिरा गांधी यूपी से चुनकर ही लोकसभा पहुंचे थे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी वैसे तो गुजरात से संबंध रखते हैं लेकिन वह भी दोनों बार यूपी की वाराणसी लोकसभा सीट से ही चुनकर संसद पहुंचे हैं। यूपी ने भारत को अब तक कुल 9 प्रधानमंत्री दिए हैं, जिनमें राजीव गांधी, चंद्रशेखर, वीपी सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह शामिल हैं।

नेहरू गांधी परिवार से तीन प्रधानमंत्री- नेहरू गांधी परिवार ने अब तक देश को तीन प्रधानमंत्री दिए हैं। देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू लगातार तीन चुनाव जीतकर देश के पीएम बने। पंडित जवाहर लाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी देश की तीसरी पीएम थीं। इंदिरा गांधी ने करीब 16 साल देश की कमान संभाली। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री बने। वह पांच साल तक पीएम रहे।

बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी से अटल बिहारी वाजपेयी- बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कुल तीन बार देश की बागडोर संभाली। उनका पहला कार्यकाल महज 13 दिन का था, जो अब तक के प्रधानमंत्रियों में सबसे छोटा है। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी 1999 चुनाव के बाद जब तीसरी बार पीएम बने तो उन्होंने पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। वह बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम थे।

पीवी नरसिम्हा राव साउथ से पहले, मनमोहन सिंह एकमात्र सिख- पीएम पद तक पहुंचने वाले नेताओं में कांग्रेस पार्टी के पीवी नरसिम्हा राव भी शामिल हैं। पीवी नरसिम्हा राव जून 1991 में भारत के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने पूरे पांच साल सरकार चलाई। वह दक्षिण भारत से संबंध रखने वाले देश के पहले पीएम थे। इसी तरह सरदार मनमोहन सिंह ने साल 2004 भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 2009 का लोकसभा चुनाव जीता। सिख समुदाय से संबंध रखने वाले वह पहले पीएम थे।

लगातार दस साल सरकार चलाने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम नरेंद्र मोदी- नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में पीएम पद की शपथ ली। इसके बाद वह साल 2019 में दोबारा भारत के प्रधानमंत्री बने। इससे पहले जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह ही ऐसे पीएम जो लगातार दस सा भारत के प्रधानमंत्री रहे। नरेंद्र मोदी यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले गैर कांग्रेसी पीएम हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## कर्मचारियों के हितों का भी रखा जाए पूरा ख्याल : केएस सुंदरम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनटीपीसी लिमिटेड परियोजना के निदेशक केएस सुंदरम, पीवीयूएनएल के अध्यक्ष शंभूनाथ त्रिपाठी ईडीपीएम और प्रसेनजित पाल ईडी के साथ सोमवार को पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का दौरा किया। पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह सहित कंपनी के अन्य अधिकारियों ने सभी का जोरदार स्वागत किया। सुंदरम ने प्लांट की प्रगति को लेक कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। अन्य विभागों के प्रमुख, कर्मचारी और अन्य स्टाफ मेंबर मौजूद उपस्थित थे। सुंदरम ने प्लांट की प्रगति के बावत कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा मापदंडो का पूर्ण रूप से पालन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कंपनी की बेहतरी के साथ-साथ यहां मजदूरों के हितों का भी पूरा ख्याल रखा जाए। अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के बेहतर कार्य और मेहनत के कारण ही कंपनी प्रगति की ओर अग्रसर है।

## पोचरा में 100 किलो जावा महुआ नष्ट



**रामगढ़।** पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में बुधवार को बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत पोचरा में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। पुलिस ने 100 किलो जावा महुआ नष्ट किया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब बनाने और बिक्री सूचना मिली थी, जिसपर कार्रवाई की गई। बरकाकाना ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली ने कहा कि ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और जो भी शामिल पाया जाएगा उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आयुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण



**मांडू।** लोकसभा चुनाव को लेकर उतरी छोटनागपुर प्रमंडल आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मांडू प्रखंड के कई बूथों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल के बूथ संख्या 198, 199, 200, 201, 202, उमवि गोविंदपुर विद्यालय के बूथ 205, उमवि हेसागढ़ा के बूथ 196, 197 और राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडू के बूथ संख्या 206 का निरीक्षण किया। आयुक्त ने बूथ में मूलभूत सुविधाएं के साथ होम वोटिंग, सर्वे पंजी के बारे में चर्चा की। इसके अलावे उन्होंने अनुपस्थित, हस्तांतरित व मृत लिस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ को बूथों में खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव समेत बीएलओ, सुपरवाइजर एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## कृष्ण साव ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़।** कृष्ण कुमार साव ने उपायुक्त रामगढ़ को दिया ज्ञापन। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के वाद संख्या डब्लूपी( सी ) 752/2023 में कृष्ण साव पिता स्व खजांची साव, बालेश्वर साव पिता स्वा द्वारिका साव, रघुनंदन साव पिता स्व बिहारी साव, सरजु साव पिता स्व लोचन साव, बिरजू साव पिता स्व दशरथ साव, महेश प्रसाद मंडल पिता स्व काशी साव को वाद के प्रथम पक्ष अमर कुमार मुंडा, रजी अहमद, प्रदीप कुमार मोदी और राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की ओर से प्रतिवादी बनाया गया था। ज्ञापन में बताया कि प्रथम पक्ष के उक्त चार लोगों द्वारा मौजा मांडू, थाना नं 114 के खाता नं 26, प्लॉट नं 424 रकबा 33 .80 ए बकास्त भूमि को बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4 (एच ) के तहत वाद संख्या 14/53-54 में दिनांक 29,06,1976 के पारित आदेश में बिहार सरकार की भूमि घोषित किया गया।

## भुरकंडा में महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा रेलवे साइडिंग टिपला में बुधवार को भुरकुंडा पुलिस ने महुआ शराब को लेकर छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान भुरकुंडा पुलिस ने रेलवे साइडिंग टिपला सौन्दा में अवैध महुआ शराब की कई भट्ठीयों को ध्वस्त कर दिया।इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में महुआ शराब को भी नष्ट कर दिया। भुरकुंडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस को सुचना मिली थी कि रेलवे साइडिंग टिपला में अवैध महुआ शराब की भट्ठी चल रही हैं। सूचना के बाद पुलिस ने देखा कि सीसीएल के पुराने आवास में भारी मात्रा में ड्राम में महुआ गलाने के लिए रखा हुआ है। साथ ही गैलन में महुआ का शराब है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 40 लीटर महुआ शराब और 90 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। अभियान में ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई निर्भय कुमार गुप्ता और सशस्त्र बल शामिल थे।

# मोदी मैजिक के सामने विपक्ष के सभी करतब होंगे फेल : मनीष

### भाजपा प्रत्याशी जायसवाल ने रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** भाजपा -आजसू के हजारीबाग लोकसभा के गठबंधन प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में तूफानी दौरा किया। इस बीच उन्होंने जगह-जगह जन संवाद कार्यक्रम एवं स्वागत कार्यक्रम में हिस्सा लिए। उन्होंने कहा कि मोदी मैजिक के सामने इंडिया गठबंधन के सारे करतब फेल हो जाएंगे। जायसवाल ने विपक्षी दलों पर कहा कि उन्हें तो पार्टी और गठबंधन में कोई उम्मीदवार भी नहीं मिल रहा था। वह बलि का बकरा ढूंढ रहे थे, लेकिन गठबंधन में कोई भी तैयार नहीं हुआ। अंत में वह भाजपा के ही एक साथी को अपने दल में ले जाकर उन्हें उम्मीदवार बनाया है।

जायसवाल ने कहा कि मतदान दो विषय पर करें। तुलना करें कि आप अपने देश को आगे ले जाना चाहते हैं या फिर पीछे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस विषम परिस्थिति में लोग आत्म- मंथन चिंतन करें कि कांग्रेस के शासनकाल में हमारा देश कहां था, और मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश किस पायदान पर खड़ा है। कहा कि देश आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में रही। लेकिन देश कभी सुरक्षित नहीं रहा। बल्कि ये लोग यहां के पूर्वजों को ठगने के साथ देश की संपत्ति को सिर्फ लूटा। आज हर गरीब जनता को पीएम आवास, अनाज, गैस- सिलेंडर, कृषि सम्मान निधि जैसे अनगिनत योजनाएं देकर मजबूत बनाने का कार्य किया है। वहीं आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो ने कहा कि टिकट नहीं मिलने के मलाल के बाद ऐसे नेता भी है जो अपना घर छोड़कर दूसरे घर में चले गये। जब ये एक पार्टी के नहीं हुए तो जनता के क्या होंगे। ऐसे नेता को यहां की जनता कभी माफ नहीं करेगी। चुनाव में करारा जवाब देने का काम करेगा। मौके पर कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, जिला महामंत्री प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरी, सी शरन प्रसाद, मुकेश साहू, पंकज शाहा, गुड्डू सिंह, जय किशोर महतो, नीतीश प्रजापति, शंकर मिश्रा, पवन साहू दिगंबर साहू रविंद्र प्रसाद, हेमनी देवी, लक्ष्मी पंडा, अर्जुन यादव, हरिनारायण कुशवाहा, अरुण कुमार कुशवाहा, विनोद प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, राजू साव,रामबचन महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, विश्वामित्र महतो, दुलाल पंडा, मुरली महतो, प्रयाग महतो, पप्पू महतो, राजेश महतो, गया प्रसाद राय, नंदकिशोर ठाकुर, संतोष शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जायसवाल का कार्यक्रम नगर परिषद के बोंगाबार करमाली टोला, मंडा टांड, दुर्गा मंडप, जोगियागढ़ा, अम्बाटांड़ सांडी, कोयरी टोला, कालीबाड़ी, मनमोहन नगर, धनहारा चौक, रामग्लास, पोचरा, दिगवार चौक, दुर्गा मंदिर, पारटांड, लुगू मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां पर श्री जायसवाल का लोगों ने गर्मजोशी स्वागत किया।



# जेवीएम ने भाजपा पर कब्जा कर लिया है : यशवंत सिन्हा

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बाबूलाल और भाजपा पर किया तंज

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्हा ने हजारीबाग की जनता से की अपील जेपी पटेल को जिताएं**



**हजारीबाग।** इंडि गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार जेपी पटेल के समर्थन में बुधवार को ऋषभ वाटिका में पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा ने प्रेस वार्ता की उन्होने कहा कि देश में तब तक ईमानदार हैं जब तक आप पकड़े नहीं जाते। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कर रहें हैं उसे समझ लें कि जैसे ही यह सरकार, ये रेजिम चेंज होगी, इस रेजिम के कौन-कौन लोग जेल में होंगे ये आप सोच भी नहीं सकते हैं। भाजपा अगली लोकसभा में अल्पमत में होगी। इंडि गठबंधन के कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे अपने-अपने बूथ को पकड़े और दोगुने जोश के साथ कार्य करें। जेपी पटेल हजारीबाग से लोकसभा जायेंगे इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। कभी भी अपना पोजिशन अपना कंडिशन आगे नहीं होना चाहिए। राजनीति जनसेवा के लिए होती है। हजारीबाग को लेकर मैं चिंतित हूं। श्री सिन्हा ने हजारीबाग के भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल का नाम नहीं लेते हुए कटाक्ष कर कहा कि हजारीबाग विधानसभा में जो दृश्य देखा है अगर यही दृश्य रही आने वाले समय में तो ये हजारीबाग के लिए सही नहीं होगा। हजारीबाग में मैंने 40 साल दिये। आज तक और मरते दम तक मेरा एक ही उद्देश्य रहा है और रहेगा कि हजारीबाग के लोग तरक्की करें। हजारीबाग के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग हो। कुछ लोगों के लिए ये महत्वपूर्ण है कि वे अपनी निजी स्वार्थ में लगकर यहां के संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, जिससे मुझे तकलीफ होती है। इन सबको हटाना है। मुझे खुशी है कि इंडि गठबंधन ने जेपी पटेल को उम्मीदवार बनाया। मेरी जितनी भी ताकत है उसे मैं जयप्रकाश भाई पटेल को जिताने में लगा दूंगा। हजारीबाग की जनता से अपील है कि जेपी पटेल को जिताएं। हजारीबाग में इंडि गठबंधन में किसी प्रकार का विवाद नहीं है। ये अच्छी बात है। हजारीबाग में भाजपा का टेकओवार जेवीएम ने कर लिया है। बाबूलाल मरांडी झारखंड को बेचकर अध्यक्ष बन गये हैं। वे जेवीएम के लोगों को आगे बढा रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता अंगूठा चूस रहे हैं। उन्होने हजारीबाग की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने अच्छे भविष्य के लिए जेपी पटेल को वोट देकर लोकसभा भेंजे। मौके पर इंडि गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल, जयशंकर पाठक, गणेश सीटू सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री आदिनाथ भगवान की मनायी गयी जयंती

हजारीबाग। श्री दिगंबर जैन मंदिर हजारीबाग में बुधवार को देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान की जन्म जयंती मनाई गई। चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी को प्रथम तीर्थंकर युग प्रवर्तक के जन्म एवं तप कल्याणक महापर्व के पावन अवसर पर श्री आदिनाथ भगवान के मंदिर की तीन परिक्रमा लगाई गई। जैन महिला समाज की महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण कर दो पंक्तियों में चल रही थीं। सभी आदिनाथ भगवान की जय जयकार लगा रहे थे। जन्म जयंती के अवसर पर आदिनाथ भगवान की अभिषेक व शांतिधारा दोनों दिगंबर मंदिरों में की गई। अभिषेक व शांतिधारा व सभी उपस्थित बंधु के प्रबल पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना दिगंबर जैन पंचायत ने की। संध्या में दोनों दिगंबर जैन मंदिर में णमोकार पाठ, श्री भक्तामर पाठ एवं महाआरती का कार्यक्रम हुआ। मीडिया प्रभारी विजय लुहाड़िया ने भक्तामर पाठ की महिमा पर बताया कि श्री भक्तामर की आराधना से कर्मों की निर्जरा होकर पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भक्तामर स्त्रोत के सुमिरन से, चिंतन से अनंत गुणों कर्मों की निर्जरा होती है।

# भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने झोंकी ताकत

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत करीब 35 गांवों का सघन तुफानी दौरा किया और जनसंपर्क एवं जनसंवाद के माध्यम से लोकसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करने का आग्रह किया। जायसवाल ने दौरे की शुरूआत बोंगाबार ग्राम से जनसंपर्क और समापन दिगवार में जनसंवाद के साथ किया। मनीष जायसवाल ने इस दौरान रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के बोंगाबार नीमटोला, मंडाटांड़, बगाहदोहर, करमाली टोला, जोगियागढ़ा, अंबाटांड़, सांडी शिव नगर, मनमोहन नगर सहित अन्य जगहों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दौरे पर निकले जायसवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आपको पीएम और सांसद चुनना है। आपके पास दो विकल्प है। एक तरफ गांधी परिवार के नेतृत्व में 26 दलों का इंडी महागठबंधन तो दूसरी तरफ भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन। विचार आपको करना है की एनडीए गठबंधन का साथ देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है या नेता विहीन खिचड़ी ठगबंधन की सरकार बनानी है। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अलग-अलग क्षेत्र की अलग-अलग समस्याएं हैं लेकिन एक समस्या जो सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए कॉमन है वो है विस्थापन की समस्या। उन्होंने कहा कि आपका आशीर्वाद अगर रहा तो निश्चित रूप से विस्थापन के दर्द को संसद पटल पर पुरजोर तरीके से उठाऊंगा और खनन क्षेत्र में एक पॉलिसी बनाने की वकालत करूंगा ताकि विस्थापितों को उनका सही हक और अधिकार मिल सके। मौके पर विशेषरूप से रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू जिला संगठन सचिव गुड्डू सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के संयोजक रणंजय कुमार उर्फ. कुंटू बाबू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, रणजीत सिन्हा, राजीव जायसवाल, रंजन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## युवती ने की आत्महत्या

**चौपारण।** चौपारण के न्यू सिंघरावा की एक युवती जिसकी शादी तय हुयी थी, इससे नाराज होकर उसने जंगल में जाकर पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि महीने में होने वाली थी शादी। सच्चाई या मौत का कारण जांचोपरांत ही पता चल पाएगा। बताया जा रहा युवती की माँ गेहूं काट कर जंगल से लौट रही थी अचानक मां की नजर पेड़ पर पड़ी जाकर देखा तो बेटी को दुपट्टे से पेड़ से लटका पाया। उसे फंदे को काटकर नीचे उतारा तब तक बहुत देर हो चुकी थी, तबतक बेटी ने दम तोड़ दिया था। घटना की सुचना चौपारण पुलिस को दिया गया, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर चौपारण थाना ले आई। मिली जानकारी के अनुसार सिंघरावा पंचायत के लोढ़िया निवासी रामधनी यादव अपनी बेटी का विवाह चंदवारा प्रखंड के खांडी में तय किया था। लड़का लड़की में बातचीत चल रही थी, होली के दिन लड़के ने नया मोबाइल खरीद कर गिफ्ट भी किया था। बीती रात्रि लड़के व लड़की में आपसी विवाद हुआ और लड़की ने ऐसा कदम उठाया।

# मार्शल आर्टस आत्मरक्षा का बेहतर साधन : ब्यास पांडेय

**▸▸ शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट के सफल कराटेकार सम्मानित**

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में भुरकुंडा पंचायत भवन व बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में चल रहे कराटे प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कराटेकारों का ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया।

बच्चों का ग्रेडिंग टेस्ट मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे के मुख्य प्रशिक्षक सिहोन जीबी थापा ने लिया। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय, सिहोन जीबी थापा और सेंसाई कंचन दास ने संयुक्त रूप से किया। ग्रेडिंग टेस्ट के सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि मुखिया ब्यास पांडेय ने विभिन्न बेल्ट व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि करोट आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। पढ़ाई के साथ बच्चों को खास करके लड़कियों का मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। सिहोन जीबी थापा ने कहा कि शारीरिक स्फूर्ति के लिए कराटे व योगाभ्यास जरूरी है

। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कराटे, योगा व विभिन्न खेल-कूद में भी रूचि रखना चाहिए। बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी करियर बनाया जा सकता है। मौके पर कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया की शिविर में आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा बच्चों को काता, कुमिते, फाईट और कराटे का बेशिक प्रशिक्षण दिया गया। सफल कराटेकारो में आठवां क्यू में भूमि, सोहाना परवीन, खुशी, सोनी, सुभांशी, सातवां क्यू में मुस्कान, छठा क्यू में मो. नवीन, व मो. अजीज, पांचवां क्यू में मोत्र अनीश, चौथा क्यू में यामिनी कुजूर, तीसरा क्यू में विकास भारती व रेयांश राज, दूसरा क्यू ब्राउन बेल्ट में शिवांश राज आदि शामिल हैं। इन सभी सफल कराटेकारों को अतिथियों ने विभिन्न बेल्टो के उपाधि से नवाजा गया।

साथ ही प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में सेंसाई कंचन दास, आस्था सिंह, स्मृति मुंडा, सिमरन टोप्पो, आलिया खान, श्रृष्टि बोध, रंजीत, कमलनाथ सिंह, लालदेव मुंडा आदि का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## चौपारण में 91 पेटी शराब के साथ दो धराये



चौपारण। फ्रंट फुट पर आ कर तस्करों के बीच मंगलवार रात में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही चौपारण बॉडर क्षेत्र से स्कारपियो संख्या- ओआर02बीसी-6500 एंव क्वीड कार सं0-जेएच01 सीवाई-6106 में अवैध रुप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोडकर चौपारण क्षेत्र के भगहर होते हुए काला बाजारी करने हेतु बिहार ले जाने की तैयारी किया जा रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठित किया गया। पुअनि बिन्देश्वर महतो तथा सशस्त्र बल शामिल किया गया। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भगहर जाने वाले सड़क में ग्राम कठंबा के पास वाहन चेकिंग शुरू किया गया। उसी दौरान सूचनानुसार स्कारपियो व क्वीड कार आता दिखाई दिया। जिसे छापामारी दल के द्वारा पकड़ा गया तथा शराब तस्तरी में शामिल दो शराब तस्करो को भी पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए तस्करों में अब्दुल वहाब उम्र- करीब 32 वर्ष पिता- मो0 सफीक अंसारी ग्राम- रामचक, थाना- चौपारण जिला- हजारीबाग व अरुण कुमार सिंह पिता - स्व० जयप्रकाश सिंह सा0- फुलवरिया थाना - चौपारण जिला- हजारीबाग है। पकड़े गये स्कारपियो के अंदर 63 पेटी अंग्रेजी शराब एंव क्वीड कार के अन्दर 28 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 91 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है।

## कौशल विकास में संवर्धन की जरूरतः चतुर्वेदी




**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पाँच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का तृत्तिय दिवस में महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एडुकेशन,रामगढ़ के प्राचार्य डॉ जी आर चौरिया ने शिक्षा में शिक्षक प्रशिक्षण की भूमिका३ विषय पर अपने व्याख्यान में प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षु शिक्षकों को पाठ्यक्रम के अंतर्गत इंटर्नशिप प्रभावी शिक्षक बनने में मददगार साबित होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा जगत में गुरु द्रोणाचार्य बनना है तो इंटर्नशिप के द्वारा शिक्षण कौशल का विकास में संवर्द्धन होता है। व्याख्यान श्रृंखला में उपस्थित प्राध्यापकों में कुमारी स्वर्णा मिश्रा,डॉ. अम्बरीश कुमार दुबे,डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती,दिलीप कुमार पाठक,जयपाल राणा,डॉ. सतीश चंद यादव,जितेन्द्र मेहता, बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,अद्दश मुखर्जी, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रीति पूनम हेंब्रम,प्रकाश कुमार,नाजरा खातून,आजाद एवं समस्त सत्र के प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

## मवेशियों को कब्जे में रखें किसान : जनप्रतिनिधि

**विष्णुगढ़।** ग्राम पंचायत मडमो एवं चिरूडीह गांव के किसानों को जानवर को अपने अपने कब्जे में रखने का दिया गया निर्देश, किसानों को महुआ चुनने मे परेशानी ना हो जिसमे पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा एवं मुखिया कुंती कुमारी द्वारा लिखित रूप से गणेश तुरी पिता मोहन तुरी तथा सहयोगी बासुदेव महतो को ढ़ोल बाजाकर लोगों को सूचना देने का निर्देश दिया है, जो इसे उलंघन करेंगे और महुआ खाते मवेसी पकड़ाए जाने पर 551 जुर्माना या जानवर को नीलामी किया जा सकता है। साथ ही महुआ चुनने वालों को सख्त निर्देश दिया गया है कि महुआ चुनने के समय जंगल मे आग लगाना सख्त मना है, पंसस ने बताया महुआ चुनने बहाने अक्सर लोग जंगल मे आग लगाते है, जो बहुत बड़ा घातक साबित होता है। छोटे छोटे पैधे आग की चपेट मे आने से मर जाते है और बड़े पेड़ पौधे पर भी बुरा असर पड़ता है। जंगल मे पेड़ लगाने की जरुरत नहीं बस छेड़ छड़ आग लगाना नहीं चाहिए जंगल खुद से बचेंगे।

## रजरप्पा क्षेत्र ने तीन हजार टन ज्यादा कोयले का किया उत्पादन, जीएम हुये सम्मानित




**रजरप्पा।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीसीएल मुख्यालय से मिले लक्ष्य को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र प्राप्त करने में सफल रहा। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र को 13 लाख मीट्रिक टन कोयला का उत्पादन दिया गया था। जिसमें क्षेत्र ने लगभग तीन हजार टन ज्यादा सफलता हासिल किया है, जबकि 36 लाख 71 हजार क्यूबीक मीटर ओबी हटाया है। रेक में 197 यानी 13 लाख 76 हजार मिट्रिक टन हासिल किया. वही 2024-25 के लिए क्षेत्र को 20 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है. साथ ही ओबी के लिए 73 लाख क्यूबीक मीटर मिला है. यह जानकारी रजरप्पा जीएम बिनोद कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इस कीर्तिमान स्थापित का क्रेडिट कामगारों एवं श्रमवीरों का मेहनत एवं लग्न का नतीजा है. उन्होंने उनके एवं उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. प्रेस वार्ता में पीओ यूएन प्रसाद, एसओ (उत्खनन) शम्भु रजक, स्टॉफ ऑफिसर (योजना) एसके सिन्हा एवं सीएसआर अधिकारी आशीष झा मौजूद थे।

श्री कुमार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है. इस बावत प्रशस्ति पत्र के माध्यम से यह कहा है कि आपने अपने कर्मियों के श्रमदान तथा श्रमदेवता के आशीर्वाद से विकट परिस्थितियों में भी 1-30 टळ उत्पादन किया। इस अहम योगदान की फलस्वरूप वर्ष 2023-24 में कंपनी द्वारा 84 टळ के लक्ष्य के स्थान पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के इतिहास का अब तक का उच्चतम 86 टन कोयला उत्पादन की प्राप्ति में आपके प्रतिबद्ध प्रयास के लिए विशेष बधाई। हम वास्तव में आपके समर्पण एवं अतिरिक्त प्रयास करने की इच्छा की दिल से सराहना करते है. कंपनी की उन्नति में आपका एवं आपकी टीम का योगदान अविश्वभरणीय है।

# भविष्य की कार बिजली से स्वचालित ही चलेगी

वेमो गाड़ी इलेक्ट्रिक जगुआर आई-पेस मॉडल से बनी हैं और इनकी सेवाएं अन्य शहरों में भी जल्द उपलब्ध होंगी।

**वंदना गोम्बर**

**भविष्य** की कार संभवतः इलेक्ट्रिक, साझा कार और स्वचालित कार होगी। आपने इस तरह के बयान पहले भी सुने होंगे लेकिन सच यह है कि यह भविष्य की कार नहीं बल्कि आज मौजूद है। पिछले महीने की शुरूआत में, मैंने सैन फ्रांसिस्को में एक वेमो कैब की सवारी की। यह स्वचालित कैब शहर की सड़कों से होते हुए कुछ गलियों से गुजरने के साथ ही कई मुश्किल मोड़ पर भी घूमी लेकिन हम बिना किसी परेशानी अपनी मंजिल तक पहुंच गए।

ऐसा लगा जैसे किसी अदृश्य हाथों ने स्टीयरिंग व्हील घुमाई हो जो मशीन शायद लंबे समय तक स्वचालित कारों का हिस्सा नहीं रहेगी। वेमो गाड़ी इलेक्ट्रिक जगुआर आई-पेस मॉडल से बनी हैं और इनकी सेवाएं अन्य शहरों में भी जल्द उपलब्ध होंगी। इनका किराया उबर और लिफ्ट जैसी टैक्सी सेवाओं के समान ही है।



ब्लूमबर्ग एनईएफ इन स्वचालित वाहनों को अब भी एक ऐसे कारक के तौर पर देखता है जो हमारे आवागमन के तरीके पूरी तरह से बदल सकता है या कुछ शहरों के चुनिंदा क्षेत्रों तक ही सीमित रह सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य अधिक स्पष्ट है, हालांकि इसमें भी बदलाव हो रहा है। इस साल दुनिया भर में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 20 फीसदी तक बढ़ सकती है, जिनमें से लगभग 1.67 करोड़ वाहन निर्यात किए जा रहे हैं। बैटरी और धातु क्षेत्र में भी तेज गतिविधियां देखी जा रही हैं।

बीएनईएफ के धातु और खनन विश्लेषक एलन रे रेस्टॉरो का कहना है, ह्यलंबी अवधि में मांग में वृद्धि निश्चित है ाह्ल हालांकि, अतिरिक्त उत्पादन क्षमता के कारण अधिशेष मात्रा के चलते कीमतों पर भी दबाव पड़ा है। वर्ष 2023 में निकल की कीमतों में लगभग 47 प्रतिशत की गिरावट आई। लीथियम की कीमतों में गिरावट के बावजूद एक्सॉन मोबिल कॉर्प ने हाल में कहा कि वह अर्कांसस में अपनी परियोजना को आगे बढ़ाएगी।

बीएनईएफ ने 30 देशों की वैश्विक लीथियम-आयन बैटरी आपूर्ति श्रृंखला की रैंकिंग में कनाडा को शीर्ष स्थान दिया है जो रैंकिंग एक सुरक्षित, विश्वसनीय और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाने की क्षमता पर आधारित है। कनाडा के बाद चीन, अमेरिका, जर्मनी, फिनलैंड और दक्षिण कोरिया का स्थान है। भारत इस साल पांच स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गया है।

विकासशील देशों के लिए जलवायु से जुड़े लक्ष्यों के लिए राशि आवंटित करने में अग्रणी माने जाने वाले विश्व बैंक समूह ने अगले साल वार्षिक फंडिंग बढ़ाकर 40 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है यानी विश्व बैंक जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए विकासशील देशों को अधिक सहायता प्रदान करेगा। उत्सर्जन कम करने या रोकने के लिए की जाने वाली कार्रवाई और जलवायु परिवर्तन से समायोजन के लिए यह राशि समान रूप से विभाजित की जाएगी।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बीएनईएफ को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा, ह्यइस राशि के लिए कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं है और मुझे यह नहीं पता है कि यह सही है या नहीं।ह्ल पूंजी का समान विभाजन दरअसल विकसित और विकासशील देश दोनों की चिंताओं को दूर करने के लिए किया गया है। यह विश्व बैंक के धरती को एक रहने लायक ग्रह और गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के नए दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसके लिए जलवायु परिवर्तन से जुड़े निवेशों में वृद्धि की आवश्यकता होगी। पिछले साल जलवायु परियोजनाओं को 38.5 अरब डॉलर की फंडिंग मिली थी।

बंगा की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में अफ्रीका में 10 करोड़ लोगों को अक्षय ऊर्जा देने वाली 15 अरब डॉलर की योजना शामिल है। इसमें कई देशों के सहयोग से कार्बन क्रेडिट को अधिक मूल्य पर बेचने के प्रयास के साथ मीथेन उत्सर्जन को सीमित करने की योजना और भारत में हरित हाइड्रोजन से जुड़े बुनियादी ढांचे को समर्थन देना शामिल है।

सौर ऊर्जा 2024 में एक और रिकॉर्ड बनाएगी और इस साल 520 गीगावॉट से अधिक क्षमता स्थापित किए जाने की उम्मीद है और यह पिछले साल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि है। करीब 37 से अधिक बाजार एक गीगावॉट से अधिक क्षमता जोड़ेंगे। बाजार की मौजूदा स्थिति के बारे में बीएनईएफ ने कुछ इस तरह बयां किया, ह्यसौर मॉड्यूल की कीमतें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और सभी घटकों की आपूर्ति भी भरपूर है। अंतिम उपयोगकर्ता वाले बाजार फल-फूल रहे हैं जबकि निमार्ता लाभ कमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।ह्ल

भारत सौर ऊर्जा स्थापित करने के मामले में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की ओर अग्रसर है और इससे आगे अमेरिका और चीन है जबकि ब्राजील और जर्मनी इसके पीछे हैं। हालांकि, सौर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के स्थानीयकरण की महत्त्वाकांक्षा, कम कीमतों और कम या न के बराबर लाभ मार्जिन की वास्तविकता से टकराएगी।

इसका मतलब यह हो सकता है कि यूरोप, अमेरिका और अन्य देशों में प्रस्तावित कई कारखाने कभी नहीं बन पाएंगे। भारत ने पिछले साल लगभग 23 गीगावॉट सौर ऊर्जा की नीलामी की थी जो ग्रिड कनेक्शन क्षमता को दशार्ता है। यह पिछले दो वर्षों में नीलाम की गई कुल क्षमता से भी अधिक है और यह एक नया रिकॉर्ड है।

# चीन में मंदी से भारत सबसे कम प्रभावित: डेटा

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है।

समी मोडकसमी मोडक

हालांकि दुनिया भर से चुनौतियां भारतीय बाजारों को प्रभावित कर रही हैं, लेकिन चीन में मंदी उनमें से एक नहीं है। गोल्डमैन सैक्स ने अपने विश्लेषण में पाया कि जब भारतीय स्टॉक ऊपर जाते हैं, तो चीनी स्टॉक नीचे जाते हैं।

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है। इसके विपरीत, हांगकांग, थाईलैंड, ताइवान और मलेशिया उन देशों में से हैं जिनकी किस्मत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के साथ निकटता से जुड़ी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स ने एक नोट में कहा, ह्लहाई जियो-पुलिटिकल रिस्क और चीन की आर्थिक चुनौतियों के बारे में चिंताएं हैं जो क्षेत्र में समग्र विकास को प्रभावित कर रही हैं ाहालांकि, भारत चीन की मांग से कम जुड़ा है और उसके शेयर बाजार में चीन की धीमी वृद्धि के प्रति संवेदनशीलता कम है। इसका मतलब यह है कि भारत इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कम संवेदनशील है।

ब्रोकरेज ने 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कुछ चुनौतियों की ओर इशारा किया है, जैसे दुनिया भर में धीमी वृद्धि, उच्च वैश्विक ब्याज दरें, अल्पावधि में डॉलर की निरंतर ताकत, बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितताएं और चीन में कम वृद्धि।

गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2024 में ग्लोबल 2.6% (2023 में 2.7% से थोड़ा कम) बढ़ेगा। जापान को छोड़कर एशिया में विकास दर 5.1% से घटकर 4.7% होने की उम्मीद है, इसका मुख्य कारण यह है कि चीन की वृद्धि दर 5.3% से घटकर 4.8% रह गई है।

भारत के लिए, गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों को 2024 में 6.3 प्रतिशत की स्थिर सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि की उम्मीद है, जबकि 2023 में यह 6.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) होगी।

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में विकास को चुनाव से संबंधित खर्चों से बढ़ावा मिलेगा, जिससे उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलेगा। चुनाव के बाद निवेश वृद्धि में फिर से तेजी आने की उम्मीद है, खासकर प्राइवेट सेक्टर से।

**चीन में नयी महामारी के बीच भारत के पास खुद को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने का मौका: रिपोर्ट**

चीन में श्वसन संबंधी महामारी फैलने के बीच भारत अपनी आपूर्ति-श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश कर खुद को वैश्विक ह्यमैन्युफैक्क्रिंग हबह्ल के तौर पर स्थापित कर सकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (ॠळफक) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यबल और विनिर्माण क्षमता का लाभ उठा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन में मानव-पशु संपर्क के कारण कई संक्रमण फैले हैं। इनमें 2019 में कोविड-19, 2013 में एच7एन9 बर्ड फ्लू, 2014 में एच5एन6 बर्ड फ्लू और 2021 में एच10एन3 बर्ड फ्लू शामिल हैं।

हालांकि, इन संक्रमणें के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन कोविड-19 विशेष रूप से एक वैश्विक महामारी में बदल गया। ये महामारियां, विशेष रूप से कोविड-19 ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण के लिए चीन पर निर्भरता के फिर से मूल्यांकन को प्रेरित किया है। कंपनियां जोखिमों को कम करने के लिए आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ह्लभारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में निवेश करके लाभ उठाने की स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी साल मध्य अक्टूबर से चीन के उत्तरी भाग में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी बढ़ रही है, जो कोविड-19 प्रतिबंध हटने और ठंड के मौसम की शुरूआत से जुड़ी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 नवंबर को एक बयान में कहा है कि भारत सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सरकार ने संकेत दिया कि फिलहाल खतरे की कोई जरूरत नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन 90 प्रतिशत से अधिक लैपटॉप की आपूर्ति करता है और अधिकतर उकपरणों का उत्पादन घर में ही करता है। यही बात वॉशिंग मशीन, सोलर पीवी सेल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी पर भी लागू होती है।

इसमें कहा गया, किसी भी कारण से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है तो पूरी दुनिया प्रभावित होगी। कोविड ने दवाई के मामले में यह बता दिया था। इस मामले में, मोबाइल फोन और लैपटॉप की दुनियाभर में आपूर्ति के लिए इनके स्थानीय विनिर्माण के भारत के प्रयास का स्वागत किया जाना चाहिए।

# रूरल इंडिया का एसआईपी निवेश में रूचि बढ़ी

**ग्रामीण** इलाकों से मिल रहे ज्यादा रकढ खाते, हालांकि निवेश की रकम छोटी


मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही।

म्युचुअल फंड 30 बड़े शहरों (टी-30) के मुकाबले ग्रामीण इलाकों (बी-30) में नए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान वाले नए खातों में ज्यादा वृद्धि से रूबरू हो रहा है। हालांकि इन इलाकों से मिलने वाला औसत निवेश बड़े शहरों या केंद्रों के मुकाबले काफी कम है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड्स इन इंडिया (अटऋक) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण इलाकों ने एसआईपी के जरिये म्युचुअल फंडों को औसतन 1,725 रुपये का योगदान किया, जो अग्रणी शहरों के निवेशकों के निवेश के औसत आकार 2,940 रुपये से 70 फीसदी कम है।

अक्टूबर में बी-30 शहरों के निवेशकों का 3.73 करोड़ एसआईपी खातों के जरिये सकल निवेश 6,436 करोड़ रुपये रहा जबकि टी-30 के निवेशकों ने 3.57 करोड़ खातों के जरिये 10,492 करोड़ रुपये का योगदान किया। बी-30 में एसआईपी खातों का जुड़ाव और एसआईपी निवेश टी-30 के मुकाबले ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।

मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही। इसके साथ ही बी-30 में सक्रिय एसआईपी खातों ने टी-30 की संख्या को पीछे छोड़ दिया और




यह 17 फीसदी की बढ़त के साथ अप्रैल 2023 के 3.17 करोड़ खातों के मुकाबले अक्टूबर के आखिर में 3.73 करोड़ पर पहुंच गई।

म्युचुअल फंड के अधिकारियों ने कहा कि बी-30 क्षेत्र बेहतर वृद्धि दर्ज कर रहा है। इसका कारण जागरूकता में इजाफा और नई पीढ़ी के निवेश विकल्पों की बढ़ती स्वीकार्यता है।

मिरे ऐसेट एमएफ के वाइस चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी स्वरूप मोहंती ने कहा कि महामारी के बाद हम दो चीजें एक साथ देख रहे हैं। पहला, वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ते कदम और दूसरा, एसआईपी के जरिये देश के छोटे शहरों में म्युचुअल फंडों का प्रसार। यह काफी अच्छा संकेत है क्योंकि ज्यादा भारतीय निवेशक पूंजी बाजारों के जरिये अब भारत के विकास की कहानी में हिस्सेदार बनेंगे।

हालांकि बी-30 के एसआईपी खातों में तीव्र बढ़ोतरी ने निवेश का आकार घटा दिया है। नवंबर 2021 में बी-30 में निवेश का आकार 1,757 रुपये था, जो अक्टूबर 2023 में घटकर 1,725 रुपये रह गया। इसकी तुलना में टी-30 में निवेश का औसत आकार पिछले दो साल में 2,794 से 2,940 रुपये पर आया है।

छोटे शहर म्युचुअल फंडों का ज्यादा ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि वहां वृद्धि की ज्यादा गुंजाइश है। विगत वर्षों में फंड हाउस ने इन इलाकों में काफी शाखाएं खोली हैं। उन्होंने वैयक्तिक वितरकों व बैंकों के साथ गठजोड़ के जरिये अपनी वितरण ताकत बढ़ाई है।

हालांकि उद्योग की बी-30 योजना को मार्च 2023 में तब झटका लगा जब बाजार नियामक सेबी ने बी-30 के प्रोत्साहन ढांचे पर रोक लगी दी। इसके तहत फंड हाउस बी-30 से निवेशक हासिल करने के लिए वितरकों को ज्यादा प्रोत्साहन देते थे।

# इमर्जिंग मार्केट बास्केट में भारत बना दुनिया का नबंर एक देश

**ईएम** इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी।

हाल के वर्षों में उभरते बाजारों के बास्केट (शेयरों) में भारतीय इक्विटी बाजार को खासी बढ़त हासिल हुई है। साल 2018 से एमएससीआई ईएम इंडेक्स (जिसे करीब 500 अरब डॉलर की परिसंपत्ति वाले पैसिव फंड ट्रैक करते हैं) में भारत का भारांक दोगुना हो गया है, वहीं देसी शेयरों की संख्या करीब 70 फीसदी बढ़ी है।

इस महीने के आखिर से प्रभावी होने वाले एमएससीआई पुनसंर्तुलन के बाद ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी। साल 2018 में भारत का भारांक 8.2 फीसदी था जबकि इंडेक्स में शेयरों की संख्या 78 थी। यह जानकारी आईआईएफएल ऑल्टरनेटिव रिसर्च के आंकड़ों से मिली। आईआईएफएल इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम वेलायुधन ने कहा कि विभिन्न वर्षों में भारांक में हुए इजाफे की कई वजहें हैं। मात्रात्मक मोर्चे पर बड़े फ्री-फ्लोट मार्केट कैप वाली भारतीय कंपनियां इस इंडेक्स से जुड़ी हैं, जिनकी संख्या में इजाफा हुआ है ागुणवत्ता के लिहाज से हालांकि भारत विभिन्न उद्योगों में ताइवान के मुकाबले बेहतर विविधता की पेशकश करता है जबकि ताइवान में सेमीकंडक्टर सेक्टर का ज्यादा संकेंद्रण है। चीन के कमजोर प्रदर्शन और भारत की स्थिर वृद्धि व अनुकूल जनसंख्या व उसकी विशिष्टता ने भी इंडेक्स में ज्यादा भारांक हासिल करने में मदद की है।

व्यापक तौर पर ट्रैक किए जाने वाले वैश्विक इंडेक्स में ज्यादा प्रतिनिधित्व से कई घरेलू शेयरों में ज्यादा विदेशी निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी।

नुवामा ऑल्टरनेटिव ऐंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के प्रमुख अभिलाष पगारिया ने कहा कि भारत का भारांक दोगुना होना उल्लेखनीय कामयाबी है और इसके पीछे कई कारक मसलन साल 2020 में विदेशी स्वामित्व की सीमा में इजाफा, व्यापक बाजारों में काफी तेजी और अन्य बाजारों, मुख्य रूप से चीन, के मुकाबले अपेक्षाकृत उम्दा प्रदर्शन है।

पगारिया ने कहा कि देसी व विदेशी प्रतिभागियों के स्थिर निवेश की बदौलत भारत में एमएससीआई ईएम इंडेक्स में अपनी हिस्सेदारी साल 2024 तक 20 फीसदी के पार ले जाने की क्षमता है।

मोटे तौर पर भारत आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को दो भागों में बांटा जा सकता है झ पैसिव (ईटीएफ के जरिये) और पैसिव (गैर-ईटीएफ)। इंडेक्स फंडों के जरिये निवेश की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच विभिन्न वर्षों में ईटीएफ ने ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है।

उदाहरण के लिए सूचीबद्ध वैश्विक फंडों ने सितंबर में भारतीय इक्विटी बाजारों में 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है, जिससे माह के दौरान हुई कुल निकासी को 50 करोड़ डॉलर के स्तर पर लाने में मदद मिली। एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है और दोनों के बीच पिछले कुछ वर्षों में अंतर कम हुआ है। ऐक्सिस म्युचुअल फंड के नोट में कहा गया है कि एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक साल 2013 के 6.4 फीसदी से बढ़ा है जबकि तब चीन का भारांक 42.5 फीसदी था। अब चीन का भारांक 29.55 फीसदी रह गया है।


ऐक्सिस एमएफ के नोट में कहा गया है कि वर्षों तक क्षेत्रीय बेंचमार्क सूचकांकों में भारत का प्रतिनिधित्व काफी कम था। लेकिन यह धीरे-धीरे बदल रहा है और भारतीय कंपनियों की वृद्धि के जरिये भारत ने लंबा रास्ता तय किया है।

# लोन पर आरबीआई रख रहा है कड़ी नजर

**आखिरकार,** व्यक्तिगत ऋण (पर्सनल लोन) एवं क्रेडिट कार्ड पर भारतीय रिजर्व बैंक (फइक) हरकत में आ ही गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को भले ही ऐसे ऋण को लेकर विशेष चिंता नहीं थी मगर आरबीआई किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता है। हाल ही में आरबीआई ने उपभोक्ता ऋण के मामले में बैंकों एवं एनबीएफसी के लिए जोखिम भार 25 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया। आरबीआई ने आवास, शिक्षा, वाहन, गोल्ड और सूक्ष्म वित्त संस्थानों एवं स्वयं-सहायता समूहों को आवंटित ऋण को इसकी जद से बाहर रखा है।

जोखिम भार बढ़ने से बैंक एवं एनबीएफसी के लिए ऐसे ऋण के लिए पूंजी जुटाना अधिक महंगा हो जाएगा और वे आंख मूंद कर असुरक्षित ऋण पर दांव नहीं खेलेंगे। अक्टूबर में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता पर विशेष जोर दिया था और व्यक्तिगत ऋण खंड में कुछ खास ऋण में तेज इजाफा होने पर चिंता जताई थी। आरबीआई बैंकिंग क्षेत्र में किसी भी तरह की जोखिम की आशंका को पहले ही समाप्त कर देने के मंत्र के साथ पैनी नजर रख रहा है।

छोटे कर्जदाताओं को ऋण चुकाने में आ रही परेशानी को देखते हुए वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को छोटे ऋण खातों की समीक्षा करने और हालात की जानकारी देने का निर्देश दिया था। बैंकों ने



भी वित्त मंत्रालय को आश्वस्त किया था कि छोटे आकार के असुरक्षित ऋण से वित्तीय तंत्र को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इनकी (ऐसे ऋण) का अनुपात बहुत कम है।

जोखिम भार केंद्रीय बैंक के हाथ में एक ऐसा जरिया होता है जिसका इस्तेमाल कर वह कुछ खास किस्म के ऋण के आवंटन में बैंकों पर नियंत्रण रखता है। उदाहरण के लिए जब रियल एस्टेट क्षेत्र को ऋण आवंटन पर चिंता पैदा हुई थी तो आरबीआई ने 2005 में वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को आवंटित होने वाले ऋणों के लिए जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

इसे फिर अप्रैल 2006 में बढ़ाकर 150 प्रतिशत तक कर दिया था। इससे पहले 2004 में आवास ऋण पर जोखिम भार 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंकिंग नियामक ने उपभोक्ता ऋण एवं बैंकों के पूंजी बाजार में ऋण आवंटन पर जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

आरबीआई की नवीनतम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि असुरक्षित ऋण के मद में आवंटन मार्च 2021 के 22.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 25.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षित ऋण का अनुपात इसी अवधि के दौरान 77.1 प्रतिशत से कम होकर 74.8 प्रतिशत रह गया। कुल मिलाकर खुदरा ऋण की वृद्धि सालाना चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) पर मार्च 2021 से 24.8 प्रतिशत दर से हुई जबकि पूरे बैंकिंग क्षेत्र के कुल ऋणों में 13.8 प्रतिशत सीएजीआर दर से इजाफा हुआ।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 31 दिन से 180 दिनों के बीच बकाया ऋण (50,000 रुपये से कम) का हिस्सा जून 2023 में बढ़कर 8.1 प्रतिशत हो गया। अगर किसी कर्जधारक ने 30 दिन के भीतर किस्त का भुगतान नहीं किया है तो उसका ऋण खाता स्पेशल मेंशन अकाउंट -1 (एसएमए) करार दिया जाता है। 60 दिन तक भुगतान नहीं होने पर एसएमए-2 करार दे दिया जाता हैअगर 90 दिन के बाद भी भुगतान नहीं होता है तो संबंधित ऋण गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में तब्दील हो जाता है। एसएमए-1 और एसएमए-2 खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मार्च 2023 तक खुदरा खंड में फंसे ऋण का अनुपात 1.4 प्रतिशत था।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 10,000 रुपये से कम आकार के अल्प अवधि के व्यक्तिगत ऋण (एसटीपीएल) का कुल मूल्य 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया। 10,000-50,000 रुपये के बीच एसटीपीएल बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियां 50,000 रुपये तक के ऋण को एसटीपीएल मानती हैं।

वित्त वर्ष 2023 में ऐसे 86 लाख ऋण आवंटित हुए और इस तरह वित्त वर्ष 2022 की तुलना में इनमें 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 में जितने व्यक्तिगत ऋण आवंटित किए गए उनमें लगभग 80 प्रतिशत एसटीपीएल थे। इनमें 60 प्रतिशत ऋण तो 10,000 रुपये से भी कम के थे। जून 2023 तक 11.16 लाख करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण थे जो मार्च 2020 की तुलना में दोगुना थे।

छोटे शहरों में एसटीपीएल ऋण से जुड़े मामले अधिक देखे गए हैं। पिछले 12 महीनों में 10,000 रुपये तक के एसटीपीएल देश के सबसे बड़े 100 शहरों से बाहर आवंटित हुए थे। 29 प्रतिशत ऋण देश के शीर्ष शहरों में आवंटित हुए थे।

क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियों का कहना है कि जुलाई 2022 और जून 2023 के दौरान मंजूर 10,000 से 50,000 रुपये तक के 35 प्रतिशत एसटीपीएल शीर्ष 100 शहरों से बाहर के थे। शीर्ष 8 शहरों के मामले में यह आंकड़ा 31 प्रतिशत था। ऐसे ऋण के आवंटन में एनबीएफसी की बड़ी हिस्सेदारी रही है। कोविड पूर्व स्तर से इनमें निजी बैंकों का भी योगदान बढ़ा है मगर मार्च 2022 की तुलना में इनमें कमी आई है।

अक्टूबर में प्रकाशित ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार निजी बैंकों की तुलना में पीएसबी में ऋण भुगतान में चूक के मामले अधिक रह सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में असुरक्षित खुदरा ऋणों से ऋण नुकसान 50 से 200 आधार अंक तक बढ़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि पीएसबी ने ऐसे 52 प्रतिशत ऋण उन ग्राहकों को दे रखे हैं जिनका क्रेडिट स्कोर 644 (मध्यम से अधिक जोखिम वाले कर्ज धारक) से कम हैं जबकि एनबीएफसी और बड़े निजी बैंकों के ऐसे ग्राहक क्रमशः 49 प्रतिशत और 31 प्रतिशत हैं।

आवश्यकता से एक सीमा से अधिक ऋण आवंटन के मामले भी देखे जा रहे हैं और ग्राहक कई तरह के ऋण छोटे अंतराल पर ले रहे हैं। आरबीआई ने जोखिम के इन संकेतों को नजरअंदाज नहीं कर अच्छा किया है। मगर आरबीआई के इस कदम का समय जिज्ञासा बढ़ाने वाला जरूर है। इसकी एक वजह संभवतः सितंबर तिमाही (आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं) में व्यक्तिगत एवं फंसे ऋण के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है।


स्पीड न्यूज



## मां खाना बना रही थी बच्चा कड़ाही में गिरा

**गम्हरिया।** थाना अंतर्गत बिंदापुर गांव में डेढ़ वर्षीय मासूम गर्म तेल की कढ़ाई में गिरकर बुरी तरह से झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले गये जहां उसकी चिकित्सा चल रही है। बिंदापुर के सुखलाल गोडसेरा की पत्नी बुधवार की सुबह खाना बना रही थी। इसी दौरान पास ही खेल रहा उनका डेढ़ वर्षीय बच्चा माहिर अचानक तेल की कढ़ाई में गिर गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।

## रेडक्रॉस का बागजाता में हेल्थ-आई कैंप आज





**जमशेदपुर।** वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही रेड क्रॉस की मानवसेवी गतिविधियों की शुरूआत हो गयी है। इस कड़ी में पहले सप्ताह ही स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, रक्तदान शिविर एवं सेफ्टी फर्स्ट एड डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग की शुरूआत होने जा रही है। इस सप्ताह 4 अप्रैल को स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन बागजाता माईन्स के नजदीक पूरबी बादिया पंचायत भवन में यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिडेट के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। 5 अप्रैल से रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम का 6 दिवसीय 193वां सेफ्टी फर्स्ट एड डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण सत्र रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया जायेगा, 6 अप्रैल को नीरज यश डैडी संस्था के सहयोग से बाराद्वारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा, उसी दिन 6 अप्रैल शनिवार से रेड क्रॉस द्वारा तीन दिवसीय 718वां नेत्र ज्योति महायज्ञ का आयोजन स्व. घीसाराम मुसद्दी-स्व. रामा देवी मुसद्दी के पुण्य स्मृति में समाजसेवी मंजू मुसद्दी एवं अजय मुसद्दी के संयोजन में आयोजित किया जायेगा। 8 अप्रैल को रेड क्रॉस के ग्रीष्मकालीन रक्तदान शिविर का शुभारंभ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं लॉयन्स क्लब ऑफ जमशेदपुर नार्थ के संयोजन में शहीद सैनिकों एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. चितरंजन मुखर्जी के पुण्य स्मृति में रेड क्रॉस भवन में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर से होगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने उपरोक्त जानकारी प्रदान करते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के कार्यकताओं से एक बार पुनः जोश एवं उत्साह के साथ मानवता की सेवा के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होने बताया कि इन सभी कार्यक्रम में रेड क्रॉस के वोटर अवेयरनेस फोरम द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान भी चलाया जायेगा और 25 मई को जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के मतदान में सभी नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया जायेगा।

## एसडीएम ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**चांडिल।** बुधवार को चांडिल अनुमंडल कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चांडिल एसडीएम शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, एईआरओ, डीएसपी एवं अनुमंडल के थाना प्रभारियों के साथ चुनाव के तैयारियां के संबंधित बैठक किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम ने बताया कि नक्सल प्रभावित बूथ का चयन किया गया है। नक्सल प्रभावित सभी बूथ पर सीएएफ के जवानों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ जवानों के ठहरने के लिए भवन का चयन किया गया है। उन भवनों में जो भी कमियां हैं उन्हें समय अनुसार पुरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों को अपना कार्य समय अनुसार पुरा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में पदाधिकारीयों को गांव, मोहल्ला एवं टोला टोला जाकर मतदाताओं की समस्या को जानने का निर्देश दिया गया है।

# डीसी-एसएसपी ने बोड़ाम और पटमदा प्रखंड में की तैयारियों की समीक्षा

■ डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं कलस्टर से बूथ की दूरी, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान आदि की विस्तार से की गई समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल द्वारा सभी प्रखंडों का भ्रमण कर चुनाव के तैयारियों का जायजा लिया जा रहा । इसी क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने आज बोड़ाम एवं पटमदा में प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा कलस्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग, पीडीआईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनंत कुमार, निदेशक एनईपी, एसओआर, डीटीओ, एसडीएम धालभूम, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ, डीएसपी पटमदा, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं कलस्टर से बूथ की दूरी, एएमएफ, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, क्रिटिकल मतदान केन्द्र, कलस्टर निर्माण, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलस्टर में पोलिंग पार्टी व केंद्रीय सशस्त्र बल के आवासन, भोजन आदि मूलभूत सुविधाओं का आकलन कर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित कराने की बात कही गयी।



पटमदा प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग व अन्य पदाधिकारी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव के तिथि के घोषणा के उपरांत ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने, चेकनाका पर सघन वाहन जांच अभियान जारी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, त्रुटिरहित, पारदर्शी तरीके से सम्पादित कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सेक्टर पदाधिकारी को बगैर जीपीएस लगे वाहन में मूवमेंट नहीं करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान स्वीप एक्टिविटी के तहत प्रखंड मुख्यालय में की गई रंगोली को पदाधिकारियों ने सराहा तथा हस्ताक्षर अभियान में शामिल होते हुए प्रखंड के प्रत्येक मतदाता से 25 मई को मतदान में उत्साह के साथ भाग लेने का संदेश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कलस्टर से बूथ तक पोलिंग पार्टी को पैदल जाना है। मतदान दिवस को सुबह में 5:30 बजे मॉक पोल होना है, ऐसे में कलस्टर से बूथ तक पैदल मार्च समय का पूर्व आकलन कर समय पर बूथ तक पहुंचने, सुरक्षा के दृष्टि से संवेदनशील पॉकेट आदि बिंदुओ पर जरूरी निर्देश दिये गये।

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में बनाया जायेगा इवीएम रिसीविंग सह मतगणना केंद्र

■ डीसी अनन्य मित्तल ने लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से कोऑपरेटिव कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के लिए डिस्पैच सेंटर, चुनाव सामग्री, रिसीविंग सेंटर और निर्धारित स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्ष की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने कॉपरेटिव कॉलेज के निरीक्षण के दौरान मतगणना कक्ष, पार्टी एजेंट की एंट्री, मतदान के उपरांत मतदान दल के स्ट्रांग रूम में इवीएम जमा करने, जमशेदपुर लोकसभा के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों लिए बनने वाले मतगणना कक्ष आदि पहलुओं की समीक्षा कर भवन निर्माण विभाग के अभियंता को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही चुनाव प्रक्रिया के सुचारू व्यवस्था के संबंध में वरीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी एवं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का डिस्पैच सेंटर कोऑपरेटिव कॉलेज जबकि पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टी का डिस्पैच सेंटर एलबीएसएम कॉलेज करनडीह होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए कोऑपरेटिव कॉलेज को रिसीविंग सेंटर बनाया गया है। को-ऑपरेटिव कॉलेज भवन में मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम बनाया जायेगा।



कॉलेज में स्ट्रांग रुम का निरीक्षण के दौरान सहयोगी पदाधिकारियों को निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ईवीएम का परिवहन सुविधाजनक तरीके से किया जा सके इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देशित किया। इस क्रम ने उन्होंने उक्त परिसर में सभी आवश्यक केंद्रों के गठन, आरओ व पर्यवेक्षक रूम, वाहन कोषांग, मीडिया सेंटर एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी जरूरी व्यवस्था की समीक्षा की और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोलिंग पार्टी की सुविधा के लिए साइनेज आदि लगाने के भी निर्देश दिये। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, पीडीआईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एसओआर महेंद्र कुमार, निदेशक एनईपी श्री अजय कुमार साव, अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम रंजीत लोहरा, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, भवन निर्माण विभाग के अभियंता समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद

## सिदगोड़ा-टेल्को क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने सिदगोड़ा एवं टेल्को क्षेत्र में सक्रिय एक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का मुख्य सरगना बागुनहातु रोड नंबर 4 का रहने वाला सनी कालिंदी उर्फ नंदू है। पुलिस ने नंदू समेत पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी मुकेश लुणावत ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 1 अप्रैल को सिदगोड़ा पुलिस को सूचना मिली कि मोबाइल चोरी करने वाला एक गिरोह सिदगोड़ा और टेल्को में विगत कई दिनों से काफी सक्रिय है। सूचना पर सिदगोड़ा के थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने सबसे पहले सनी कालिंदी को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी के पश्चात उसके अन्य सहयोगियों के पकड़ने के क्रम में पुलिस ने चोरी के कई मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल हैलोजन लाइट, नगद रुपया, रोल्ड गोल्ड आभूषण सहित 10 पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद किया।

## बस स्टैंड से 53 किग्रा गांजा के साथ छह गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने कल 53 किलो गांजा के साथ छह युवकों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी सिटी एसपी मुकेश लुणावत में एक संवाददाता सम्मेलन में दी। सिटी एसपी ने बताया कि जमशेदपुर पुलिस को मनः प्रभावित मादक द्रव्य पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने एवं भारी मात्रा में गांजा बरामद करने में बड़ी सफलता मिली है।

उन्होंने बताया कि दिनांक 2 अप्रैल को ऐसी सूचना प्राप्त हुई थी कि गाजा व्यापार का एक अंतर्राज्यीय गिरोह बड़ी मात्रा में गांजा लेकर उड़ीसा से मानगो बस स्टैंड पहुंचने वाला है,जो उस खेप को बस से लेकर बिहार चले जाएंगे। यदि तत्क्षण कार्रवाई की गई तो सरगना पकड़ा जा सकता है। सीनियर एसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी डीएसपी भोला प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया जिसमें सीताराम डेरा एवं मानगो को थाना की टीम को शामिल किया गया। मन को बस स्टैंड से प्रभावित कार्रवाई करते हुए गांजा लेकर आ रहे व्यापारियों की टोह लेने लगा। इसी क्रम में शाम 4:15 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति राजीव यादव को पकड़ा गया जिसके पास से कुल 7 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ।



गिरफ्तार गांजा तस्करों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते सिटी एसपी मुकेश लुणावत।

## चाईबासा : नक्सलियों की साजिश नाकाम सुरक्षाबलों ने 3 आइइडी को किया डिफ्यूज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील होने की खबर के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 3 अप्रैल को टोन्टो व गोईलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम सरजोमबुरू और मारादिरी के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये दो आईईडी बरामद किया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जवानों ने उसे उसी स्थान पर विनिष्ट कर दिया। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम सरजोमबुरू के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में भी एक आईईडी लगाया गया था, जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा बरामद किया है एवं बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।



## नई जिंदगी परिवार को ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान आंदोलन के लिए मिला सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर को ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान को बढ़ावा देने तथा उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वीवीडीए के 37वें वार्षिक सम्मान समारोह में बिष्टुपुर स्थित माईकल जॉन ऑडिटोरियम में यह सम्मान जमशेदपुर ब्लड सेंटर की सचिव नलिनी राममुर्ति के हाथों मोमेंटो प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि टाटा स्टील कंपनी के एमडी की धर्मपत्नी रुचि नरेंद्र उपस्थित थीं। 73 बार के आदिवासी रक्तदाता तथा संस्था के सचिव राजेश मार्डी ने बताया कि हमारी संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर विगत पांच वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के लिए लगातार काम कर रही है।

# हल्दीपोखर की समीना की मनेगी ईद, फरिश्ता बन पहुंचा ट्रस्ट

■ ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की दरिया दिलीः भूखे दंपति के घर पहुंचाया राशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतिम सांसों को संजोए और जीवन जीने की उम्मीद लगाए, उस दंपति का ईद अब अधूरा नहीं रहेगा। उनके लिए फरिश्ता बनकर शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट उम्मीद का किरण बनी और पहुंच गये राहत सामग्री लेकर गरीब समीना के घर।

इस कार्य में जिला पूर्वी सिंहभूम प्रशासन का भी अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने 24 घण्टे के अंदर गरीब परिवार का राशन कार्ड बनाया, जिससे की राशन की कमी न हो सके। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने जिला डीसी अनन्य मित्तल द्वारा की गयी इस कार्य की भूरी-भरी प्रशंसा की। आज भूख क्या होती है यह कोई समीना खातून से पूछे। आपको बता दें समीना खातून, वह गरीब औरत है जिसकी जिंदगी में गम और दुख के सिवा शायद कुछ बचा नहीं। उनके पति, नईमुद्दीन की सड़क दुर्घटना में शारीरिक विकलांगता आ गयी। वे पिछले दो साल से अचेत अवस्था में हैं। वहीं समीना का कहना है कि इस दुःख भरे जीवन मे वह अकेले ही अपने पति की देखभाल करती है।




समिना बेगम को राशन सामग्री देते ट्रस्ट के पदाधिकारीगण।

अपने संघर्ष भरे जीवन की दुःख भरी सच्चाई कहते हुए उनकी आंखें भर गई। बातों ही बातों में उन्होंने बताया कि उन्हें कोई बेटा या बेटी नहीं है। वे दोनों पति पत्नी अकेले ही रहते हैं। समीना ने आगे बताया कि पड़ोसियों और परिजनों द्वारा दिए गए भोजन पर ही उनका जीवन चल रहा है। उनके पति नईमुद्दीन पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर हैं।

उन्होंने बताया कि राशन कार्ड न होने के कारण सरकारी राशन से भी वंचित थी। पुराने राशन कार्ड में आधार नंबर गलत होने के कारण उन्हें पिछले एक साल से राशन नहीं मिल रहा था। उन्होंने कई बार लिखित आवेदन देकर राशन में अपडेट करवाने की कोशिश की लेकिन किसी अधिकारी ने इसपर ध्यान नहीं दिया।

## एक नजर में

### डीसी साहेब... स्कूलों की टाइम बदलिये : संघ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अभिभावक संघ ने पूर्वी सिंहभूम के डीसी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को मांग पत्र सौंप कर सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डॉक्टर उमेश कुमार ने डीसी को सौंपे गए मांग पत्र में कहा है कि स्कूलों में समय का बदलाव सुबह 6:30 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक किया जाना चाहिए ताकि बच्चों को लू नहीं लगे। संघ ने मांग पत्र में कहा है कि कोल्हान के साथ ही पूर्वी सिंहभूम जिला में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि 4-5 अप्रैल से लू चलने लगेगा। ऐसे में गर्मी की प्रचंडता आने वाले समय में और तेज होने की संभावना है। इसलिए स्कूलों की कक्षाएं जो अभी दोपहर 1:30 बजे तक संचालित की जा रही है। उनका टाइमिंग बदल कर सुबह 6:30 बजे से कुर्बान 11:30 बजे तक किया जाना चाहिए।

### खूंटी में भाजपा पर भारी पड़ेगी कांग्रेस : तिवारी



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह खरसावां विधानसभा के प्रभारी ने आज खूंटी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संचालन समिति की बैठक मे शिरकत कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देते हूए कहा कि खरसावां के 282 बूथ को 15-15 बूथो में विभाजित कर एक क्लस्टर बनाया जायेगा एवं मतदाताओं से सीधे संवाद का अभियान प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा के धनबल से है लेकिन कांग्रेस के जनबल के आगे इस बार धनवल नहीं टिकेगा। लोकसभा के कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की जीत इस बार 100 फीस दी तय है। उन्होंने गठबंधन दलों के नेताओं से सभी गिले शिकवे भुला कर पूरी तन्मयता के साथ मदद करने की अपील की।

### श्रीनाथ विवि के छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की स्वीप कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के बिच वाद-संवाद प्रतियोगिता किया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड भी कराया गया ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किया जा रहा है। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

### पीएचईडी अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने दी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई



**गम्हरिया।** पेयजल स्वच्छता विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (त्रिपाठी गुट) की ओर से पीएचईडी कार्यालय में एक समारोह आयोजित कर पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर एवं जमशेदपुर से सेवानिवृत्ति हुए कर्मचारी मनोज कुमार, मुनीलाल साह और शिवमुनि शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता महासंघ के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ व दीघार्यु होने की कामना किया। मौके पर उन्हें माला पहनाकर व उपहार प्रदान कर विदाई दी गई। मौके पर विभाग के सहायक अभियंता मो0 आरिफ अंसारी, कनीय अभियंता डोमन रजक, महासंघ के उपाध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रणव शंकर, निशा कुमारी, स्नेहा महतो, पंकज कुमार सिंह, मनुराम महतो, अग्रहित पासवान, मनीषा कुमारी व कई कर्मचारी उपस्थित थे।

### गिरिनाथ सिंह की वापसी से कार्यकर्ताओं में उत्साह



**गम्हरिया।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व चार बार गढ़वा के विधायक रह चुके राजद के संस्थापक सदस्य गिरिनाथ सिंह के पुनः राजद वापसी किए जाने से सभी समर्पित पुराने निराश कार्यकर्ताओं में उत्साह का मौहल बन गया है। उनकी घर वापसी पर राजद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव, वरिष्ठ राजद नेता हेमंत वर्मा समेत कई पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में गिरिनाथ सिंह राजद छोड़ भाजपा में शामिल हो गये थे। उस वक्त भी दल के प्रति आस्था रख उन्होंने कहा था कि वह राजद में 30 वर्ष से हैं और आगे हमेशा बने रहेंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गिरिनाथ अपने प्रदेश अध्यक्ष कार्यकाल में हमेशा सभी जाति, धर्म व समुदाय के लोगों को मान सम्मान बढ़ाने का काम किया और दल के सभी बड़े छोटे कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा साथ खड़े रहते थे। हमेशा उन्होंने पार्टी को आगे बढ़ाए रखने का प्रयास किया है। कार्यकताओं ने राजद सुप्रीमो से गिरिनाथ सिंह को चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने की मांग की है।

### दिनेश बने ईचागढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी



**जमशेदपुर।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के आलोक में झारखंड में विधानसभावार प्रभारियों की घोषणा की है। मंगलवार को जारी सूची में आंशिक बदलाव हुए हैं। भूलवश पूर्व जिलाध्यक्ष नंदजी प्रसाद को ईचागढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी मनोनीत किया गया था, जबकि उनको पहले से ही जमशेदपुर लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त है। इसे सुधार करते हुए बुधवार को उनकी जगह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार को ईचागढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सभी विधानसभा चुनाव प्रभारियों की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई, जहां सभी को मिशन मोड में लोकसभा चुनाव प्रचार की तैयारियों में जुटने का निर्देश मिला है।

# पंत के तूफान पर नरेन की आतिशी पारी भारी

## कोलकाता ने लगाई जीत की हैट्रिक, बनाया आइपीएल इतिहास का दूसरे सबसे बड़ा स्कोर, दिल्ली के नाम सीजन की सबसे बड़ी हार



### जीत के बाद बोले अय्यर- हम 220 सोच रहे थे यह तो सोने पर सुहागा था

आइपीएल के इतिहास में कोलकाता नाइट राइडर्स विशाखापत्तनम के मैदान पर दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर (272/5) बनाने में कामयाब रही। अभी कुछ दिन पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद ने 277 रन का रिकॉर्ड बनाया था। बहरहाल, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वीरवार को 106 रन से जीत हासिल करने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर काफी खुश दिखे। उन्होंने मैच के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो ऐसा नहीं हुआ। हमने सोचा था कि हम 210-220 तक पहुंच जाएंगे लेकिन 270 तो सोने पर सुहागा था। श्रेयस ने कहा कि मैंने मैच से पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि सनी (नेरेन) का काम हमें अच्छी शुरूआत दिलाना है, अगर वह हमें नहीं उतारते तो भी कोई बात नहीं। वहीं, युवा बल्लेबाज रघुवंशी पर उन्होंने कहा कि वह पहली ही गेंद से निडर थे, उनकी मानसिकता अद्भुत है, जिस तरह से उन्होंने अपने शॉट्स खेले वह आंखों को भाने वाले थे। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि सभी गेंदबाज सही समय पर आगे बढ़ रहे हैं और मौकों का फायदा उठा रहे हैं।

एजेंसी

**विशाखापटनम।** सुनील नारायण के 85 रन और अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया है। 273 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिल्टस की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में पृथ्वी शॉ 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद मिचेल मार्श और अभिषेक पोरेल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय कप्तान ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। वॉर्नर 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ऋषभ पंत ने 25 गेंदों में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 32 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। सुमित कुमार सात रन, रसिख सलाम एक रन और एनरिक नॉर्टजे चार रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी हार है। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने तीन-तीन विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। सुनील नारायण और आंद्रे रसल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया था। बुधवार को यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रयेस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरूआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नारायण के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नारायण ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके।

### कोलकाता 272/7 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. स्टब्स बो. नॉर्टजे | 18 | 12 | 04 | 00 |
| नरेन कै. पंत बो. मिचेल मार्श | 85 | 39 | 07 | 07 |
| रघुवंशी कै. शर्मा बो. नॉर्टजे | 54 | 27 | 05 | 03 |
| आंद्रे रसेल बो. इशांत शर्मा | 41 | 19 | 04 | 03 |
| श्रेयस कै. स्टब्स बो. खलील | 18 | 11 | 00 | 02 |
| रिंकू कै. वॉर्नर बो. नॉर्टजे | 26 | 08 | 01 | 03 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 01 | 00 |
| रमनदीप कै. शॉ बो. इशांत | 02 | 02 | 00 | 00 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

अतिरिक्त :22

विकेट पतन : 60-1, 176-3, 232-4, 264-5, 264-6, 266-7.

गेंदबाज : खलील अहमद : 4-0-43-1, इशांत शर्मा : 3-0-43-2, एनरिक नॉर्तजे : 4-0-59-3, रसिख दार : 3-0-47-0, सुमित कुमार : 2-0-19-0, अक्षर पटेल : 1-0-18-0, मिचेल मार्श : 3-0-37-1.

### दिल्ली 166/10 (17.2 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| वॉर्नर बो. मिचेल स्टार्क | 18 | 13 | 02 | 01 |
| शॉ कै. चक्रवर्ती बो. वैभव | 10 | 07 | 02 | 00 |
| मार्श कै. रमनदीप बो. स्टार्क | 00 | 02 | 00 | 00 |
| पोरेल कै. नरेन बो. वैभव | 00 | 05 | 00 | 00 |
| पंत कै. श्रेयस बो. चक्रवर्ती | 55 | 25 | 04 | 05 |
| स्टब्स कै. स्टार्क बो. चक्रवर्ती | 54 | 32 | 04 | 04 |
| अक्षर कै. पांडे बो. चक्रवर्ती | 00 | 01 | 00 | 00 |
| सुमित कै. पांडे बो. नरेन | 07 | 06 | 00 | 01 |
| रसिख कै. साल्ट बो. अरोड़ा | 01 | 05 | 00 | 00 |
| नॉर्तजे कै. श्रेयस बो. रसेल | 04 | 06 | 00 | 00 |
| इशांत शर्मा नाबाद | 01 | 03 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 16

विकेट पतन : 21-1, 26-2, 27-3, 33-4, 126-5, 126-6, 159-7, 159-8, 161-9, 166-10.

गेंदबाज : मिचेल स्टार्क : 3-0-25-2, वैभव अरोड़ा : 4-0-27-3, आंद्रे रसेल : 1.2-0-14-1, सुनील नरेन : 4-0-29-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-33-3, वेंकटेश अय्यर : 1-0-28-0.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 203 |
| रियान | राजस्थान | 181 |
| क्लासेन | हैदराबाद | 167 |
| पंत | दिल्ली | 152 |
| वॉर्नर | दिल्ली | 148 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 07 |
| मयंक | लखनऊ | 06 |
| चहल | राजस्थान | 06 |
| मोहित | गुजरात | 06 |
| खलील | दिल्ली | 06 |

## चोट के कारण आइपीएल से बाहर हुए एलएसजी के तेज गेंदबाज शिवम मावी

**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोट के कारण आइपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी द्वारा इंस्टाग्राम पर बुधवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में, मावी ने चोट की प्रकृति बताए बिना कहा, ₹मैं (टूनामेंट) को बहुत मिस करूंगा। मैं चोट के बाद यहां आया था और सोचा था कि मैं अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा प्रदर्शन करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से, मुझे टीम का साथ छोड़ना होगा क्योंकि मुझे चोट लग गई है। इसके लिए एक क्रिकेटर को मानसिक रूप से मजबूत होना होगा। अगर आपको चोट लगती है, तो आपको यह देखना होगा कि वापसी करने के लिए आपको क्या करना है, किन चीजों का ध्यान रखना है। हमें बहुत अच्छी टीम मिली।




## दहाड़ेंगे पंजाबी शेर या शुभमन के गुजराती 'भाई'

**अहमदाबाद।** मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है।

## भारतीय महिला टीम का बांग्लादेश टी-20 दौरा 28 से

एजेंसी

**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 28 अप्रैल से 9 मई तक बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा साझा किए गए यात्रा कार्यक्रम के अनुसार भारत 23 अप्रैल को बांग्लादेश पहुंचेगा और 10 मई को घर के लिए रवाना होगा। सीरीज का पहला मैच दिन-रात का होगा और 28 अप्रैल को खेला जाएगा। अन्य मुकाबले बाद 30 अप्रैल (दिन-रात्रि), 2 मई, 6 मई और 9 मई (दिन-रात्रि) को खेले जाएंगे। सभी मैच सिलहट में खेले जाएंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच पांच मैचों की सीरीज दोनों टीमों के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 की बेहतरीन तैयारी होगी। यह टूनामेंट सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के लिए यह बड़े टूर्नामेंट से पहले की परिस्थितियों को अपनाने का शानदार मौका होगा। भारतीय टीम 23 अप्रैल को बांग्लादेश पहुंचेगी। उनके पास सीरीज की तैयारी के लिए अच्छा समय होगा। यह अभी पता नहीं है कि टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में कौन होगा। उम्मीद है कि ढढछ 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कुछ खिलाड़ियों को सीरीज में मौका मिल सकता है। यह पिछले दो सालों में भारत की महिलाओं का बांग्लादेश का दूसरा दौरा है और कुल मिलाकर तीसरा दौरा है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी और वनडे में ट्रॉफी शेयर की और सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। भारत के पिछले बांग्लादेश दौरे में काफी ड्रामा हुआ था। खराब अंपायरिंग ने भारत की महिलाओं को हार का सामना करना पड़ा और कप्तान हरमनप्रीत कौर अंपायरों से खुश नहीं थीं। हरमनप्रीत कौर ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि जब भी वे अगली बार दौरा करें तो उन्हें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि वह इसके लिए तैयार रहेंगी।



**श्रृंखला के कार्यक्रम इस प्रकार है**

- 28 अप्रैल - पहला टी20 मैच (दिन-रात)
- 30 अप्रैल - दूसरा टी20 मैच (दिन-रात)
- 2 मई - तीसरा टी20 मैच (दिन)
- 6 मई - चौथा टी20 मैच (दिन)
- 24 मई - 5वां टी20 मैच (दिन-रात)

## पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला के न्यूजीलैंड टीम घोषित

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के आइपीएल में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवान कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे। उन्होंने दो साल पहले ही अपना पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने इस प्रारूप में अभी तक केवल 16 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## कंट्री क्रिकेट क्लब टेनिस चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** कंट्री क्रिकेट क्लब टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन बुधवार को किया गया। प्रतियोगिता के विजेता अंडर 10 बलिका वर्ग में रनर अप-अलभ्य, विजेता-अंकिता, अंडर 10 बालक वर्ग रनर अप-अभिज्ञान, विजेता- अंकुर, अंडर 12 बलिका वर्ग रनर अप-शरण्या, विजेता-विजेता अंडर 12 बालक वर्ग रनर अप- अंकुर, विजेता- समय रहें। इस टूनामेंट का आयोजन कंट्री क्रिकेट क्लब के मुख्य टेनिस कोच सुरेंदर कुमार (काका) के देखरेख में संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजीव रंजन (खेल समिति सीसीसी), डॉ सुंदरम, अखौरी विश्वप्रिय और डॉ बीरेंद्र के द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरूआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

## वुहान ओपन का आयोजन 7 से 13 अक्टूबर तक

एजेसी

**वुहान।** दुनिया भर के 10 डब्ल्यूटीए1000 टूर्नामेंटों में से एक, वुहान ओपन का आयोजन 7 से 13 अक्टूबर तक ऑप्टिक्स वैली इंटरनेशनल टेनिस सेंटर में किया जाएगा। 2019 के बाद पहली बार टूर्नामेंट वुहान में लौट रहा है, आयोजकों ने बुधवार को उक्त जानकारी दी कहा। वैली इंटरनेशनल टेनिस सेंटर में 13,000 से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है। ऑक्टागन टेनिस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉर्ज साल्केल्ड ने एक बयान में कहा, वुहान में डब्ल्यूटीए1000 टूर्नामेंट की वापसी की घोषणा करते हुए और एशिया के सबसे जीवंत शहरों में से एक में विशिष्ट टेनिस प्रतियोगिता के रोमांच को फिर से बहाल करते हुए हमें खुशी हो रही है। साल्केल्ड ने कहा, यह प्रीमियम इवेंट न केवल डब्ल्यूटीए एथलीटों की उल्लेखनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए वुहान की स्थायी प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। हुबेई की प्रांतीय राजधानी के रूप में, चीन के दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ली ना और वर्तमान शीर्ष खिलाड़ी झेंग किनवेन के गृह प्रांत, वुहान ने पिछले दो दशकों में टेनिस की लोकप्रियता में तेजी से वृद्धि देखी है। डब्ल्यूटीए के अध्यक्ष और सीइओ स्टीव साइमन ने कहा, वुहान ओपन ने 2014 में उद्घाटन समारोह के बाद से कई प्रतिष्ठित चैंपियनों को ताज पहनाया है, जिसमें वीनस विलियम्स, पेट्रा क्वितोवा और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका शामिल हैं। अब हम 2024 में टूर्नामेंट के इतिहास का एक और अध्याय लिखने के लिए उत्साहित हैं।




## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 192 रनों से हराया

एजेंसी

**चटगांव।** श्रीलंका के गेंदबाज लाहिरू कुमारा के चार विकेट और कामिंदु मेंडिस के तीन विकेटों की बदौलत दूसरे टेस्ट मैच में बंगलादेश को 192 रनों से करारी हरा दी। जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन बांग्लादेश ने सात विकेट पर 268 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 50 रन जोड़कर मेजबान टीम ने अपने आखिरी तीन विकेट गवां दिये। कामिंदु मेंडिस ने तैजुल इस्लाम 14 रन को आउट कर बांग्लादेश को आठवां झटका दिया। उसके लाहिरू ने हसन महमूद छह रन और खालिद अहमद दो को आउट कर बांग्लादेश की पारी को 318 रन पर समेट दिया। मेहदी हसन मिराज ने बांग्लादेश के लिये दूसरे पारी में सबसे अधिक नाबाद 81 रनों की पारी खेली।



**श्रीलंका ने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पाकिस्तान को पछाड़ा:** चटगांव : श्रृंखला की जीत ने श्रीलंका को पाकिस्तान से आगे निकलने और 50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ अपडेटिड डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत (प्रथम), ऑस्ट्रेलिया (दूसरे) और न्यूजीलैंड (तीसरे) की टीमें श्रीलंका से आगे रहीं हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश दक्षिण अफ्रीका के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गया।

## बंगाल क्रिकेट संघ जून में आयोजित करेगा प्रो टी-20 टूर्नामेंट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने इस वर्ष जून में महिला और पूरुष वर्गो के बंगाल प्रो टी-20 टूनार्मेंट आयोजित करने की घोषणा की है। कैब के अध्यक्ष स्नेहशीष गांगुली ने कोलकाता में पत्रकार वार्ता में इन लीगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूनार्मेंट आठ टीमों के बीच 21 दिन के भीतर जून में आयोजित होगा जिसमें पुरुष और महिलाओं के मैच होंगे।

## एमओसी ने मुक्केबाजों के तुर्की में प्रशिक्षण के प्रस्तावों को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाइएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 129वीं बैठक के दौरान पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले मुक्केबाजों के तुर्की में प्रशिक्षण के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमवाइएएस, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) फंडिंग के तहत भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन, प्रीति पवार, परवीन हुडा और लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ दो कोचों और एक फिजियो को तुर्की में विशेष विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। मुक्केबाजों के अलावा, एमओसी ने पांच टॉप्स पहलवानों के लिए विदेशी प्रशिक्षण शिविरों को भी मंजूरी दे दी, जो आगामी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले प्रशिक्षण के लिए अपने सम्मानित साथी, कोच (रवि के लिए) और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ रूस जाएंगे। इस बीच भारतीय निशानेबाज भवानीश मेंदीरत्ता आइएसएसएफ विश्व कप, बाकू की तैयारी के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए इटली जाएंगे। मंत्रालय, अपनी टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत फंडिंग से उनके हवाई किराया, आवास और भोजन की लागत, वीजा लागत, कोचिंग शुल्क (भोवनीश के लिए) सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा।



## रोशन थापा ने जीता सिल्वर

**रांची।** चतुर्थ सीनियर मेंस नेशनल योगासन प्रतियोगिता मे झारखंड के रोशन थापा ने सीनियर बी ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता एवं जगदीश सिंह ने ऑल इंडिया लेवल पर 16वां स्थान प्राप्त किया। अन्य खिलाड़ियो ने दमदार प्रदर्शन करते हुये अंडर 10 में अपना नाम दर्ज कराया। रांची लौटने पर टीम का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वगात हुआ। इसमें योगासन स्पॉट एसोसिएशन आफ झारखंड की पूजा सिंह शामिल थी। मालूम हो की चतुर्थ फेडरेशन नेशनल योगासन प्रतियोगिता पीएसएनए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डिंडीगुल, तमिलनाडु मे 29 से 31 मार्च तक आयोजित थी। टीम 9 खिलाड़ियों के साथए कोच घनश्याम यादव ने उक्त प्रतियोगिता मे भाग लिया था।

## सूर्यकुमार कुमार की वापसी का राह खुला

**नयी दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लगभग सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिये हैं और वह सत्र का अपना पहला आइपीएल मैच खेलने के करीब हैं। सूर्यकुमार की टखने में ग्रेड दो चोट के लिए और स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी। उन्होंने पिछला प्रतिस्पर्धी मुकाबला दक्षिण अफ्रीका में टी20 श्रृंखला में खेला था।बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि सूर्या ने एक नियमित परीक्षण को छोड़कर बाकी सभी परीक्षण पास कर लिए हैं जो एनसीए से आरटीपी (खेलने के लिए वापसी) प्रमाण पत्र पाने के लिए अनिवार्य हैं। गुरुवार को एक और परीक्षण होना बाकी है जिसके बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।

# चिराग पासवान को झटका, लोजपा के कई नेताओं ने दे दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) के कई नोताओं ने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। लोजपा-रामविलास के प्रदेश संगठन सचिव ई. रविंद्र सिंह, पूर्व मंत्री, पूर्व लोकसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, मुख्य विस्तारक अजय कुशवाहा समेत कई नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान पर लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट बेचने का आरोप भी लगाया और कहा कि जब उनके परिवार से लेकर पार्टी और सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपका साथ छोड़ दिया था, तब हम लोगों जैसे सैकड़ों कार्यकताओं ने खून-पसीने से इस पार्टी को सींचा। हमने चिराग पासवान के विजन पर भरोसा कर दिन-रात अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम किया।

नेताओं ने कहा कि पार्टी के हजारों कार्यकताओं की ही मेहनत का फल था कि राजग को सीटों के तालमेल के तहत लोजपा (आर) को पांच लोकसभा सीट देने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन, टिकट वितरण में जिस तरह से पार्टी के कार्यकताओं की भावनाओं, उनकी मेहनत को रौंद दिया गया, वह हतप्रभ कर देने वाला है। पार्टी के किसी कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। 12 जून 2021 को हमारी पार्टी को तोड़ने में सबसे अहम भूमिका सांसद वीणा देवी ने निभायी थी। सर्वज्ञात है कि श्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में जिन पांच सांसदों ने पार्टी को तोड़ा था, उनकी सारी बैठक श्रीमती वीणा देवी के आवास



पर होती थी। ई. रविंद्र सिंह ने कहा कि श्रीमती वीणा देवी ने 12 जून 2021 को पार्टी में टूट के बाद चिराग पासवान के ही खिलाफ कैसी आपत्तिजनक बयानबाजी की थी। वे तब कह रही थी कि चिराग पासवान ने विधानसभा चुनाव में टिकट बेचा था। सांसद वीणा देवी ने श्री रामविलास पासवान के निधन को लेकर भी काफी अमर्यादित टिप्पणियां की थी। लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे के दो दिन पहले तक चिराग खुद कह रहे थे कि गद्दारों को टिकट नहीं दिया जायेगा लेकिन उन्होंने ही न सिर्फ वीणा देवी को पार्टी का टिकट दिया बल्कि मीडिया में आकर उन्हें टिकट से पुरस्कृत करने को सही फैसला बताया।

श्री पासवान के इस निर्णय ने हमलोगों को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर और खगड़िया में भी पार्टी के कार्यकताओं की भावनाओं को रौंद दिया गया। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी की बेटी सुश्री सांभवी चौधरी लोजपा (रामविलास) की प्राथमिक सदस्य भी नहीं हैं। उनके पिता लगातार पिछले चार साल से आपके खिलाफ निचले स्तर की बयानबाजी करते आये हैं। इन तमाम बातों को दरकिनार कर श्रीमती शांभवी चौधरी को समस्तीपुर से पार्टी का टिकट दे दिया गया।खगड़िया से पार्टी का टिकट देने में भी ऐसा ही किया गया। राजेश वर्मा किसी दौर में लोजपा (रा) के भागलपुर जिलाध्यक्ष हुआ करते थे, लेकिन जब उनसे पार्टी का काम करने को कहा गया तो उन्होंने पद छोड़ दिया था। ऐसे व्यक्ति को खगड़िया से लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया गया। पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा ने कहा कि आज पूरे बिहार में चर्चा आम है कि लोजपा (रामविलास) ने सारे लोकसभा टिकट बेच दिये हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि वैशाली लोकसभा सीट पर 40 करोड़ रुपए लेकर श्रीमती वीणा देवी को टिकट दिया गया है। वहीं, खगडिया में 23 करोड़ रुपए लेकर राजेश वर्मा को टिकट दिया गया है। समस्तीपुर में 20 करोड़ रुपए लेकर टिकट बेचे जाने की चर्चा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्रेंड चल रहा है- पैसा फर्स्ट-परिवार फर्स्ट। ऐसे तमाम मुद्दों पर हो रही पार्टी की भारी फजीहत के बाद पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री श्री रवींद्र कुमार सिंह ने दो दिन पहले ही आपको पत्र लिखा था। उसमें चिराग पासवान से दिशा निर्देश मांगा गया था कि कैसे क्षुब्ध और आक्रोशित कार्यकताओं के साथ साथ आम लोगों को जवाब दिया जाये। लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। ऐसी स्थिति में हमलोगों का मानना है कि लोजपा (रामविलास) में वही व्यक्ति रह सकता है, जिसके पास पैसा हो और उस पैसे के दम पर टिकट खरीदने की क्षमता हो। इसलिए हमलोग लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

**खबर एक नजर में**

## पूंछ कटा हुआ सियार हैं लालू यादव, एनडीए को परिवारवादी बताने पर मांझी का तंज

एजेंसी

**पटना।** देश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए अब कुछ ही दिन बचे हैं, ऐसे में पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर निशाना साधने और जनता को अपनी ओर करने की कोशिश में लगे हैं। इस बीच हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने लालू यादव पर करारा हमला बोला है, उन्होंने लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि लालू यादव पूछ कटा हुआ सियार हैं। मांझी यहीं नहीं रूके, उन्होंने ये भी कहा कि चोर खुद शोर मचा रहा है। गया में बुधवार को जीतन राम मांझी ने ये बयान राजद के जरिए अपने एक्स हैंडल पर एनडीए के परिवारवाद की लिस्ट जारी करने के जवाब में दिया है, उन्होंने एक कहानी सुनाते हुए कहा कहा कि एक बार जंगल में एक सियार की किसी कारण से पूछ कट गई. पूछ तो बहुत महत्वपूर्ण चीज होती है, लेकिन जब वो अपनी जमात में गया तो सियार सोच में पड़ गया कि वो क्या बोलेगा। तो सियार ने कहा कि सभी लोग अपनीझअपनी पूछ काट लो यह बहुत खराब होती है, वही बात लालू यादव कर रहे हैं.मांझी ने लालू को परिवारवाद की परिभाषा भी समझाई और बताया कि परिवारवाद किसको कहते हैं। उन्होंने कहा कि जिसमें कोई सलाहियत नहीं हो। कोई जन आनंदोलन, कोई सामाजिक कार्य नहीं किया हो, उसको अपने प्रभाव के बल पर एमपी एमएलए बना देते हैं. उसे परिवारवाद कहते हैं। अगर आंदोलन करके 20-25 साल से राजनीति में कोई रहता है और पद प्राप्त करता है, वैसे लोगों के लिए परिवारवाद की बात नहीं कही जा सकती है। शायद लालू यादव में शिक्षा का अभाव है इसलिए परिवारवाद की परिभाषा इस रूप में देते हैं। मांझी ने प्रशांत किशोर के बिहार बीजेपी नारी मुक्त बयान पर कहा कि महिलाओं को सीट नहीं मिली, यह अलग बात है, लेकिन महिलाओं के लिए जो पीएम नरेंद्र मोदी ने किया है, वह किसी ने भी नहीं किया है। मुस्लिम महिलाओं के लिए ट्रिपल तलाक, नारी समृद्धि के कई योजनाओं को चलाया है। आरक्षण का समर्थन किया है। प्रशांत किशोर अपना उल्लू सीधा करने के लिए ऐसा कहते हैं। नारी और पुरुष सहित सभी जीव के कल्याण के लिए नरेंद्र मोदी ने काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम पर किसी भी तरह अंगुली उठाना सूर्य को दीपक दिखाने के बराबर है।

## तेजस्वी की रैली में लगे पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे

**पूर्णिया।** पूर्णिया लोकसभा सीट से आज (3 अप्रैल) को आरजेडी उम्मीदवार बीमा भारती ने नामांकन दर्ज कराया। इनकी सभा में तेजश्वी यादव भी शामिल हुए और उसी सभा में तेजश्वी यादव के सामने पप्पू यादव के समर्थन में नारेबाजी भी शुरू हो गई। सभा मे उपस्थित युवाओं ने पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। दरअसल, पूर्णिया लोकसभा सीट पर 'इंडिया' गठबंधन की दावेदारी को लेकर अभी भी खींचतान जारी है. इससे बिहार में पूर्णिया सबसे हॉट सीट बन गई है. पूर्णिया की सीट पर आरजेडी ने जेडीयू की बागी बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है, तो इधर कांग्रेस में अपनी पार्टी का विलय करने वाले पप्पू यादव ने कांग्रेस से उम्मीदवारी की ताल ठोक रखी थी। बीमा भारती के नामांकन के साथ ही पप्पू यादव के लिए 'इंडिया' गठबंधन से उम्मीदवारी के रास्ते बंद हो गए। नाराज पप्पू यादव के समर्थकों ने तेजस्वी यादव की सभा मे तेजस्वी यादव के सामने ही पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे लगाए।

## बिना ड्रेस के आए बच्चों को शिक्षक ने विद्यालय से बाहर निकाला



क्लासरूम में बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग 2 में बुधवार को हो रही वार्षिक परीक्षा में विद्यालय में बिना ड्रेस के आए बच्चों को सहायक अध्यापक और एक शिक्षक ने विद्यालय में परीक्षा देने से मना किया गया और छात्रों को घर भेज दिया। घर पहुंचे छात्रों ने अपने पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद छात्र के पिता राजेश कुमार विद्यालय पहुंच कर इस बारे में शिक्षकों से जानकारी ली। शिक्षक रविंद्र पाल ने कहा कि बच्चा एक वर्ष से विद्यालय में बिना ड्रेस के आ रहा है ऐसा क्यों। इस पर छात्र के पिता ने कहा कि अभी तक बच्चा को पोशाक नहीं मिला है और न ही पोशाक के लिए सरकारी पैसा। क्या बच्चा बिना पोशाक के स्कूल में परीक्षा नहीं देगा। शिक्षक ने कहा कि परीक्षा देने दी जाएगी लेकिन ड्रेस ले लीजिए बाजार से। बच्चे के अविवावक ने कहा कि इस दौरान प्रधान शिक्षक मनोज कुजूर ही केवल अपने वर्ग में उपस्थित पाए गये। सहायक अध्यापक शिक्षक कक्ष में आराम फमार्ते रहे। वर्ग एक में बाहर से दरवाजा बंद था, जब दरवाजा खोल कर देखे तो बच्चों को बच्चे ही पढ़ा रहे थे। जब उनसे पूछा तो बोले कि हमलोग आठ क्लास के है हमलोगों को सर भेजें है। इस सम्बन्ध में मुख्य शिक्षक मनोज कुजर ने कहा कि इस वर्ग के शिक्षक अवकाश पर है। बच्चों को कोई शिक्षक विद्यालय से बाहर भेजें तो इस बारे में हमको नहीं पता। बच्चे को इस बात की जानकारी हमें देना चाहिए।

## बालू का अवैध उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर जप्त

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने मंगलवार की रात्रि बालू का अवैध उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि तिलदाग-डुमरिया मुख्य मार्ग पर बालू का अवैध उत्खनन कर तीन ट्रैक्टर से ढुलाई कराये जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि तीनों ट्रैक्टर के मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कटिहार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर ने नामजदगी का भरा पर्चा

**कटिहार।** कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कटिहार लोकसभा सीट से आज अपना नामजदगी का पर्चा भरा। श्री अनवर ने इस मौके पर कहा कि इस बार दो गठबंधन के बीच की लड़ाई है, दो विचारधाराओं की लड़ाई हैं, कोई छिपी हुई बात नहीं हैं। दोनों विचारधारा जनता के सामने हैं और हमें विश्वास हैं कि हमें कटिहार के मतदाताओं का समर्थन जरूर मिलेगा।

## सेल टैक्स अधिकारियों के आने की सूचना पर दुकानें बंद



बंद दुकान

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में सेल टैक्स अधिकारियों के आने की सूचना हो या ड्रग अधिकारियों की आने की अचानक दुकान बंद होने लगते हैं। लोगों को समझ में नहीं आता कि क्या हो रहा है और दुकान क्यों बंद हो रही है।

दस मिनट के अंदर देखते-देखते किराना की दुकान, कपड़े की दुकान या टैक्स चोरी से जुड़ी दुकान सभी बंद हो जाती हैं। बुधवार को भी ऐसा ही हुआ।

## सतडीहा निवासी की दिल्ली में मौत, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सतडीहा निवास 44 वर्षीय बासुदेव सिंह की मृत्यु दिल्ली में हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिल्ली में रहकर ऑटो चलाता था एवं पिछले कई दिनों से तबीयत खराब होने के कारण उसकी मौत हो गयी। वहीं मृतक का शव बुधवार को घर पर पहुंचा, जहां परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक घर का एकमात्र कमाउ सदस्य था एवं उसका एक बेटा व दो बेटी नाबालिक अवस्था में है। वहीं उसके मौत पर प्रखंड सचिव अशोक यादव, माले नेता मुन्ना यादव, समाजसेवी अजय यादव, रामस्वरूप यादव, उप मुखिया उमेश यादव, श्याम सुंदर यादव आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## भाजपा चुनाव नहीं देश के खिलाफ लड़ रही है जंग : दीपंकर

**पटना।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आज कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव नहीं बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को पूरी तरह से खत्म करने के लिए जंग लड़ रही है। श्री भट्टाचार्य ने बुधवार को यहां गेट पब्लिक लाइब्रेरी में भाकपा-माले के राज्यस्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा।

## एसएसबी ने नशीली दवाईयों की तस्करी की कोशिश को किया नाकाम

**सुपौल।** सशस्त्र सीमा बल (एस. एस. बी) ने प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया है। बल के 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बुधवार को यहां बताया कि सूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 200 के क्षेत्र से भारत से नेपाल की तरफ प्रतिबंधित समान की तस्करी होने वाली हैं । सूचना की पुष्टि करने के बाद तस्कर को पकड़ने के लिए एक विशेष नाका दल का गठन किया गया जो चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ।

**पेज एक शेष**

## कल झामुमो प्रत्याशियों की घोषणा संभव

**भजपा में धनबाद-चतरा सीट को ले घमासानः** झारखंड के 14 सीट पर एनडीए ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, पर भाजपा घमासान मचा हुआ है। धनबाद और चतरा सीट पर प्रत्याशियों के विरोध की भी बातें सामने आ रही हैं। ये भी कहा जा रहा है कि इन सीटों पर प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। प्रत्याशी से स्थानीय कार्यकर्ता और नेता खुश नहीं हैं। धनबाद से ढुल्लू महतो को चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद से ही पार्टी के लिए यह गले की हड्डी बनी हुई है। अंदर और बाहर प्रत्याशी पर सवाल उठ रहे हैं। इसी तरह चतरा सीट पर राजधानी यादव की नाराजगी खुलकर सामने आ गयी है। दुमका में टिकट कटने से सुनील सोरेन नाराज चल रहे हैं। हालांकि इन सब के बीच भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का दावा है कि पार्टी के अंदर कोई नाराजगी नहीं है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव के वक्त हर कोई चुनाव लड़ना चाहता है, जिसे टिकट नहीं मिलता वह नाराज होता रहता है। हमारा मकसद साफ है कि जिन्हें चुनाव में टिकट मिला है उनकी जीत कैसे सुनिश्चित की जाये।

## योगेंद्र से इडी की पूछताछ, आज अंबा की पेशी

**एक साल से तैयारी, अब कार्रवाईः** इडी ने साल 2023 में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी मांगी थी। अप्रैल 2023 में हजारीबाग पुलिस ने अंबा प्रसाद के खिलाफ केरेडारी, बड़कागांव और कटकमदाग थाने में दर्ज मामलों की जानकारी दी थी। केरेडारी में कांड संख्या 37/18 में अंबा प्रसाद को आरोपी बनाया गया था। बड़कागांव थाना कांड संख्या 113/21 में अंबा प्रसाद समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। वहीं कटकमदाग थाना कांड 96/21, 217/21 में भी अंबा प्रसाद को आरोपित किया गया था। वहीं योगेन्द्र साव ने साल 2023 में खासमहल की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था। तत्कालीन सीओ शशिभूषण सिंह ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज करायी थी। खासमहल जमीन पर कब्जे से जुड़ा मामला भी इडी के ईसीआईआर का हिस्सा है।

## मतदान केंद्रों से संबद्ध रहेंगी मेडिकल टीम

**मेडिकल किट के तैनात रहेंगे स्वास्थ्यकर्मी : सीइओः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन को लेकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लगे पोलिंग पार्टी, चुनाव कर्मी, सुरक्षाकर्मी, मतदान के दिन आये मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखी जानी हैं। इसके लिए मतदान केंद्र भवन में मेडिकल किट के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। स्थानीय सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती रहेगी। साथ ही गैर सरकारी अस्पतालों एवं राज्य के बाहर के उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों को भी चिन्हित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान भवन में स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती से मतदान कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मी के साथ-साथ यहां आने वालें मतदाताओं का इलाज एवं जरूरतमंदों को आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति, एम्बुलेंस, एयर एम्बुलेंस, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती जैसे स्वास्थ्य से संबंधित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की।

**इसीआइ के गाईडलाइंस की दी जानकारी :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने पीपीटी के माध्यम से सभी जिलों के सिविल सर्जनों को भारत निर्वाचन आयोग के पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कीट संबंधी गाइडलाइंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एयर एम्बुलेंस, एम्बुलेंस आकस्मिक सुविधा आदि विषयों पर जानकारी देते हुए सजग रहने की बातें कही। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। मतदान के दिन डयूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी पोस्टल वैलेट से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पदाधिकारी एवं चिकित्सक मतदाता जागरूकता में सहयोग करें। उन्होंने विशेषकर चिकित्सकों से अपील किया कि अपने यहां आने वाले मरीजों के पर्चे में वहाँ के मतदान दिवस की तिथि एवं मतदान करने संबंधित स्टाम्प लगाकर अपील करें, ताकि सभी मतदाता मतदान के प्रति सजग हो सकें।

## आर्म्स एक्ट मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कांडी।** थाना क्षेत्र से आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। मिली प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार होली के दिन कार्यक्रम में अभियुक्त के द्वारा फायर किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के द्वारा अभियुक्त के खिलाफ छापेमारी की गई। छापेमारी में थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी मनदीप राम के लगभग 54 वर्षीय पुत्र राजेश्वर राम को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना कांड सं- 32/2024 के तहत सुसंगत धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त राजेश्वर राम को गिरफ्तार कर उचित अभिरक्षा में माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

# सुशील मोदी के स्वास्थ को लेकर भावुक हुए लालू, कहा- 'भाई...दुखी हूं'





एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को एक्स पर ट्वीट कर कैंसर होने की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार नहीं कर पाएंगे। वहीं, इस सूचना के बाद राजनीतिक दिग्गजों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। इस पर आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने भी एक्स पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि 'भाई सुशील मोदी की स्वास्थ्य संबंधित खबर सुन हैरान और दुखी हूं' लालू यादव ने एक्स पर लिखा कि 'भाई सुशील मोदी की स्वास्थ्य संबंधित खबर सुन हैरान और दुखी हूं। 50 वर्षों से उन्हें जानता हूं वो जुझारू और संघर्षशील प्रवृति के धनी है। परमपिता से उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामना करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वो शीघ्र स्वस्थ होकर सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा में सक्रिय हों ताकि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का सबको फायदा मिलते रहे। बता दें कि सुशील मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि 'मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा। मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सब कुछ बता दिया है। मैं देश, बिहार और पार्टी के प्रति सदैव आभारी और समर्पित रहूंगा।

### सुशील कुमार मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी इस बार के लोकसभा चुनाव में मदद के नाम पर कुछ नहीं कर पाएंगे। वे पिछले छह महीने से कैंसर से पीड़ित हैं। बुधवार (03 अप्रैल) को खुद सुशील मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सुशील कुमार मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। पीएम को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित। बता दें कि सुशील कुमार मोदी बिहार के उपमुख्यमंत्री के अलावा राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। हालांकि इस साल उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा गया। इसके अलावा भी वह पार्टी में कई पदों पर रह चुके हैं। 33 साल के सार्वजनिक जीवन में राज्यसभा, लोकसभा, विधान परिषद और विधान सभा सहित सभी चार सदनों के सदस्य रह चुके हैं। पांच साल तक विधान परिषद में भी नेता-प्रतिपक्ष का दायित्व निभाया। सुशील कुमार मोदी बिहार में उपमुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्री भी रहे हैं। वित्त मंत्री रहते उन्हें राज्यों के वित्त मंत्रियों की प्राधिकृत समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। जेपी आंदोलन में सक्रियता और आपातकाल में 19 महीने की जेल काटने के बाद जब मुख्यधारा की राजनीति में आए तब लगातार 15 साल विधायक रहे। 9 साल विधान परिषद के सदस्य रहे। लोकसभा में भागलपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। राज्य सभा सदस्य बनने पर सदन की विधि एवं न्याय समिति के अध्यक्ष रहे। सुशील कुमार मोदी ने अपने पोस्ट में साफ लिखा है कि वह छह महीने से कैंसर से पीड़ित हैं लेकिन अब उन्होंने लोगों को अपनी बीमारी के बारे में जानकारी दी है। वजह साफ है कि लोकसभा का चुनाव है और बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं तो पार्टी के लिए चुनाव प्रचार या अन्य कार्यक्रम में उन्हें जाना पड़ता। ऐसे में उन्होंने लिखा कि अब बताने का समय आ गया है।

# सरकारी दवाएं फेंके जाने के 19 दिन बाद भी सुराग के नाम पर विभाग व प्रशासन का हाथ खाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** काफी बड़े पैमाने पर कामयाब सरकारी दवाएं फेंके जाने के 19 दिन बाद भी सुराग के नाम पर विभाग व प्रशासन के हाथ खाली हैं। आखिर लाखों रुपए की दवाएं किस सेंटर या स्टोर में उपलब्ध थीं। जिसे इस बेदर्दी से फेंक दिया गया। यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं है। जांच के नाम पर बड़ा सा शून्य के अलावे कहीं कुछ नहीं है। इस दिशा में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का निर्देश भी बेअसर हो चुका है। कांडी प्रखंड अंतर्गत सतबहिनी गेट से राजा घटहुआं गांव के रास्ते में 16 मार्च की सुबह एक ट्रैक्टर से अधिक दवाएं गड्ढे में फेंकी हुई पाई गईं थीं। इनमें कीड़ा की दवा एल्बेंडाजोल व आयरन की गोली फोलिक एसिड शामिल थीं। इनमें 75 - 80 फीसदी दवाएं कामयाब थीं। जिनकी एक्सपायरी नवंबर 2024 से लेकर 2026 तक थी। मात्र 20 - 25 फीसदी एक्सपायर दवाएं थीं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मौके पर पहुंच स्थानीय मीडिया ने फेंकी हुई दवाओं के विषय में कांडी थाना को सूचना देकर उसे बरामद कराया। थाना




सरकारी दवाएं

प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दवाएं जब्त कर ट्रैक्टर व अपनी गाड़ी पर लोड कर थाना ले गए। इस गंभीर मामले की दैनिक अखबार ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को जानकारी दी। उन्होंने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला के डीसी को कमेटी गठित कर जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार व एलआरडीसी रवीश राज ने थाना जाकर दवाओं की जांच की। डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर थाना कांड संख्या 26/24 के तहत एफआईआर किया गया। उसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसकी अब कहीं चर्चा तक नहीं हो रही। जैसे लाखों रुपए की दवाएं फेंक दिया जाना कोई घटना ही न हो। विभाग ने इसकी भी तहकीकात नहीं की कि किस तारीख को अमुक हेल्थ सेंटर या बीआरसी को कितनी दवाएं दी गई थीं। और वहां से किसको कितना वितरण किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने कहा कि मामले को लेकर एफआईआर कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई पुलिस को करनी है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने कहा कि इस गंभीर मामले को उन्होंने अपने प्रभार में लिया है। लेकिन चुनाव के चलते कार्य व्यस्तता के कारण अग्रेतर कार्रवाई का समय नहीं मिल पा रहा है। इसमें जांच व कार्रवाई की जाएगी।

स्पीड न्यूज

## फिल्म मैदान का ट्रेलर हुआ रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म ह्यमैदानह्न का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म मैदान के एक नए पोस्टर के साथ ट्रेलर रिलीज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- दिल एक, समाज एक, सोच एक। देखिए एस. ए. रहीम और उनकी टीम इंडिया की अनकही कहानी।

## उ. कोरिया ने ह्वासोंगफो 16बी का किया परीक्षण

प्योंगयांग । उत्तर कोरिया ने मध्यवर्ती दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने नव-विकसित हाइपरसोनिक और ग्लाइडिंग वारहेड से भरी हुई मध्यवर्ती दूरी की ठोस ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइल (जिसे ह्वासोंगफो-16बी कहा जाता है) का मंगलवार को प्रक्षेपण किया। इस परीक्षण से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

## धार भोजशाला में सर्वे 13वें दिन जारी

धार। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में एएसआइ का सर्वे बुधवार को 13वें दिन भी हुआ। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की 25 सदस्यीय सर्वे टीम ने सुबह करीब आठ बजे मजदूरों के साथ भोजशाला परिसर में प्रवेश किया और वैज्ञानिक पद्धति से सर्वे शुरू किया। टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी भोजशाला पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

## पूरी तरह स्वस्थ हैं केजरीवाल : प्रशासन

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी की ओर से किए गए दावे के बाद तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सभी स्वास्थ्य मानक दुरुस्त हैं। उनका वजन भी 65 किलोग्राम बरकरार है। आतिशी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को जब से गिरफ्तार किया गया है तब से उनका स्वास्थ्य और वजन लगातार गिर रहा है। उनका वजन 4.5 किलोग्राम गिर चुका है। भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल में रखकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## संजय निरुपम होंगे कांग्रेस से निष्कासित

नयी दिल्ली । लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस ने पार्टी के बागी नेता संजय निरुपम को पार्टी से निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित किया है। फैसला दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को लेना है। संजय को कांग्रेस ने स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट से भी हटा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हमने संजय निरुपम को स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है।

## आप सांसद संजय सिंह जेल से हुए रिहा

नयी दिल्ली। दिल्ली शैराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में आरोपी आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर विशेष अदालत के बुधवार को कई शर्तों के साथ जेल से रिहा करने का आदेश दिया। इसके बाद उन्हें करीब छह माह बाद तिहाड़ जेल से हुए रिहा।

# खड़गे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरूआत

एजेंसी

**मुख्य बातें**
- पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे कार्यकर्ता
- गारंटी कार्ड को आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचाना लक्ष्य
- कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के घर-घर गारंटी अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य इस कार्ड को आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा। उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लोगों को नहीं मिली, लेकिन कांग्रेस जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी का उल्लेख किया। खड़गे ने कहा कि गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या-क्या काम करेंगे। हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है। कांग्रेस ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्जमाफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया गया है। श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है।

# बॉक्सर विजेंद्र सिंह भाजपा में शामिल



**नयी दिल्ली।** बॉक्सर विजेन्द्र सिंह कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विजेन्द्र सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा की नीतियों से प्रभावित हो कर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान विदेशों में बढ़ा है। जब से मोदी सरकार देश में आई तब से देश के खिलाड़ियों का मान बढ़ा है। उनका मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह उनकी राजनीतिक घर वापसी है।

# बूथ जीतने के लिए अनुभवी कार्यकर्ताओं से लें सलाह

प्रधानमंत्री ने उप्र व बंगाल के कार्यकर्ताओं से किया संवाद, महिलाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर दिया जोर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से बुधवार को उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के भाजपा के कार्यकताओं के साथ बातचीत की और आगामी लोकसभा चुनावों से पहले दोनों राज्यों में अपने सुशासन के एजेंडे के प्रभावी प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रणनीति बनाने और बूथ जीतने के लिए अनुभवी कार्यकर्ताओं से सलाह लें। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नमो ऐप के माध्यम से उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण लोकसभा-विधानसभा के हर चुनाव में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गांरटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान के दौरान संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ आचरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं से मतदाताओं को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं से अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया।

**कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से लोकसभा-विधानसभा के हर चुनाव में बन रहे हैं नये रिकॉर्ड**

**उप्र का मोह बहुत पहले भंग हो चुका है चाचा-भतीजा से**

प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से उप्र का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य के साथ उत्तर प्रदेश के निवासियों के भावनात्मक जुड़ाव पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं।



## नड्डा ने उज्जैन में भगवान महाकाल में की पूजा

**उज्जैन। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार सुबह उज्जैन पहुंचकर ज्योर्तिलिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। नड्डा के साथ उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद रहे। भगवान महाकालेश्वर के दर्शन बाद नड्डा परिसर स्थित महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनीत गिरी से आशीर्वाद लिया।**

# इंडी गठबंधन में भ्रष्टाचार करने वाले हुए इकट्ठा : शाह

एजेंसी

- वे अपने परिवार के लोगों को बनाना चाहते हैं मंत्री और मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचारियों को भेज रहे हैं जेल



**मेरठ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी ने गरीब, किसानों के उत्थान के लिए ढेरों काम किए हैं।

इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि इस गठबंधन में भ्रष्टाचार करने वाले लोग इकट्ठा हो गए हैं। वे अपने परिवार के लोगों को मंत्री-मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं जबकि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारियों को जेल भेज रहे हैं। जिले के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर में बुधवार को मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजीव बालियान के समर्थन में केंद्रीय मंत्री शाह और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जनसभा की। शाह ने कहा कि इस भूमि से चौधरी चरण सिंह ने किसानों की आवाज बुलंद की थी। मोदी ने गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर ढेर सारे बदलाव किए। कांग्रेस की सरकार में गन्ने की एमआरपी 210 रुपये प्रति कुंटल थी,जबकि भाजपा सरकार में 340 रुपये कुंटल गन्ना मूल्य है। भाजपा सरकार ने किसानों को दो लाख 50 हजार करोड़ रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। बसपा के शासन में 19 चीनी मिलें बंद हुई, सपा शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुईं। भाजपा के शासन में 20 चीनी मिलें शुरू की गई और पांच नई चीनी मिलें बनाई गई। एथेनॉल की पॉलिसी बनाकर पेट्रोल में मिलाया जा रहा है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता 50 साल से अनुच्छेद 370 को संभाल कर बैठे थे, जबकि मोदी ने इसे समाप्त करके कश्मीर को भारत से जोड़ा। मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया है। सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।

## स्मृति ईरानी बनीं अमेठी की मतदाता



अमेठी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से किया हुआ एक और वादा पूरा कर दिखाया है। अमेठी से पारिवारिक रिश्ता जोड़ने वाली स्मृति ईरानी अब अमेठी जनपद से मतदाता भी बन गई हैं। अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज तहसील एवं ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत मेदन मवई गांव में अपना आवास बनाने के बाद उन्होंने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया। जिसके बाद उन्हें मेदन मवई गांव में मतदाता बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति अमेठी को अपना परिवार मानती हैं।

**आज वायनाड में करेंगी रोड शो :** राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड में नामांकन किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उन्हें शिकस्त देने के लिए गुरुवार को रोड शो करेंगी और बीजेपी प्रत्याशी के सुरेंद्रन के नामांकन में भी शामिल होंगी। अमेठी में राहुल गांधी को शिकस्त दे चुकीं स्मृति ईरानी दावा कर रही हैं कि इस बार उनकी पार्टी का प्रत्याशी राहुल गांधी को जरूर हराएगा।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से नौ की मौत, 821 घायल

रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7.3 मापी गयी, सुनामी की चेतावनी

एजेंसी



**ताइपे।** ताइवान में बुधवार को आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 821 अन्य लोग घायल हो गए। ताइवानी प्रसारक सानलिह ने अग्निशमन विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। केंद्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक वू चिएन-फू ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गयी। पिछले 25 सालों में अब तक के सबसे शक्तिशाली भूकंप के कारण कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और सुनामी की चेतावनी दी गई। प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के चेतावनी केंद्र ने भूकंप के तुरंत बाद सुनामी के लिए रेड अलर्ट जारी किया। बाद में इसने सुनामी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। इससे पूर्व 21 सितंबर, 1999 को आए घातक भूकंप के बाद से यह 25 वर्षों में द्वीप पर आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। हुलिएन में अधिकारियों ने कार्यालयों और स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में करोड़ों की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** इडी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी अलका अरोड़ा समेत अन्य की 8.80 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया है। इडी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी श्रीमती अलका अरोड़ा, मैसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल अग्रवाल और मैसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से संबंधित कुल 8.80 करोड़ रुपये कीमत की विभिन्न चल-अचल संपतियों को जब्त किया।

# यूपी की 80 सीटों पर जीत के लिए भाजपा का प्लान तैयार

एजेंसी

**महासमर**
- बूथ अध्यक्ष 370 प्लस से रचेंगे विजय का इतिहास
- पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर 370 अधिक वोट प्राप्त करने का किया तय किया लक्ष्य



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। उम्मीदवारों की घोषणा भी लगभग पूरी हो चुकी है। सभी राजनैतिक पार्टियों के नेताओं ने धुंआधार प्रचार भी शुरू कर दिया है। जनता के बीच अपनी बातों को पहुंचाने के लिए राजनीतिक दल प्रत्यक्ष जन सम्पर्क, चुनावी सभाओं के साथ मीडिया एवं सोशल मीडिया का भी सहारा ले रहे हैं। भाजपा प्रत्येक बूथ पर 370 प्लस वोट बढ़ाकर विजय का कीर्तिमान बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस लक्ष्य की पूर्ति और उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित कराने के लिए भाजपा ने बाकायदा सिटिंग प्लान तैयार किया है। बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में सिटिंग प्लान के तहत प्रत्येक कुर्सी पर अंकित बूथ नंबर पर संबंधित बूथ के अध्यक्ष को बैठाकर उसे यह अहसास कराया जाता है कि इस बूथ को जीतने की जिम्मेदारी उन पर है। सिटिंग प्लान के तहत प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बूथ अध्यक्षों को बूथ से जोड़ने का यह अभिनव प्रयोग भाजपा ने पहली बार शुरू किया है।

प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे ने बताया कि पार्टी की रणनीति बूथ केंद्रित है। इसलिए भाजपा ने सिटिंग प्लान का नया प्रयोग किया है। पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर 370 अधिक वोट प्राप्त करने का जो लक्ष्य तय किया है, वह हासिल करेगी। बूथ की मजबूत संरचना ही भाजपा की मजबूती का आधार है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल के निर्देश पर बूथ समितियों की नियमित टिफिन बैठकें भी भाजपा ने प्रारम्भ कर दी गई हैं। धर्मपाल ने हाल ही में काशी में बूथ अध्यक्षों पर पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया। उनकी इस पहल का प्रयोग अब अन्य जिलों में भी हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नमो ऐप के माध्यम से होने वाली नामो रैली को संबोधित करेंगे। नमो रैली में बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रभारियों को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कुछ बूथ अध्यक्षों से टेलीफोन से वार्ता कर उनका मनोबल बढ़ाएंगे।

## महाराष्ट्र में आग से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**छत्रपति।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़ा दुकान में बुधवार को तड़के भयानक आग लगने से ऊपरी मंजिल पर रह रहे एक ही परिवार के सात सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह घटना बुधवार को तड़के तीन बजे हुई, जिसमें तीन महिलाओं, दो पुरुषों और दो बच्चों सहित सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सभी शवों को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस फायर ब्रिगेड और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। दुर्भाग्य से उस समय तक सात लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है और विशेषज्ञ टीम की जांच के बाद इसका पता लगाया जाएगा।


VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!